WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024 वर्ष-13 अंक- 142 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इस साल भीषण गर्मी पड़ी तो बरसात भी अपने पूरे शबाब पर है। भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। इसी के साथ जलजनित रोगों ने भी पांव पसारना शुरू कर दिया है। ऊपर से दूब्बर को दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए खतरनाक वायरस जींका ने भी भारत में दस्तक दे दी है। जिसे लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी है। जींका वायरस की उत्पत्ति युगांडा में हुई है जो झींगा लाला.. हू..हू करते हुए भारत आ धमका है और धमका रहा है कि- बच के रहना रे बाबा.. बच के रहना रे...।

रायपुर में हिट एंड रन केस, 3 महीने की बच्ची और मां की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया। जिससे 3 महीने की बच्ची और मां की मौत हो गई है। पिता गंभीर रूप से घायल है। जिसका रायपुर में इलाज चल रहा है। मामला धरसीवां थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 9 जुलाई को रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर यह हादसा हुआ है। अभनपुर निवासी परिवार बाइक से बेमेतरा की ओर जा रहा था। तभी तरपोंगी के पास कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक कुछ दूर जाकर रुका, लेकिन घायलों की गंभीर हालत देखकर भाग गया।

चार देशों के राजदूतों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे

नई दिल्ली, (वार्ता)। चार देशों दक्षिण सूडान, जिम्बाब्वे, स्पेन और अर्जेंटीना के राजदूतों ने बृहस्पतिवार को अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष प्रस्तुत किये। इन राजदूतों ने राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक कार्यक्रम में अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को प्रदान किये। राष्ट्रपति को अपने दस्तावेज सौंपने वालों में दक्षिण सूडान के राजदूत लुमुम्बा मैकलेले न्याजोक, जिम्बाब्वे की राजदूत सुश्री स्टेला नकोमो, स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल और अर्जेंटीना गणराज्य के राजदूत मारियानो अगस्टिन काउसिनो शामिल हैं।

बस और टैंकर की टक्कर में सात घायल

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में गुरुवार को एक यात्री बस और पेट्रोल से भरे टैंकर की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक टक्कर के बाद टैंकर में आग लग गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। यह हादसा इंदागांव और कोयबा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी मुख्य मार्ग पर हुआ। हादसे में दोनों वाहनों के चालक सहित सात लोग घायल हुए हैं।

जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खुलेगा 14 को

भुवनेश्वर, (वार्ता)। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने गुरुवार को कहा कि 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 14 जुलाई को खुलने की संभावना है। हरिचंदन ने संवाददाताओं से कहा कि मंदिर प्रबंध समिति ने मंदिर के रत्न भंडार को 14 जुलाई को खोलने के लिए ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंदिर प्रबंध समिति ने बुधवार को पुरी में बैठक की और उच्च स्तरीय समिति द्वारा सुझाए गए कुछ एसओपी में मामूली बदलाव करने के बाद न्यायमूर्ति रथ समिति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रबंध समिति ने राज्य सरकार को प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी भेजकर 14 जुलाई को रत्न भंडार खोलने के लिए आवश्यक आदेश जारी करने का अनुरोध किया था।

आईएएस अधिकारी बनें बदलाव के उत्प्रेरक एजेंट : मोदी

आईएएस 2022 बैच के 181 अधिकारी प्रशिक्षुओं से पीएम ने की चर्चा

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजधानी में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2022 बैच के 181 अधिकारी प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उन्हें देश में स्वस्थ बदलाव के उत्प्रेरक एजेंट की भूमिका निभागने के लिए प्रेरित किया।

इन अधिकारियों को केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में शामिल किया गया है। उनके साथ यह बैठक सुषमा स्वराज भवन में आयोजित की गयी। प्रधानमंत्री ने उनको संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें उत्प्रेरक एजेंट बनने की आकांक्षा रखनी चाहिए और जब वे

शेष पृष्ठ 6 पर

बजट से पहले मोदी की अर्थशास्त्रियों से चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की आम बजट की तैयारियों के बीच गुरुवार को नीति आयोग में देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ विचार विमर्श किया। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, अर्थशास्त्री, उद्योग विशेषज्ञ और नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने राजकोषीय स्थिति और रणनीतियों पर चर्चा करते हुए बैठक में प्रधानमंत्री के सामने अपने विचार और सिफारिशें रखे हैं।

मोदी को मणिपुर जाकर करनी चाहिए शांति की अपीलः राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मणिपुर के आंतरिक हालात ठीक नहीं हैं और पूरा राज्य दो हिस्सों में बंट गया है इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वहां जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर लोगों से शांति की अपील करनी चाहिए। गांधी ने कहा कि वह तीसरी बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं लेकिन उन्हें इस बात का अफसोस है कि वहां स्थिति सामान्य नहीं हो रही है। श्री मोदी को खुद वहां जाकर लोगों से शांति की अपील करनी चाहिए ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

उन्होंने कहा मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं मगर अफसोस, स्थिति में कोई सुधार नहीं है। आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं, मासूम ज़िंदगियां खतरे में हैं और हज़ारों परिवार राहत शिविरों में जीवन

शेष पृष्ठ 6 पर

आयोग के अध्यक्ष ने राज्य की तरक्की को सराहा

छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करें : साय

माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं

रायपुर/नवप्रदेश। 16 वें केंद्रीय वित्त आयोग का प्रतिनिधि मंडल राजधानी रायपुर पहुंची है। केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते अधोसंरचना में अतिरिक्त व्यय भार आता है। छत्तीसगढ़ में 16 वें केंद्रीय वित्त आयोग का प्रतिनिधि मंडल राजधानी रायपुर पहुंची है। जहां सीएम विष्णु देव साय ने 16 वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में वित्त आयोग के दल से मुलाकात की। केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते अधोसंरचना में अतिरिक्त व्यय भार आता है। माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है।

उन्होंने आगे कहा कि, नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी

शेष पृष्ठ 6 पर

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने की छत्तीसगढ़ की तारीफ

केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति की रफ्तार की प्रशंसा करते हुए कहा प्रदेश में तेजी से प्रगति हो रही है। नवा रायपुर को बहुत सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से बसाया गया है। छत्तीसगढ़ बहुत ही सुन्दर राज्य है। विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स पर जोर देना होगा। यहां छत्तीसगढ़

शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय और वित्त मंत्री सहित कई लोग हुए शामिल

राजधानी रायपुर में केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक शुरू हो गई है। सीएम विष्णु देव साय के साथ कैबिनेट के सदस्य बैठक में शामिल हुए। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया सहित आयोग के सदस्य तथा अधिकारीगण बैठक में मौजूद हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य की वित्तीय स्थिति और राज्य की आवश्यकताओं के संबंध में आयोग के समक्ष अपनी बात रखी है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन राज्य के संबंध में प्रजेंटेशन दिया।

नया रायपुर की खूबसूरती और सिस्टम पर फिदा वित्त आयोग की टीम

देश के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया और उनकी पूरी टीम नया रायपुर के व्यवस्थित विकास और वहां से नजारों से गदगद हो गई। डा. पनगढ़िया ने कहा कि नया रायपुर को बहुत सुंदर और व्यवस्थित तरीके से बसाया गया है। यहां हर चीज सिस्टम से बनी हुई है। पूरा छत्तीसगढ़ ही बहुत सुंदर राज्य है। यहां तेजी से डेवलपमेंट चल रहा है, यह देखकर मुझे तथा आयोग के सदस्यों और टीम को बहुत अच्छा लगा। यह बातें उन्होंने नया रायपुर के भ्रमण के बाद एक बैठक में कहीं, जिसमें सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। सीएम साय ने कहा कि अगर वित्त आयोग से प्रदेश को और फंड मिलेगा, तो हम और ज्यादा सुविधाएं डेवलप कर पाएंगे।

शेष पृष्ठ 6 पर

नीट-यूजीः अभी और इंतजार

सुको में टली 18 जुलाई तक सुनवाई

सीबीआई ने गुरुवार को स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी

नई दिल्ली/वार्ता। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के कथित पेपर लीक मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आज गुरुवार को अपनी स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी। सीबीआई ने सील कवर में यह रिपोर्ट दाखिल की। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में पेपर लीक मामले की आज गुरुवार को होने वाली सुनवाई अगले हफ्ते तक के लिए टल गई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने आज की सुनवाई के दौरान कहा कि मामले की सुनवाई अगले हफ्ते सोमवार को होगी। इस पर एसजी ने कहा कि वह सोमवार और मंगलवार को

शेष पृष्ठ 6 पर

फिर से परीक्षा का आदेश दे सकते हैं : सुको

इस बीच कोर्ट में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा था कि अगर नीट-यूजी 2024 परीक्षा की शुचिता भंग हुई और पूरी प्रक्रिया पर असर पड़ा है तो परीक्षा फिर से कराने का आदेश दिया जा सकता है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से पेपर लीक होने के समय और तरीके के साथ ही गलत करने वालों की संख्या की जानकारी मांगी है. कोर्ट इसके जरिए इस लीक से पडने वासे प्रभाव का

शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व अग्निवीरों को सीआईएसएफ, बीएसएफ में 10% आरक्षण आयु सीमा में 5 साल की छूट

पहले बैच को आयु सीमा में छूट और फिजिकल टेस्ट नहीं देना होगा

नई दिल्ली/एजेंसी। अग्निवीर पर केंद्र सरकार के फैसले के 2 साल बाद सीआईएसएफ और बीएसएफ ने गुरुवार को पूर्व अग्निवीरों को 10' आरक्षण देने का ऐलान किया। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही नियम लागू किए जाएंगे। बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल और सीआईएसएफ डीजी मीना सिंह ने यह जानकारी दी। दरअसल 18 जून 2022 को गृह मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया था। कहा था कि सीआईएसएफ और असम राइफल्स में पूर्व अग्निवीरों को 10' आरक्षण दिया जाएगा। सीआईएसएफ के अंतर्गत बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ ऑम्र्ड आती हैं।

सीआईएसएफ बोली, पहले बैच में 5 साल तो अगले बैच में 3 साल की छूटः सीआईएसएफ डीजी नीना सिंह ने कहा- भविष्य में कॉन्स्टेबलों की सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10' नौकरियां आरक्षित की जाएंगी। फिजिकल टेस्ट नहीं देना होगा। उम्र में छूट दी जाएगी। पहले बैच को आयु में छूट 5 साल रहेगी, लेकिन अगले बैच से ये छूट केवल 3 साल की होगी।

बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा- अग्निवीर योजना से जवानों को 4 साल का अनुभव मिला है। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित हो चुके हैं। ये बीएसएफ के लिए बहुत अच्छा है। ट्रेनिंग के बाद, सिलेक्टेड अग्निवीरों को सीमा पर तैनात किया जाएगा।

सर्जिकल स्ट्राइक के लिए जंगल में उतरे पैरा कमांडो

जम्मू/कठुआ। भारतीय सेना का अपने पांच साथियों के बलिदान का बदला लेने के लिए जिला कठुआ के बिलावर के बदनोता में तलाशी अभियान तेजी से जारी है। गुरुवार को जिला पुलिस लाइन कठुआ में जम्मू कश्मीर डीजीपी आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी सहित सेना और खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारी बैठक करने के लिए पहुंचे हैं। सूत्रों का कहना है कि एजेंसियां आपस में समन्वय मजबूत करने के लिए यह बैठक कर रही हैं। आतंकी हमलों को रोकने और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर आज कठुआ में मंथन होगा। इस बैठक के बाद एक रिपोर्ट गृह और रक्षा मंत्रालय को भेजी जाएगी। उधर, पुलिस ने ट्रैक्टर चालक समेत 23 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

स्टार्ट-अप को बढ़ावा: प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना में बड़ा निर्णय

रक्षा और एयरोस्पेस में निजी क्षेत्र परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सशस्त्र बलों, एयरोस्पेस तथा रक्षा क्षेत्रों की विभिन्न आवश्यकताओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत निजी उद्योगों के लिए सात नई परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। यह मंजूरी रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में उद्योगों, विशेष रूप से लघु और सूक्ष्म इकाईयों तथा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने में डीआरडीओ के निरंतर प्रयास का प्रमाण है। इन प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास से सैन्य औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा।

इन परियोजनाओं पर होगा काम

- **पहली परियोजना-** होगा स्वदेशी टूलकिट का विकास
- **दूसरी परियोजना-** पानी में बढ़ेगी हमारी ताकत
- **तीसरी परियोजना-** पानी के नीचे वस्तुओं का पता लगाने में होंगे सक्षम
- **चौथी परियोजना-** विमान आइस डिटेक्शन सेंसर का विकास
- **पांचवीं परियोजना-** रडार सिग्नल प्रोसेसर का विकास
- **छठी परियोजना-** नेविगेशन उपग्रह प्रणाली का विकास
- **सातवीं परियोजना-** बहुकार्यात्मक अनुप्रयोगों का विकास

गरमा - गरम

47 पीएमसी स्कूल... केंद्र सरकार 2-2 करोड़ देगी, अब तक 263 स्कूलों को मिल चुकी है मंजूरी

छत्तीसगढ़ के 52 नए स्कूल पीएमश्री योजना में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली शिक्षा विभाग के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के 52 नए स्कूलों को पीएम श्री योजना में शामिल कर लिया है। इस योजना के तीसरे चरण में इन नए स्कूलों को चुना गया है। अब तक राज्य के कुल 263 स्कूलों का चयन हो चुका है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएगी।

कक्षा पहली से 12वीं के लिए 47 स्कूलों को मंजूरी : केंद्र सरकार ने प्रदेश के 52 स्कूलों में से पहली से 12वीं तक की 47 स्कूलों और कक्षा 6वीं से 12वीं तक की 5 विद्यालयों को शामिल किया हैं। पीएम श्री के तहत चुने जा रहे इन स्कूल को बेहतर और स्मार्ट स्कूल के रूप में डेवलप किया जाएगा।

पहले चरण में 200 से ज्यादा स्कूल चुने गए थे : छत्तीसगढ़ राज्य में पीएम श्री योजना की शुरुआत 19 फरवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया था। छत्तीसगढ़ राज्य में पहले चरण में 211 शालाओं को पीएम श्री योजना में शामिल किए जाने की मंजूरी मिली थी। स्कूल के विकास के लिए सरकार उन्हें 2-2 करोड़ रुपए भी देगी।

पीएमश्री स्कूल बनेंगे स्मार्ट

पीएम श्री स्कूल अब स्मार्ट स्कूल बनेंगे। इनमें नई शिक्षा नीति के तहत सीखने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। 75' केंद्र और 25' राज्य सरकार के मापदंड पर स्कूल संचालित होंगे। पीएम श्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, खेल सुविधाएं और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा।

आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम्स भी

विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी और डिजिटल क्लास रूम भी मिलेगा, ताकि उनके शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जा सके। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा और स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा।

केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी 15000 की रिश्वत लेता गिरफ्तार

भुवनेश्वर, (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ओडिशा में बरहामपुर के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक मनोज कुमार सुबुद्धि को एक व्यक्ति के जीएसटी वापस करने की प्रक्रिया के एवज में उससे 15,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि बरहामपुर के केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक सुबुद्धि के खिलाफ शिकायत के आधार पर नौ जुलाई को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि सुबुद्धि ने पहले उसका 1.77 लाख रुपये का जीएसटी रिफंड प्रोसेस किया था ।

दिल्ली में बाढ़ का खतरा, मुनक नहर बैराज टूटा

■ रिहायशी इलाकों में पानी, बढ़ी परेशानी

दिल्ली। मुनक नहर की एक उप-शाखा, जो दिल्ली को लगभग 36.7 प्रतिशत पानी (719 क्यूसेक) प्रदान करती है, बवाना के हनुमान मंदिर के पास गुरुवार तड़के टूट गई और इसके आसपास के इलाके जलमग्न हो गए। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों ने कहा कि टीमें दिल्ली के हैदरपुर, बवाना, नांगलोई और द्वारका में उपचार संयंत्रों के लिए पानी के महत्वपूर्ण स्रोत की मरम्मत के लिए रवाना हो गई हैं। नहर का एक खंड, जो पिछले साल जून में भी टूट गया था और दो दिनों के लिए दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति को प्रभावित किया था, का निर्माण 2003 और 2012 के बीच किया गया था।

डीजेबी को अभी तक 102 किलोमीटर लंबे जलसेतु में दरार के पीछे का कारण पता नहीं चल पाया है, जो हरियाणा और दिल्ली में पश्चिमी यमुना नहर का हिस्सा है। यह नहर हरियाणा के करनाल में मुनक रेगुलेटर पर यमुना से पानी ले जाती है। यह खुबरू और मंडेरा बैराज से होते हुए हैदरपुर तक फैला है। एक्स पर एक पोस्ट में, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि डीजेबी गुरुवार सुबह अपनी एक उप-शाखा में दरार के बाद हरियाणा सिंचाई विभाग के साथ निकट समन्वय में काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि पानी को नहर की दूसरी उप-शाखा की ओर मोड़ दिया गया है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें व्यापक जलजमाव दिखाई दे रहा है, जिसमें निवासी कमर तक गहरे पानी से गुजर रहे हैं और घरों में पानी भर गया है। पूरा इलाका बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित नजर आ रहा है। एजेंसी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, बच्चों को बाढ़ वाली सड़कों पर खेलते, तैरते हुए देखा जा सकता है, जबकि लोग घुटनों तक पानी में अपना रास्ता बना रहे हैं। बाढ़ पर प्रतिक्रिया देते हुए, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी घटनास्थल पर हैं, उन्होंने कहा कि बाढ़ विभाग के मुख्य अभियंता को बाढ़ वाले क्षेत्र का दौरा करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह आकलन किया जा सके कि बाढ़ विभाग स्थिति से निपटने में जल बोर्ड की कैसे सहायता कर सकता है। उत्तर पश्चिम दिल्ली से भाजपा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि मुझे पता चला कि कॉलोनी में पानी घुस गया है। मैंने सभी अधिकारियों से पानी निकालने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का सांसद होने के नाते मैंने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए सुप्रीम कोर्ट के जज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार ने गुरुवार को खुद को आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उनकी जमानत पर फिर से सुनवाई करने की मांग की है। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संजय कुमार की पीठ याचिका पर सुनवाई करने वाली थी, लेकिन अब जस्टिस संजय कुमार के सुनवाई से हटने के बाद नई पीठ सुनवाई करेगी। मनीष सिसोदिया ने आबकारी घोटाला मामले में उनकी जमानत याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने की अपील की है।

पीठ ने कहा कि आबकारी नीति घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई द्वारा दायर मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर नए सिरे से विचार के लिए उनकी दो अलग-अलग याचिकाओं पर एक ऐसी पीठ सुनवाई करेगी जिसके सदस्य न्यायमूर्ति कुमार नहीं हों। जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, 'हमारे भाई को कुछ परेशानी है। वह व्यक्तिगत कारणों से इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते।' इस पर सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने पीठ से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में अभी तक सुनवाई शुरू नहीं हुई है।

शीर्ष अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका पर विचार करने से चार जून को इनकार कर दिया था। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

चार्जशीट में आरोपित होने के बाद केजरीवाल को इस्तीफा दे देना चाहिए : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने ईडी की जांच में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम आरोपियों की सूची में शामिल होने का हवाला देते हुए कहा है कि अब उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि जो अरविंद केजरीवाल पहले कहा करते थे कि आरोप लगा तो इस्तीफा दे देंगे। अब ईडी की चार्जशीट में आरोपितों में नाम आने के बाद दिल्ली की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि उनके अंदर नैतिकता जगे और वे अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दें। देश के इतिहास में पहली बार कोई राजनीतिक पार्टी लूट और भ्रष्टाचार के मामले में आरोपित हो गई है। चार्जशीट में आम आदमी पार्टी का नाम आरोपितों की सूची में शामिल है।

अब देखते हैं कि आम आदमी पार्टी की नैतिकता का क्या होता है? इस मामले में चुनाव आयोग से आम आदमी पार्टी की शिकायत करने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुनाव आयोग संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक फैसला करेगा।

जब पीएम मोदी ने थपथपाया पुतिन का कंधा

मॉस्को। रूस के दौरे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन का याराना अंदाज दिखा। दोनों ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। दोनों नेताओं ने मॉस्को के बाहर आधिकारिक आवास पर चाय के साथ एक अनौपचारिक चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को इलेक्ट्रिक कार में भी घुमाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर रूस गए थे। यूक्रेन के साथ युद्ध की शुरुआत होने के बाद पहली बार पीएम मोदी ने रूस की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक भी की। पीएम मोदी के रूस के दौरे को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो भारत-रूस के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाता है। दरअसल, इस वीडियो में पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन के कंधे को थपथपाते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मॉस्को के एटमिक सेंटर का है, जहां पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन आपस में बात करते दिख रहे हैं।

बातचीत के बीच पीएम मोदी ने पुतिन के कंधे को थपथपाया। हालांकि, पीएम मोदी के ऐसा करने पर पुतिन ने उन्हें कुछ नहीं कहा। वह पीएम मोदी को देखकर मुस्कुराने लगे। इस वीडियो को देखते हुए यूजर्स का कहना है कि ऐसा केवल पीएम मोदी ही कर सकते हैं। रूस के दौरे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन का याराना अंदाज दिखा। दोनों ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। दोनों नेताओं ने मॉस्को के बाहर आधिकारिक आवास पर चाय के साथ एक अनौपचारिक चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को इलेक्ट्रिक कार में भी घुमाया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी पीएम मोदी ने कई विश्व स्तरीय नेताओं के साथ ऐसा करते हुए देखा गया।

साल 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी पीएम मोदी ने कुछ ऐसा ही किया था। दरअसल, दोनों नेताओं के बीच बातचीत के दौरान पीएम मोदी मजाकिया अंदाज में ट्रंप का हाथ पकड़ा और फिर उनके हाथ में ताली मारी। ये वाक्या पीएम मोदी की विश्व स्तरीय नेताओं के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ से नौ जुलाई तक रूस की यात्रा पर थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को आमंत्रित किया था। रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने मॉस्को के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। यहां से पीएम मोदी मॉस्को स्थित कार्लटन होटल गए, जहां भारतीय समुदाय के लोग उनसे मिलने आए थे।

इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने गले मिलकर पीएम मोदी का स्वागत किया। रूस की यात्रा के बाद पीएम मोदी एकदिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रिया भी गए।

चीन की तरह भारत को भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए कड़े कानून की जरूरत

लखीसराय। आज विश्व जनसंख्या दिवस है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि देश के अंदर 147 जिले ऐसे हैं, जहां तेजी से जनसंख्या बढ़ रही है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह लखीसराय पहुंचे थे, यहां विद्यापीठ चौक पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान देश की जनसंख्या पर बात की। उन्होंने कहा कि आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। मैंने पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की सख्त जरूरत है। गिरिराज सिंह ने कहा, चीन ने दुनिया में विकास का परचम फहराया है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि वह वन चाइल्ड पॉलिसी लेकर आया। अगर चीन वन चाइल्ड पॉलिसी नहीं लाता तो इस दुनिया में 60 करोड़ लोग और होते। भारत आज दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है और दुनिया की जितनी आबादी है, उसकी 20 फीसदी आबादी हमारे यहां है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में आज जमीन कम पड़ गई है, लोगों के लिए पीने का पानी कम पड़ रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या एक चुनौती है।

नेपाल : पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर और ओली बना सकते हैं नई सरकार

■ कमल दहल की कुर्सी पर छाया 'प्रचंड' संकट

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की कुर्सी पर भयंकर खतरा मंडरा गया है। उन्हें एक बार फिर शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रचंड को विश्वासमत हासिल करने से पहले नेपाली कांग्रेस और 'सीपीएन-यूएमएल' के नेताओं के बीच नई सरकार के गठन को लेकर कवायद तेज कर दी है। नेपाल के पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और केपी ओली ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के शुक्रवार को होने वाले शक्ति परीक्षण से पहले नई गठबंधन सरकार के गठन को लेकर बातचीत की।

सूत्रों के अनुसार गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी के पी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दहल बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की पार्टी के पास हैं सिर्फ32 सीटें

प्रचंड की पार्टी के पास 32 विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। निचले सदन में 138 सीटों के सीट हैं। सदन में बहुमत के लिए 138 सीटों का होना जरूरी है। 'सीपीएन-यूएमएल' अध्यक्ष ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से बुधवार को मुलाकात की। काठमांडू के बाहरी इलाके बुधनीलकांठा में देउबा के आवास पर हुई दो घंटे की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने ओली के नेतृत्व वाले नए गठबंधन के पक्ष में हस्ताक्षर किए और इसे राष्ट्रपति को सौंपने जैसे मामलों पर चर्चा की। दोनों दलों ने संसद के शेष बचे तीन साल के कार्यकाल के लिए बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करने संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के अनुसार, ओली पहले चरण में डेढ़ साल के लिए प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रचंड ने घोषणा की थी कि 'सीपीएन-यूएमएल' के आठ मंत्रियों के इस्तीफे के बाद भी वह पद नहीं छोड़ेंगे बल्कि संसद में विश्वास मत का सामना करेंगे।

शिमला का सेब अब पूरब की तराई में!

लखनऊ। शिमला का सेब तराई में! है न चौंकाने वाली बात। पर चौंकिए मत। यह मुकम्मल सच है। ठंडे और ऊंचे पहाड़ों से शिमला के सेब को तराई में लाने की पहल हो चुकी है। ये पहल की है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के बेलीपार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ने। तीन साल पहले (2021) केंद्र ने सेब की कुछ प्रजातियां हिमाचल से मंगाकर लगाई। 2023 में इनमें फल आने लगे। इससे प्रेरित होकर मुख्यमंत्री के गृह जनपद के प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र सिंह ने 2022 में हिमाचल से मंगाकर सेब के 50 पौधे लगाए।

न्यूज गैलरी

संयुक्त किसान मोर्चा केंद्र सरकार के सामने रखेगी अपनी मांग

दिल्ली। किसान अपनी मांगो को लेकर अभी भी सरकार के सामने डट कर खड़े हैं। साल 2020 में जो आंदोलन शुरू हुआ और 1 साल से अधिक समय तक दिल्ली के बॉर्डरों पर चला, वो एक बार फिर से शुरू हो सकता है। दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी एक जनरल बॉडी मीटिंग में आंदोलन से जुड़ा एक फैसला लिया है। मीटिंग में कई राज्यों के किसान शामिल हुए और उस मीटिंग में आंदोलन और किसानों की मांग को लेकर कुछ फैसले लिए गए हैं। कल यानी 10 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी एक जनरल बॉडी मीटिंग बुलाई जिसमें 17 राज्यों के किसान शामिल हुए। इस मीटिंग में किसानों की मांग को लेकर चर्चा हुई और यह फैसला लिया गया है कि, 16 से 18 जुलाई तक प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सभी सांसदों को किसानों की मांग का एक मेमोरेंडम सौंपा जाएगा। इस मेमोरेंडम में स्वक कानून, कर्ज माफी, फसल की बीमा, किसानों के पेंशन, बिजली के निजीकरण को बंद करने के साथ ही शंभू बॉर्डर और टिकरी बॉर्डर पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने की मांग रखी जाएगी। इतना ही नहीं किसानों की एक मांग यह भी है कि भारत पाकिस्तान रोड ट्रेड को फिर से खोला जाए। किसान नेता हनन मुल्ला ने कहा कि, मोदी सरकार ने हमारी सभी मांगें नहीं मानी थी। आंदोलन के दौरान जब हमारी उनसे बातचीत हुई तब उन्होंने हमारी कई मांगों को मानने की बात कही थी मगर अब तक उन्हें पूरा नहीं किया गया है।

हरियाणा में इनेलो-बसपा में गठबंधन मायावती ने कहा-सरकार बनाएंगे

चंडीगढ़। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि बसपा और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) मिलकर हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक साथ लड़ेंगे और वहां की जनविरोधी पार्टियों को हराएंगे। बसपा मुखिया मायावती ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "बहुजन समाज पार्टी व इण्डियन नेशनल लोकदल मिलकर हरियाणा में होने वाले विधानसभा आम चुनाव में वहां की जनविरोधी पार्टियों को हराकर अपने नये गठबंधन की सरकार बनाने के संकल्प के साथ लड़ेंगे, जिसकी घोषणा मेरे पूरे आशीर्वाद के साथ आज चंडीगढ़ में संयुक्त प्रेस वार्ता में की गयी।

मुंबई हिट एंड रन मामले में अदालत ने ड्राइवर को 14 दिन की हिरासत में भेजा

मुंबई। मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में हर दिन नई बातें, नए खुलासे निकलकर सामने आ रहे हैं। मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने पहले ही अपना गुनाह कबूल कर लिया है तो दूसरी तरफ उनके परिवार के ड्राइवर, राजरिशि बिदावत ने 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस ने बिदावत को मुख्य महानगरीय न्यायाधीश एसपी भोसले के समक्ष पेश किया। दरअसल, 11 जुलाई को बिदावत की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। पुलिस ने अदालत से अनुरोध किया कि बिदावत की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया जाए। पुलिस ने कहा कि इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच अभी भी जारी है। इसके बाद अदालत ने बिदावत को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। मिहिर शाह को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में रखा जाएगा। हालांकि, मिहिर के पिता राजेश शाह भी इस मामले में एक अन्य आरोपी हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

पुलिस ने अदालत को बताया कि मुख्य आरोपी मिहिर शाह बुरी तरह से नशे में धुत था। मिहिर शाह ने हाल ही में अपना अपराध कबूल कर लिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने खाली किया सरकारी बंगला

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने लुटियंस दिल्ली में 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस के नेता किशोरी लाल शर्मा ने डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से हराया था। ईरानी ने इस हफ्ते की शुरुआत में बंगला खाली कर दिया था। यह बंगला पिछले दस साल से उनका आशियाना था। अब इस बंगले से ईरानी की नेम प्लेट भी हट गई है। हालांकि, केवल स्मृति ईरानी को ही नहीं बल्कि चुनाव हारने वाले सभी सांसदों को 11 जुलाई तक सरकारी बंगले खाली करने थे।

भाजपा पर भड़कीं ममता बनर्जी, लगाया बंगाल को बदनाम करने का आरोप

पश्चिम बंगाल। टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले के अरियाधा में भीड़ के हमले की हालिया घटना पर राज्य को कथित रूप से बदनाम करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मीडिया के एक वर्ग की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दो साल पुरानी घटना, जिसका एक वीडियो क्लिप वायरल हुआ था, तब हुई थी जब अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद थे। ममता ने टीवी चैनलों के एक वर्ग पर विधानसभा उपचुनाव से पहले भाजपा के इशारे पर पुरानी घटना को बार-बार दिखाने का आरोप लगाया।

दीपावली-छठ के लिए नहीं मिल रही कंफर्म टिकटें

■ यात्रियों को आ रहीं कई तरह की परेशानियां

नई दिल्ली। दीपावली और छठ पूजा का त्योहार नवंबर में मनाया जाएगा। ऐसे में हजारों यात्री अपने घर जाने के लिए भारतीय रेलवे का सहारा ले रहे हैं। लेकिन उन्हें टिकट बुकिंग में निराशा हाथ लग रही है। सभी ट्रेनों में यात्रियों को वेटिंग टिकट मिल रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि जैसे ही ट्रेनों में टिकट बुकिंग का स्लॉट खुला, वैसे ही हमने आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर लॉग-इन कर पूरी प्रक्रिया की। लेकिन जब तक पेमेंट करते, तब तक सभी सीटें फुल हो गईं। हालांकि इन्हीं ट्रेनों में बुकिंग के लिए जिन्होंने एजेंट को काम सौंपा था, उन्हें कंफर्म टिकट मिल गई है। ऐसे में अब यात्रियों के पास दीपावली-छठ स्पेशल ट्रेनों में ही टिकट बुक कराने का ऑप्शन बचा है। इन ट्रेनों को चलाने की घोषणा त्योहार से कुछ दिन पहले ही होती है।

इस साल दिवाली एक नवंबर को है। जबकि छठ पूजा भी 7-8 नवंबर को है। दोनों पर्व में अभी करीब चार महीने बाकी है। देशभर से दीपावली और छठ पूजा के लिए कई राज्यों से लोग अपने घर जाते हैं। इन त्योहार के लिए लोग चार महीने पहले से ट्रेन में टिकट बुक करते हैं। क्योंकि रेलवे में एडवांस रिजर्वेशन का पीरियड चार महीने पहले का ही होता है। यात्रियों का कहना है कि हम जल्दी टिकट इसलिए बुक कर लेते हैं, ताकि परिवार के साथ सफर करने में आसानी हो। एन वक्त में ट्रेनों में टिकट नहीं मिलती है और भीड़ भी बढ़ जाती है। परेशान से बचने के लिए हम पहले ही टिकट बुक करना उचित समझते हैं। हाल ही में पांच जुलाई को यूपी और बिहार जाने वाली कई ट्रेनों की टिकट बुकिंग सुबह आठ बजे शुरू हुई। लेकिन आठ बजकर 5 मिनट के बाद ही ट्रेनों के एसी-2 और एसी-3 में रिगरेट दिखा रहा था। रिगरेट का मतलब है कि इस ट्रेन में वेटिंग टिकट भी जारी नहीं की जा रही है।

यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों में दीपावली के बाद भी टिकटें नहीं मिल रही हैं। 5 जुलाई को 2 नवंबर के लिए ऑनलाइन रिजर्वेशन विंडो खुली और कुछ ही मिनटों में सारी सीटें फुल हो गईं। नई दिल्ली से पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर जाने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों में अब वेटिंग आ रही है। कई लोगों ने दिवाली के दिन की भी टिकट करा ली है, जिससे कि वे छठ पूजा के लिए अपने घर पहुंच सकें। दीपावली-छठ के लिए टिकटों की बुकिंग करवा रहे लोगों का आरोप है कि आईआरसीटीसी में पेमेंट ऑप्शन के बाद उनका सिस्टम आगे नहीं बढ़ रहा था। वह बार-बार एरर या इनवैलिड कोच आईडी बता रहा था। कई मिनट तक ऐसा ही रहा और इसके बाद जब पेमेंट ऑप्शन आगे बढ़ा, तो बुकिंग फुल हो चुकी थी। एक ट्रेन में टिकट फुल होने के बाद बाकी ट्रेनों में भी टिकट वेटिंग/रिगरेट दिखाई देने लगा। इस बारे में आईआरसीटीसी का कहना है कि जब हजारों की संख्या में लोग एक साथ लॉगिन करते हैं। इस वजह से एरर या इनवैलिड कोच आईडी आ सकता है। यह हैवी ट्रैफिक की वजह से हो सकता है। जहां तक बात एजेंट के जरिए टिकट बुकिंग होने की वह निराधार है। किसी भी पर्सनल आईडी से टिकट बुक कर नहीं बेचा जा सकता है। रेलवे एक्ट का उल्लंघन है। इधर, रेलवे के सूत्रों का कहना है कि, दिवाली और छठ पूजा को देखते हुए रेलवे हर साल विभिन्न राज्यों से कई स्पेशल ट्रेनें शुरू करता है।

न्यूज गैलरी

1000 दीदियों की बाड़ी में मचान विधि से लगाई जा रही है सब्जी

रायपुर/नवप्रदेश। मचान विधि से किसानो को सब्जी की फसल लेने के लिए प्रेरित करने मिशन बिहान अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा मे 1000 दीदियों की बाड़ी में मचान बनाने का कार्य किया जा रहा है। मचान अधिकतर बाड़ियों में बनाया जाता है। लता या बेल वाली सब्जी को सहारा देने के लिए मचान विधि का उपयोग किया जाता है। गांव के अधिकतर घरों में जहां सब्जी उगाई जाती है वहां आपको मचान देखने को आसानी मिल जाएगा। गांव के किसान परिवार अपने सुविधा और मौसम के अनुसार अपनी बाड़ियों और खेतों में भिंडी, कुम्हड़ा, भटा, करेला, लौकी, विभिन्न प्रकार की सब्जी आदि लगाते हैं। इस कड़ी में दंतेवाड़ा जिला के ग्राम पंचायत कुपेर के स्व सहायता समूह की दीदी श्रीमती झुनकी यादव के मकान की 3.8 डिसमिल भूमि में ''मचान विधि'' से करेला लगाने के लिए नर्सरी बेड तैयार किया गया है। दंतेवाड़ा जिले के किसानों का रुझान सदैव जैविक कृषि की ओर रहा है अतः मिशन बिहान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक सब्जी एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिले के अंतर्गत 1000 दीदियों की बाड़ियों में ''मचान'' विधि से सब्जी उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जहां वे मचान विधि से सब्जियों का उत्पादन करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा अन्य दीदियों के घर के बाड़ियों में इसी विधि से सब्जी लगाने को प्रेरित किया जा रहा है।

सरकार धान बीज की उपलब्धता के लिये गंभीर नहीं है: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खरीफ का सीजन आ चुका है, किसान बोने की तैयारी करके मानसून का इंतजार कर रहा है,

लेकिन किसान विरोधी साय सरकार छत्तीसगढ़ के 80 प्रतिशत सोसायटीयों में खाद और बीज आवश्यक मात्रा में अब तक नही पहुंचा पाई है। किसान खाद बीज के लिये सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर है। सरकार की तरफसे खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये अभी तक कोई ठोस प्रयास शुरू नहीं किया गया है। किसानों के लिये उर्वरक की उपयोगिता उसके समय पर मिलने पर ही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है। छत्तीसगढ़ के लगभग 80 प्रतिशत सोसाइटीयों में खाद और बीज के पर्याप्त स्टॉक नहीं है। अनेकों स्थानों पर पूर्व के परिवहन ठेकेदारों से किए गए निविदा को खत्म कर दिया गया है, लेकिन भारी भरकम कमिशन मांगे जाने के चलते नए परिवहनकर्ता रूचि नहीं दिखा रहे हैं, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

पशु चिकित्सा इकाई बन रही पशुपालकों के लिए वरदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पशुपालकों को अपने पशुओं के बीमार होने पर चिंता होने की जरूरत नहीं रही, क्योंकि अब वह आसानी से अपने स्थान पर चिकित्सा वाहन बुलवाकर अपने बीमार पशु का अच्छे से इलाज करवा सकता हैं। इस योजना के तहत केवल एक मोबाइल कॉल के द्वारा बीमार गोवंश को बेहतर चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। वहीं इंसानों की तरह ही अब पशुओं को भी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे पशुओं में बीमारियां कम फैलने के कारण उनकी मृत्यु दर में कमी आ रही है। पशुपालकों ने बताया कि पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अब चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। कोंडागांव जिले में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई पशुपालक किसानों के लिए वरदान बन गई है। पशुओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने में यह सेवा बहुत ही कारगर साबित हो रही है।

वारदात के सप्ताह बाद भी चड्डी गैंग के चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर

- प्रभुचंद ज्वेलर्स से ले उड़े थे 10 लाख से ज्यादा के जेवर
- फुटेज मिलने के बाद भी नहीं हो पाई चोरों की गिरफ्तारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में 3 से 4 जुलाई की दरमियानी रात कुछ चोर एक ज्वेलरी दूकान से लाखों के जेवर समेत नकदी ले उड़े थे। इस बीच वारदात की पुलिस को मिली सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर अर्ध नग्न हालत में साफ़ दिखाई दे रहे हैं जिसके चलते आशंका जताई गई है की चोर 'चड्डी गैंग' के हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, कमल विहार गेट-1 स्थित प्रभुचंदा ज्वेलर्स के संचालक कमल बघेल की दुकान में चोरी हुई थी। पीड़ित दूकान संचालक ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार की सुबह उन्हें मकान मालिक ने दुकान के शटर का ताला टूटे होने के साथ शटर ऊपर उठे होने की जानकारी दी। जब कमल बघेल ने दुकान के भीतर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए, कैश काउंटर, डिसप्ले और बाक्स में रखे 10 लाख से ज्यादा कीमत के जेवर के साथ करीब 20 हजार रूपये नकदी गायब मिला। चोर दुकान में लगे तीन सीसीटीवी कैमरे चोरी कर अपने साथ ले गए, लेकिन डीवीआर में फुटेज सेव हो गयी थी।

पुलिस के हाथ अब तक खाली

चोरी की शिकायत के बाद जब पोलिस ने आसपास की दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो उन्हें कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले, जिसमें चोरों की तस्वीर कैद हो गई। फुटेज में साफ़ देखा जा सकता है की एक चोर अपने हाथ में सब्बल पकड़ा हुआ है तो एक अन्य चोर के हाथ में चाकूनुमा हथियार और दो अन्य चोर अपने हाथ में पत्थर लिए हुए हैं। चोरी की वारदात को अंजाम देने के वक्त सभी चोर अर्धनंग हालत में थे, जिसे देख कर पुलिस ने आशंका जताई है कि इस चोरी के पीछे चड्डी गैंग का हाथ हो सकता है। मामले में पुलिस चोरो की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब भी उनके हाथ खाली है।

महिला थाने में आखिरकार दर्ज हुई पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर

- निलंबित टीआई दरीयो के जेल जाने के बाद जागी न्याय की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। चार महीने से महिला थाने के चक्कर लगा रही पंडरी निवासी पीड़िता को आखिरकार न्याय की किरण नज़र आने लगी है। पीड़िता ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ रायपुर के महिला थाने में मारपीट और दहेज़ प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी जिसमे चार महीने बाद ही सहीं लेकिन महिला थाना पुलिस ने शिकायत को एफआईआर में तब्दील करते हुए बुद्धवार को अपराध दर्ज कर लिया है।

दरसल पीड़िता लोगों के घर में खाना बनाने का काम करती है और मूलतः गरियाबंद की निवासी है। जिसकी शादी रायपुर में हुई थी और शादी बाद से ही पीड़िता के पती और ससुराल के अन्य लोगों के द्वारा उसे मारपीट कर दहेज़ लाने के नाम पर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आ कर पीड़िता ने इसकी शिकायत महिला थाने में की थी लेकिन तत्कालीन अधिकारी कर्मचारियों से उसे न तो कोई मदद मिल पाई थी न ही उसकी शिकायत कोई सुनने को तैयार था उल्टा पीड़िता से रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़िता ने इस बात जिक्र अपने वकील से किया जिसके बाद वकील ने महिला थाना टीआई वेदवती दरीयो की शिकायत एसीबी में करने की सलाह दी। पीड़िता को उसके वकील का दिखाया हुआ रास्ता सहीं लगा तब जा कर उसने टीआई दरीयो की शिकायत की जिसे ट्रैप कर बीते शुक्रवार को एसीबी की टीम ने 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। महिला टीआई के जेल दाखिल होते ही पीड़िता की शिकायत को रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसएसपी सिंह के निर्देश के बाद हरकत में आई महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच कर बुद्धवार को पीड़िता के पती के विरुद्ध दहेज़ प्रताड़ना और गरेलु हिंसा के तहत 498 (ए) की धरा के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने नव प्रदेश के संवादवता से बात करते हुए बताया की चार महीने की जद्दोजहत के बाद पुलिस ने उसकी गुहार सुनते हुए उसकी शिकायत पर अपरदज दर्ज कर उसके अंदर न्याय मिलने की उम्मीद जगाई है। साही ही पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए अंन्याय के खिलाफ महिलाओं को आवाज़ उठाने की बात कही।

ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अन्तर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। रायपुर जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही 10 जुलाई से आवेदन जमा करना प्रारंभ हो गया है। आवेदक को 10 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन

- 27 उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों को उत्पादकता बोनस का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को राष्ट्रीय मछुआ दिवस कार्यक्रम में कृषक संगोष्ठी का आयोजन उपसंचालक मछली पालन परिसर के सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्ड से लगभग 100 मत्स्य किसान शामिल हुए। जिसमें महिलाओं ने काफी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कृषक संगोष्ठी में मत्स्य कृषकों के द्वारा मत्स्योत्पादन को बढ़ावा दिए जाने के लिए अपनी बातें सामने रखी और 27 उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों को उत्पादकता बोनस को चेक के माध्यम से प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कृषक संगोष्ठी में मछली पालन विभाग के संचालक एन. एस. नाग, रिजनल डायरेक्टर एन.सी.डी.सी कौशिक, उप संचालक मछलीपालन मनोज कुमार पैंकरा, बीना गढपाले, उप संचालक म0पा0 प्रशि0 संस्थान रायपुर प्रमोद भारती, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य महासंघ रायपुर, कृष्णा हिरवानी सदस्य संचालक मंडल मत्स्य महासंघ, संवलूराम निषाद सदस्य एवं सुखदेव मंडल उन्नत कृषक, उपस्थित रहे।

आयोग अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने कलेक्ट्रेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज जिले के कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों को यूनिफॉर्म दी जाए और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। वेंकटेशन ने कहा कि सभी कर्मियों को उनके वेतन समय पर दिया जाएं और पे-स्लीप भी उपलब्ध कराई जाए। समीक्षा के दौरान कर्मियों के आवास को लेकर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसर

- 15 जुलाई को आयोजित होगा जॉब फेयर

रायपुर/ नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 जूलाई को रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। जिसमे निजी क्षेत्र के नियोजक जियो इन्फ़ोकम्युनिकेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा होम सेल्स ऑफिसर्स, जियो प्वाइंट असिस्टेन्ट/मैनेजर इत्यादि 95 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसकी योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण रखी गई है। योग्य आवेदकों की भर्ती वेतनमान 14 हजार से 22 हजार रूपये प्रतिमाह के पद पर की जाएगी। इन पदों पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलो के नौकरी के इच्छुक एवं योग्य आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता अनुभव प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

अब बेसहारा बालिकाओं की जिंदगी विलेज बाल गृह में संवरेगी

- पढ़-लिखकर करेगी भविष्य उज्जवल, आवास की समस्या हुई दूर

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल पर जिले की दो सगी बहनों की जिंदगी सुरक्षित हो गई है। कलेक्टर डॉ. सिंह को जैसे ही धरसींवा गांव के चरोदा में दो सगी बहनों के बेहतर पालन पोषण और शिक्षा से वंचित होने की जानकारी मिली, वैसे ही कलेक्टर ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला बाल विकास विभाग की टीम को उनके गांव में भेजा। टीम ने दोनों बहनों को रेसक्यू किया और तत्काल माना के एस.ओ.एस. विलेज बालगृह (बालिका) में लेकर पहुंची। दोनों बहनों को बेहतर भविष्य के लिए विलेज बालगृह में सौंपी है। दरअसल, 14 वर्षीय व 10 वर्षीय बालिका अपनी नानी के साथ कष्टप्रद स्थिति में रह रही थी। दोनों बालिका निजी स्कूल में पढ़ाई कर रही थी, लेकिन उनकी फीस जमा नहीं होने के कारण शिक्षा प्रभावित हो रही थी। दोनों बहनों को उनकी मां लगभग 05 माह पूर्व छोड़कर कहीं चली गई, पिता भी बच्चों के साथ नहीं रहते थे। बच्चियों की संपूर्ण जिम्मेदारी माता-पिता के उपरांत बच्चियों की मौसी उठा रही थी, किंतु मौसी का भी विगत माह निधन हो गया। जिससे बच्चियों की जिम्मेदारी उनकी नानी पर आ गई। जिसका निर्वहन करने में नानी समर्थ नहीं थी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश एवं बच्चियों की नानी की सहमति से बच्चियों को तत्काल जिला बाल संरक्षण ईकाई ने अपने संरक्षण में लिया और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनकी शिक्षा-दीक्षा, आवास एवं सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए माना स्थित एस.ओ.एस. विलेज बालगृह (बालिका) के संरक्षण में सौंपा गया।

संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा और सीईओ शशांक पांडे ने किया बीरगांव के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण

- स्वच्छता सर्वेक्षण में सफलता के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश
- मणि कंचन केंद्र में कार्यरत महिलाओं के कार्यों को सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सफ्लता के लिए विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं। जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार के संयुक्त सचिव मति रूपा मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण शशांक पांडे द्वारा नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्र का दौरा किया गया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में सफ्लता के लिए कार्य योजना तैयार किए जाने निर्देशित किया गया। साथ ही संयुक्त सचिव द्वारा मणि कंचन केंद्र डेरापारा के महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्य को सराहा गया एवं उनके परेशानियां के संबंध में चर्चा की गई। मणि कंचन केंद्रों में स्वच्छता समूह के महिलाओं को सूखा कचरा के पृथकीकरण में सहूलियत के लिए टेबल एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने की रायपुर स्मार्ट सिटी की सराहना

- तक्षशिला लाइब्रेरी में अध्यनरत युवाओं से मिलकर संयुक्त सचिव हुई अभिभूत

रायपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव मती रूपा मिश्रा ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी तक्षशिला का अवलोकन किया।

उन्होंने विश्व स्तरीय यातायात प्रबंधन की इस प्रणाली के अंतर्गत स्वच्छता, सुरक्षा, अपराध नियंत्रण विषयक नवाचारों की सराहना की है। तक्षशिला लाइब्रेरी में युवा प्रतिभागियों को अध्ययन सुविधा प्रदान करने के लिए रायपुर में उन्नत सुविधाओं की भी विस्तार से जानकारी ली एवं युवाओं का मार्गदर्शन किया। राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पांडेय भी भ्रमण में उनके साथ थे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के साथ मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए रायपुर में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में उन्हें विस्तार से अवगत कराया। संयुक्त सचिव मती मिश्रा ने महानगरों की तर्ज पर विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप विकास गतिविधियों के संचालन को अन्य शहरों के लिए भी अनुकरणीय कहा आई.टी.एम.एस. में उन्होंने यातायात प्रबंधन प्रणाली के साथ-साथ स्वच्छता संबंधी नवाचारों की भी विस्तार से जानकारी ली। भ्रमण के दौरान नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

15 जुलाई से जमकर बरसेंगे बदरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने वाला है। दरअसल इस बीच मौसम विभाग ने जुलाई से 15 जुलाई के बीच प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढने के आसार जताए हैं। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के दक्षिण क्षेत्र मुख्य से रूप से भारी बारिश होने की संभावनाएं हैं। ऐसे में इस बीच होने वाली बारिश की स्थिति कुछ अच्छी नहीं रहेगी। जिसके चलते यहां पर बारिश सामान्य से 28 प्रतिशत कम हुई है। ऐसे में प्रदेश के कुछ बड़े जलाशय और तालाब अब भी सूखा पड़ा है।आपको बतादें कि इस बीच बुधवार की सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं, साथ ही इन इलाकों में हल्की से माध्यम बारिश हुई है।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल नीलिमा तिग्गा से मिला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मती नीलिमा तिग्गा अतिरिक्त आयुक्त, वाणिज्यिक कर, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम, 2023 के प्रावधानों को सरल बनाने के लिए सुझाव दिये।

इस अवसर पर वार्णिज्यक कर विभाग के अधिकारीगण सुनील चैधरी जी संयुक्त आयुक्त, सी आर महलांगे संयुक्त आयुक्त, अजय देवांगन संयुक्त आयुक्त और दुर्गेश पांडे उप आयुक्त प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जी ने पत्र के माध्यम से बताया कि आज माननीय वाणिज्यक कर आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम, 2023 के प्रावधानों को सरल बनाने के लिए सुझाव दिये एवं पूर्व अधिनियम दिनांक 04.05.2023 व नियम दिनांक 15.09.2023 आवश्यक संशोधनों के साथ जारी रखने हेतु निवेदन किया गया।

सुविचार

दुख जीवन में इसलिए आते हैं कि ताकि हम सुख का महत्व समझ सकें। -अज्ञात

जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी

जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। हर साल की तरह इस बार भी जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जगाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की औपचारिकता पूरी कर ली गई। सरकार ने बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान का सूत्रपात किया है। इसके तहत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत नियोजित परिवार के लिए लोगों को प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुरुष और महिला नसबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रतिपूर्ति राशि के रूप में दो हजार से तीन हजार तक प्रदान किए जा रहे हैं। सभी शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क आपरेशन की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इससे बढ़ती आबादी पर कितनी रोक लगेगी यह कह पाना मुहाल है। गौरतलब है कि भारत में दिन दूनी रात चौगुणी रफ्तार से आबादी बढ़ती जा रही है और जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से भी अधिक हो चूंकि है। यदि इसी रफ्तार से भारत की जनसंख्या बढ़ती रही तो यहां जनसंख्या विस्फोट का खतरा पैदा हो सकता है। यही वजह है कि समय-समय पर जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग उठती रही है। किन्तु सरकार इस गंभीर मुद्दे को अभी भी गंभीरता से लेने के लिए तैयार नहीं है। विश्व जनसंख्या दिवस पर केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने एक बार फिर जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू करने की जरूरत पर जोर दिया है। उनका कहना है कि हमें इस मामले में चीन से सबक लेना चाहिए। जिसने बढ़ती आबादी पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाए जिसकी वजह से वहां जनसंख्या पर नियंत्रण लगा लेकिन भारत में ऐसा कोई कानून न बन पाने के कारण हमारी आबादी बढ़ती रही और आज हम चीन को पीछे छोड़कर आबादी के मामले में दुनिया में अव्वल हो गए हैं। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून को इतना कड़ा बनाने की मांग की है कि कोई भी इसका उल्लंघन न कर पाएं। उनका सुझाव है कि जिनके दो से अधिक बच्चे हों उन्हें किसी भी तरह की शासकीय सुविधाओं का लाभ न दिया जाए। यहां तक कि उनके मताधिकार को भी खत्म कर दिया जाए। इस तरह के कड़े कानूनी प्रावधान करने से भी आबादी पर नियंत्रण लगेगा और जनसंख्या विस्फोट के खतरे को टाला जा सकेगा। उनकी यह मांग और सुझाव गौरतलब है। वास्तव में भारत में गरीबी, भूखमरी, अशिक्षा और बेरोजगारी जैसी जितनी भी जटिल समस्याएं हैं उनकी जननी बढ़ती आबादी ही है। हर साल लाखों लोग डिग्रियां लेकर रोजगार की तलाश में निकल पड़ते हैं। कोई भी सरकार हर साल लाखों युवाओं को रोजगार मुहैया नहीं करा सकती। जब बेरोजगारी फैलेगी तो गरीबी भी सिर उठाएगी। आज भी हमारे देश में एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए अभिशप्त है। इतनी बड़ी आबादी को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही सरकार के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य सिद्ध हो रहा है। देश में संसाधन सीमित हैं और उस पर बढ़ती आबादी का बोझ इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले समय में न सिर्फ लोगों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध हो पाएगा बल्कि पीने के पानी की किल्लत का भी सामना करना पड़ेगा। इसके पहले पानी सिर से ऊंचा हो सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द से जल्द लागू करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

राहुल द्रविड़ से प्रेरणा लें भारतीय क्रिकेट

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ ने विश्वकप जीतने के बाद बीसीसीआई द्वारा उन्हें दी गई पांच करोड़ रुपए की राशि को लेने से इंकार कर दिया है। राहुल द्रविड़ का कहना है कि बीसीसीआई ने अन्य सपोटिंग स्टाफ को ढाई-ढाई करोड़ रुपए दिए हैं। इसलिए वे भी ढाई करोड़ रुपए लेंगे। क्योंकि टीम इंडिया को विश्वकप जीताने में उनके अलावा पूरे सपोर्टिंग स्टाफ का बराबर योगदान रहा है। राहुल द्रविड़ की भावना का सम्मान करते हुए बीसीसीआई ने उन्हें ढाई करोड़ रुपए ही दिए हैं। राहुल द्रविड़ ने इसके पहले भी जब वे अंडर19 के मुख्य कोच थे और उस समय टीम ने विश्वकप जीता था तब भी उन्होंने इसी तरह लाखों की रकम ठुकराई थी और आधी राशि स्वीकार की थी। राहुल द्रविड़ से भारतीय क्रिकेटरों को प्रेरणा लेनी चाहिए जो पैसों के पीछे भागते हैं। खास तौर पर क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुनील गावस्कर, कपिल देव, महेन्द्र सिंह धोनी और विरेन्द्र सहवाग जैसे क्रिकेटरों को इससे सबक लेना चाहिए जिन्होंने क्रिकेट से करोड़ रुपए की कमाई कर रखी है लेकिन अभी भी वे सट्टा खिलाने वाले और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले गुटखे का प्रचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल द्रविड ऐसे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बनेंगे। यह उम्मीद की जानी चाहिए। रही बात राहुल द्रविड के मुख्य कोच पद से हटने की तो उन्हें बीसीसीआई में किसी महत्वपूर्ण पद से नवाजा जाना चाहिए। राहुल द्रविड ने अपना पूरा जीवन क्रिकेट के लिए समर्पित कर रखा है। मुख्य कोच के रूप में उन्होंने टीम इंडिया को विश्व कप जीताकर अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय किया है। बीसीसीआई को उनका भविष्य में भी उपयोग करना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

लालच

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से शीरे के बड़े-बड़े ड्रम उतारे जा रहे थे। उन ड्रमों से थोड़ा-थोड़ा शीरा मालगाड़ी के पास नीचे ज़मीन पर गिर रहा था। जहाँ शीरा गिरा था मक्खियाँ आकर बैठ गई और शीरा चाटने लगीं। ऐसा करने से उनके छोटे-छोटे मुलायम पंख उस शीरे में ही चिपक गए, फिर भी मक्खियों ने उधर ध्यान न देकर शीरे का लालच न छोड़ा और काफ़ी देर तक शीरा चाटने में ही मगन रहीं। कुछ समय बाद वहाँ एक कुत्ता भी आ गया। कुत्ते को देखकर वे मक्खियाँ डरीं और वहाँ से उड़ने की कोशिश करने लगीं, परंतु पंख शीरे में चिपक जाने के कारण वे उड़ नहीं सकीं और शीरे के साथ-साथ वे सब भी कुत्ते का भोजन बनती गई। उसी समय उड़ते-उड़ते और कई मक्खियाँ भी उस शीरे पर आकर बैठती गई। उन सबके पंख भी शीरे में चिपक गए और वे भी उस कुत्ते का भोजन बन गई। उन्होंने पहले से पड़ी मक्खियों की दुर्गति और विनाश देखकर भी उनसे कोई सीख नहीं ली, जबकि वही विनाश उनकी भी प्रतीक्षा कर रहा था। यही दशा इस संसार की है। मनुष्य देखता है कि लोभ-मोह किस तरह आदमी को दुर्गति में, संकट में डालता है, फिर भी वह दुनिया के इन दुर्गुणों से बचने की कोशिश कम ही करता है। परिणामतः अनेक मनुष्यों की भी वही दुर्गति होती है, जो उन लोभी मक्खियों की हुई।

जगत प्रकाश नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार

कार्रवाई का आह्वानः हम विश्व जनसंख्या दिवस 2024 मना रहे हैं, जिसका विषय है मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल। हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल, जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं, के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है, जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है, साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं, गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं, जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवार नियोजन सेवा अदायगी में सुधार के लिए पर्याप्त निवेश किया जा रहा है, जिसमें अस्थायी और दीर्घकालिक गर्भनिरोधक विधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पर्याप्त बजटीय आवंटन और स्वास्थ्य सुविधाओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

भारत की परिवार नियोजन यात्रा: हमारे निर्णायक क्षण और चुनौतियां

इस विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

भारत का नेतृत्व और प्रगति

जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया

भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है। 10-24 वर्ष की आयु के 369 मिलियन युवाओं के साथ, भारत एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, पिछले कुछ दशकों में, इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है, जिसमें क्लिनिक-आधारित से लेकर लक्ष्य-उन्मुख तरीके और अब परिवार नियोजन विकल्पों को स्वैच्छिक रूप से अपनाना शामिल है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों

से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसने समग्र नीतिगत उद्देश्यों को व्यापक तरीके से विस्तारित किया है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

मिशन परिवार विकास (एमपीवी)

भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था। आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ और कार्यक्रम में शामिल जिलों में इनके उपयोग में तेजी देखी गयी, जो एमपीवी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तार:

जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1290 - इंग्लैंड के सम्राट ऐडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1346 - लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का शासक चुना गया। 1673 - नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए। 1690 - विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया। 1801 - अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया। 1823 - भारत में निर्मित पहला वाष्प जहाज 'डायना' का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जलावतरण। 1862 - अमेरिकी कांग्रेस ने मेडल ऑफऑनर को प्राधिकृत किया। 1912 - 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी। 1918 - टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट में 500 लोगों की मौत। 1935 - बेल्जियम ने तत्कालीन सोवियत संघ को मान्यता दी। 1949 - महात्मा गाँधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबन्ध को सशर्त हटाया गया। 1957 - अमेरिकी सर्जन लेरोय इ बर्नी ने बताया कि धूम्रपान और फेफड़े के कैंसर में सीधा संबंध होता है। 1960 - भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोई अधिक मगरूर हो संज्ञान

कोई अधिक मगरूर हो संज्ञान ठीक भरपूर हो। रखो अपने को संजीदा दिल से नफरत दूर हो। दुनियादारी पालो इतना बेईमानी का नशा चूर हो। झांको न ये दरिया झरना सेल्फी का ज्यादा सुरूर हो। **सुरेश वैष्णव**

आओ सपनो को फिर से खोल कर

आओ सपनो को फिर से खोल कर बुने चलो हम अपनी प्रीत की एक दुनियाँ चुने। सिलवटे रेत की मिटती हो जैसे कभी दूरियाँ फ़ना हो तुझमें और मुझमें कभी आओ खेत की कोई एक ऐसी पगडण्डी चुने। आओ सपनो को फिर से खोल कर बुने। **नीरज वर्मा नीर**

ख़ास पाती

प्रमुदित नित तन-मन रहे

प्रमुदित नित तन-मन रहे, रज कण रहूँ पलीत। जन्म मिले व्रज गाँव में, प्रेमिल समझूँ रीत॥ प्रेमिल समझूँ रीत, भरी माखन की मटकी। गोपी ग्वालों संग, कृष्ण चाहत में अटकी। सुमन सरित का कूल, देख हो जाऊँ हुलसित। अभिलाषा हो पूर्ण, रहूँ जीवन भर प्रमुदित।। **सुमन ओमानिया**

ग़म वही और वही तन्हाई पुरानी आई

ग़म वही और वही तन्हाई पुरानी आई। आज फिर भेष बदलकर कहानी आई। साथ देता है भला कौन किसी के ग़म में अपनी आवाज़ हमें खुद न उठानी आई। कैसे दुनिया से छुपाते भला हम अपने ग़म बंद दरवाज़ों से होकर भी कहानी आई। यूँ सरे-शाम भला कब मैं तुझे देखती थी। बाद अरसे के घड़ी कोई सुहानी आई। बाँधे रक्खा मेरी उम्मीद ने मुझको अब तक ढलते-ढलते ही कहानी में रवानी आई। अश्क़ आँखों में समंदर सा लिये बैठे हैं दिल ठेस गहरी थी मगर वो भी छुपानी आई। लोग पढ़ते रहे चेहरा मेरा फिर देर तलक यक-ब-यक लब पे ग़ज़ल कोई पुरानी आई।

माधुरी स्वर्णकार

चालीस पैंतालीस साल पहले ज्यादातर

चालीस पैंतालीस साल पहले ज्यादातर मां बाप लड़कियों को इसलिए पढ़ाते थे कि लड़के वालो को बता सकें कि लड़की पढ़ाई कर रही है या फिर कितना पढ़ी है, शादी के बाद तो उम्र भर चुल्हा चौका ही संभालना होता था और वर्चस्व की लड़ाई भी खुद ही लड़नी पड़ती थी क्योंकि पतिदेव तो पहले ही अपने परिवार के पाले में होते थे।

सुनीता पुष्पराज पान्डेय

बतलाइए किधर गया है, कांच

बतलाइए किधर गया है, कांच का गिलास क्या टूट कर बिखर गया है, कांच का गिलास अपने रसीले होठों से जो तुमने छू लिया। खुशियों से पूरा भर गया है, कांच का गिलास इस पर लगे थे दाग़ जो वो साफ़हो गए। धोते ही फिर निखर गया है, कांच का गिलास हाथों में इक नशेड़ी के थर-थर है कांपता देखो तो कैसे डर गया है, कांच का गिलास हाथों में जा के हुस्न के मगरूर हो गया। झागों से कैसे भर गया है, कांच का गिलास। गुस्से में कोई फेंक रहा है इसे या फिर उन्मादी हो बिफर गया है, कांच का गिलास। **अजय अज्ञात**

प्यार में आदते खिदमात भी खल

प्यार में आदते खिदमात भी खल जाती है। इस क़दर शिद्दते जज़्बात भी खल जाती है। अना परस्त को ख़ैरात भी खल जाती है। मनपसंद न हो तो सौग़ात भी खल जाती है। अब तो तन्हाई भी तन्हा नहीं रहने देती दिल को यह शोरिशे ख्यालात भी खल जाती है। दिल के मौसम से वाबस्ता हैं सारे मंजर बेदिली में चांदनी रात भी खल जाती है। साफगो हैं तो ज़रा एहतियात रखियेगा बाज़ औक़ात ख़री बात भी खल जाती है। **अनु मित्तल**

लगते मीलों दूर किनारे उस पर टूटे

लगते मीलों दूर किनारे। उस पर टूटे पंख हमारे। फिर ये कौन स्वप्न में कहता आजा मंजिल तुझे पुकारे। दर्द भरी थीं रातें ठहरीं नस नस में पीड़ाएं गहरीं बन के नेहिल सपना किसने मेरे टूटे पंख दुलारे। भीगी पलकों से मुस्का तू आके साथ दूर तक गा तू पथ में दीप सजा के आशा खड़ी दूर तक, राह किनारे। पलकों से जब बादल झरते आंसू जब गीतों में घुलते कहतीं तब कविताएं कविवर प्रकृति नटी के राजदुलारे।

अजय कुमार सिंह भदौरियास्त्रह्यह्यह्य

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) स्टार्टअप महाकुंभ 2024 का केन्द्रीय विषय क्या है?

4) किस युद्ध से भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई?

5) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) भारत इनोवेट्स (4) तराइन का द्वितीय युद्ध (5) डॉ. बी.एन. गंगाधर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे
1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तीं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:50, सूर्यास्तः 19:15, चन्द्रोदयः 10:23, चन्द्रास्तः 22:58, अयन दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर-क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत) 5126, मास-आषाढ, पक्ष-शुक्ल, तिथि-षष्ठी, नक्षत्र-उत्तर फाल्गुनी, योग-परिघ, प्रथम-करण बालव (10:03 तक), द्वितीय करण-कौलव (23:16 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य-मिथुन, चंद्र-कन्या (19:49 से), मंगल-मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु-वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र-कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु-मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन कर यात्रा करें)।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (टे, टो, प, पा) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज पूर्वनियोजित कार्यो को आगे बढ़ाएंगे इसमें सहकर्मी एवं परिजनों का भी महत्वपूर्व सहयोग मिलेगा।

वृषःआज के दिन आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे।

मिथुनःआज का दिन आपको अवश्य धन लाभ कराएगा। सेहत भी साथ देने से कार्यो में उत्साह बना रहेगा।

कर्कः आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी।

सिंहः आज के दिन आप अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर सकेंगे कार्य व्यवसाय में सरकारी सहयोग मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

कन्याःआज भी परिस्थितिया प्रतिकूल रहने से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिखेगी। लोग आपके हर निर्णय को गलत साबित करेंगे।

तुलाःआज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कुछ भी करने तैयार रहेंगे। परंतु ध्यान रहे अनैतिक कार्य एवं प्रलोभन के अवसर मिलने पर भी ये पारिवारिक मान हानि का कारण बन सकते है।

वृश्चिकः आज आप अपनी मनमानी नीति के चलते सार्वजानिक क्षेत्र पर आलोचना के शिकार होंगे। कार्य व्यवसाय में अधिकांश समय आश्वासनो से ही काम चलाना पड़ेगा।

धनुःआज दिन का पूर्वार्ध आपकी आशाओं से थोड़ा कम लाभ देगा फिर भी कार्यो को बेहतर रूप से करने की कोशिश करेंगे। धन लाभ के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

मकरःआज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे लेकिन असमय क्रोध आने से रक्तचाप अनियंत्रित हो सकता है।

कुंभःआज का दिन आपके लिए प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु विरोधी भी प्रबल रहने से सफलता आसान नहीं रहेगी।

मीनः आज का दिन शुभफलदायी रहेगा सेहत छोटी मोटी व्याधि को छोड़ सामान्य रहेगी।

निगम में कार्यरत महिला स्टाफ से दुर्व्यवहार पर होगी कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किसी प्रकार का भेद भाव या अन्य किसी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि न हो। इसके लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समिति का गठन किया है। निगम में कार्यरत सभी महिला स्टाफके साथ अगर किसी प्रकार का दुर्व्यवहार अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है। संबंधित महिला कर्मचारी लिखित में आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। समिति दोनों पक्षों की बातों को सुनेगी तत्पश्चात उचित निर्णय लेगी। समिति गठन करने का उद्देश्य यही है किसी के साथ भेदभाव ना हो, किसी प्रकार का महिला उत्पीड़न ना हो, सबको समान अधिकार मिले। उसके खिलाफ सुनवाई हेतु निगम के शिकायत समिति समक्ष आवेदन कर सकती है। समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पीड़ित पक्षकार के हित में फैसला लिया जायेगा, जो सब को मान्य होगा। शासन के आदेशा अनुसार गठित समिति में अध्यक्ष दीप्ति साहू, सचिव रीता चतुर्वेदी, सदस्य चंचल शर्मा, रीमा जामुलकर, शोभा चैबे, अपर्णा क्षीरसागर, नीतिलता विश्वकर्मा, प्रियंका राव, लक्ष्मी, नसीमा बेगम, चंद्रकला देशमुख, शानु मोहनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति की बराबर बैठक होगी। आयुक्त ने सभी से कहा महिलाओं का सम्मान करें, उनसे अच्छी तरह से बात करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विनम्रता से आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान : सांसद बघेल

■ **शिविर की सफलता के लिए जनता का सहयोग जरूरी : कलेक्टर**

■ **दरबार मोखली जनसमस्या शिविर में 255 आवेदन निराकृत**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने, समझने और समाधान के लिए आज जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला

प्रशासन के समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी सम्मलित हुए और विभाग को ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किये। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 407 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 255 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष 152 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजना से 37 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सांसद विजय बघेल भी इस जिला स्तरीय शिविर में शिरकत किये। शिविर में कृषि, उद्यानकी, पशुपालन, मत्स्य, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, सहकारिता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी की मौजूदगी में विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को अवगत कराये। शिविर में जिला पंचायत के अधिकारियों ने जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने नारी शक्ति से जल शक्ति व जल मड़ाई के महत्व को प्रदर्शित किया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद बघेल ने भी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

आज मुख्यमंत्री साय का आगमन

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 जुलाई को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री साय अपरान्ह 1.30 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 1.50 बजे बीएसपी हेलीपेड ग्राउण्ड सेक्टर 06 भिलाई पहुंचेंगे और कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 1.55 बजे बैकुण्ठ धाम मंदिर नेवई (बांधा पारा) भिलाई पहुंचेंगे। वे यहां पर अपरान्ह 2.55 बजे तक छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

कुएं में गिरी महिला, मौत

भिलाई। जिले के धमधा थाना अंतर्गत सिरना भाठा गांव में एक महिला की 40 फिट गहरे कुएं में गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्ष्ठक्रस्न दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला। बता दें कि महिला का शव दो दिन पहले का है। फिलहाल धमधा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को उन्हें सूचना मिली कि सिरना भाठा गांव के एक कुएं में महिला का शव पड़ा हुआ है। शाम हो जाने से टीम रात में नहीं गई। गुरुवार सुबह टीम के लोग वहां पहुंचे। वो लोग कुएं में नीचे उतरे इसके बाद महिला के शव को रस्सी से बांधकर ऊपर निकाला गया। मृतिका की पहचान गीता गौरैया पिता मोहन गौरैया निवासी ग्राम सिरनाभाठा थाना धमधा के रूप में हुई।

चलती कार में लगी आग

भिलाई। जिले में धमधा नाका एफसीआई गोदाम के सामने एक चलती इंडिका कार में आग लग गई। कार से लपटें निकलता देख उसमें सवार सभी लोग भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। डीजल से चलने वाली कार में आग लगने की वजह ओवर हीटिंग बताई जा रही है। घटना बुधवार रात 9 बजे के आसपास की है। कार दुर्ग से धमधा नाका की तरफ जा रहा था। जैसे ही एफसीआई गोदाम के पास पहुंचा उसने एक कार को आग की लपटों से घिरा हुआ देखा। कार के पास ही कई ट्रक भी खड़े थे। आग इतनी तेज थी कि उसने एक ट्रक को भी अपने चपेट में ले लिया था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

131.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 01 जून से 11 जुलाई तक 131.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 245.5 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 74.4 मिमी. धमधा, दुर्ग में 102.6 मिमी, भिलाई 3 में 106.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

30 तक अग्निवीर का आवेदन

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेना के वेबसाइट या जिला रोजगार कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्वच्छता की अलख जगाने पहल

पद्मश्री, गायक, साहित्यकार, डॉक्टर और एक्टर रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम ने 20 लोगों को ब्रांड एम्बसेडर बनाया है। इसमें पद्मश्री, डॉक्टर, योग गुरू, लोक कलाकार, भजन गायक, साहितयकार और एक्टर शामिल है। रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर शहर को अन्य निकाय से सुंदर बनाने आम नागरिक को प्रोत्साहित करेंगे।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि रिसाली निगम क्षेत्र संस्कृति, साहित्य और कला के क्षेत्र में धनी है। सर्वेक्षण 2024 में रिसाली का मान बढ़ाने सब मिलकर एक सूत्र में बंधकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर आम नागरिकों को शहर को साफ सुथरा रखने प्रोत्साहित करेगा। इससे रिसाली की छवि बेहतर होगी और राज्य में हम अच्छे स्थान पर रहेंगे। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जन स्वास्थ्य विभाग अलग से कार्य योजना तैयार उसे मूर्त रूप दे रहा है।

ये है रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर

पद्मश्री राधेश्याम बारले, गजल भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, मनोज वर्मा अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी, नित्य विभूषण डॉ. राखी राय, डॉ सोनाली चक्रवर्ती कलाकार, रजनी रजक लोकगायिका, रिखी क्षत्रिय राष्ट्रीय लोक वाद्य संग्रहक एवं वादक, संतोष मांझी, साहित्यकार, डी.पी. देशमुख लोककला मर्मज्ञ, दुर्गा प्रसाद पारककर साहित्यकार, रजनीश मांझी एक्टर, अशोक महेश्वरी योग गुरू, दिनेश बाजपेयी समाजसेवी, एस. संजीव शिक्षाविद, प्रदीप साहू फिटनेश कोच, डॉ विजिन अरोरा चिकित्सक, कुवर नरेन्द्र राठोर पर्यावरण विद, डॉ. कामता प्रसाद साहू, चिकित्सक, ललित वर्मा पर्यावरण मित्र, राजदीप सेन शिक्षक।

मिलकर यह कार्य करेंगे

10 जुलाई से संगठनों के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास, 15 जुलाई से मोहल्ला समिति में स्वच्छता एवं जल संसाधनों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाना, 21 जुलाई से सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय को कैसे साफ रखे, 28 जुलाई से स्वच्छता दीदी द्वारा डोर टू डोर कैंपेन, 4 अगस्त से नुक्कड़ नाटक, विद्यालयों में रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता, 15 अगस्त को प्रतिभागियों का सम्मान, 16 अगस्त स्वास्थ्य परीक्षण, 25 अगस्त से खुले में कचरा फेकने पर रोक लगाने अभियान।

गांजा समेत बिहार के 3 तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग तथा थाना छावनी की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को पकड़ा है।आरोपियों के कब्जे से 40.900 कि.ग्रा. गांजा एवं 03 नग मोबाईल जुमला कीमती तकरीबन 04 लाख 17 हजार रूपये की मशरूका जब्त की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर ने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक (छावनी) हरीश पाटिल (रा.पु.से) के मार्गदर्शन में एवं एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम व थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।शहर के प्रवेश एवं निकास के रास्तों पर चेकिंग प्वाईन्ट लगा कर लगातार चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति जिनकी उम्र 20-22 साल है जो अपने पास अलग-अलग पिट्ठू में गांजा रखकर पावर हाउस से रायपुर जाने होण्डा शो रूम पावर हाउस के पास खड़े है की सूचना पर टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताये हुलियानुसार पिट्ठू रखे तीनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम अजीत कुमार, दीपक कुमार सिंह व बिगन अंसारी बताये जिनके पास रखे पिट्ठू की तलाशी लेने पर अजीत कुमार के पास रखे पिट्ठू से 16.900 कि.ग्रा., दीपक कुमार के पास रखे पिट्ठू से 12 कि.ग्रा. एवं बिगन अंसारी के पास रखे पिट्ठू से 12 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा संयुक्त रूप से आरोपियों के कब्जे से कुल 40.900 कि.ग्रां मादक पदार्थ गांजा एवं 03 नग मोचाईल सहित तकरीबन 04 लाख 17 हजार रूपये की मशरूका जप्त किया जाकर अग्रिम कार्यवाही थाना छावनी से की जा रही है। इस कार्रवाई में एसीसीयू से सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. संतोष मिश्रा, आरक्षक रिन्यू सोनी, जी रवि, गुनित कुमार, शौकत अली, विक्रांत यदु एवं थाना छावनी से उ.नि. वरूण देवता, आर. पंकज राय, धर्मेन्द्र सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

लोक कलाकारों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। विगत दिनों सरदार बालवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में पंचायत सचिव दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। इस गरिमामयी कार्यक्रम के आयोजक उपेंद्र सिंह पैकरा पंचायत सचिव प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश पंचायत सचिव के पदाधिकारी एवं पंचायत के सचिव थे। इस

आयोजन में लोकमया एवं लोकधारा के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं छत्तीसगढ़ की झांकी प्रस्तुत की गई जिन्हें अतिथियों सहित उपस्थित दर्शक दीर्घा ने खूब सराहा। अपनी जीवंत प्रस्तुति से कलाकारो ने खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में शासन की महती योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री साय को महेश वर्मा द्वारा रचित अभिनंदन पत्र महेश एवं राजेंद्र साहू द्वारा भेंट किया गया। साथ ही कलाकार राजेन्द्र एवं गंगाप्रसाद साहू द्वारा अभिनंदन गीत की प्रस्तुति दी गई। यह गीत भरथरी शैली में गाया गया जिसे लोगों ने पसंद किया। अतिथियों ने इस प्रस्तुति के लिए कलाकारों की तारीफकर उन्हें बधाई दी। बता दें कि महेश व राजेन्द्र कुम्हारी के लोककला मंच लोकमया और लोक धारा से जुड़े हुए हैं इन्होंने प्रदेश ही नही बल्कि देश विदेश में भी अपनी प्रस्तुति देकर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

पंचमी पर्व में शामिल हुए विधायक ललित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेक्टर 10 भिलाई में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की अद्भुत रथ यात्रा महोत्सव गुंडीचा हेरा पंचमी पर्व में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और क्षेत्र की जनता की सुख शांति व समृध्दि की कामना कर भगवान श्री जगन्नाथ जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपार जन समूह के प्रभु के प्रति स्नेह और उत्साह देख मन अत्यंत आनंदित हो गया। प्रभु श्री जगन्नाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करे। विधायक चंद्राकर ने कहा भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं और उसी से जुड़ा हुआ है हेरा पंचमी महापर्व हेरा' का अर्थ है देखना या निहारना और 'पंचमी' का आशय है पांचवां

दिन अर्थात हिंदू मान्यताओं के अनुसार हेरापंचमी यानी रथ यात्रा शुरू होने के पांचवें दिन भगवान जगन्नाथ की तलाश में माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ की मौसी के घर यानी गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करती हैं। पुरी रथ यात्रा से जुड़ा यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो प्रत्येक वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन गुंडिचा मंदिर में मनाया जाता है। आज हेरा पंचमी पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया साथ ही भंडारा का अयोजन किया। इस दौरान रिंकू साहू, ईश्वरी नेताम, पार्षद मनीष यादव, अंचल यादव, जगन्नाथ समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक, त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी. त्रिनाथ मौजूद थे।

साध्वी सुमंगल प्रभा का आज नगर प्रवेश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य अनुशासन मिश्रीमल म.सा.'मधुकर के प्रधान सुशिष्य उपप्रवर्तक सलाहकार विनयमुनिज भीम की आज्ञानुवर्तिनी मधुकर कुल प्रमुखा मनोहर कुंवरजी की सुशिष्याएं साध्वी डॉ सुमंगल प्रभा, साध्वी डॉ सुवृद्धि, रजत प्रभा, प्रांजल वंदना के साथ नगर का पावन धरा पर प्रथम बार 12 जुलाई पार्श्व की तीर्थ नागपुर के रास्ते कोटनी से नगर प्रवेश होने जा रहा है। श्रमण संघ के सभी सभी संगठन चंडी मंदिर के पास उपस्थित होकर साध्वी समुदाय के स्वागत अभिनन्दन के लिए चंडी मंदिर के पास प्रातः 7:30 बजे उपस्थित रहेंगे। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल श्रमण संघ महिला मंडल एवं वर्धमान सेवा मंच के सदस्य साध्वी समुदाय के स्वागत के लिए तैयार है। यहां से सभी भगवान महावीर के जयकारों के साथ लोढ़ा भवन खंडेलवाल कॉलोनी साध्वी समुदाय के साथ जाएंगे। 2 दिन महावीर कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी, ऋषभ कॉलोनी विचरण के पश्चात 15 जुलाई को प्रातः 6:30 ज्ञानचंद संदीप बाफ्ना पचरीपारा इंदिरा मार्केट से मोती कंपलेक्स, गांधीचौक, शनिचरी बाजार होते हुए जय आनंद मधुकर भवन में चतुर मासिक मंगल प्रवेश होगा।

परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित

दुर्ग/नवप्रदेश। छग शासन परिवहन विभाग दुर्ग संभाग अंतर्गत जिला मुख्यालय में लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र में शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्धता और साथ ही आम जनता को परिवहन से संबंधित सेवाएं आसानी से घर के निकट उपलब्ध कराई जा रही है। संभाग स्तरीय दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद एवं बेमेतरा में संचालित परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालकों की कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा, परिवहन मुख्यालय नया रायपुर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, परिवहन निरीक्षक विष्णुप्रसाद ठाकुर एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुभाष बंजारे की उपस्थिति में संचालकों को योजना की जानकारी दी।

आईजी ने नवीन कानूनों के संबंध में दी जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देशानुसार आज पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर 6 में नवीन कानूनों के संबंध में पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हुए नवीन अपराधिक कानूनों जिसमे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम को पत्रकारों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराना था, ताकि वे समाज को सटीक और विस्तृत जानकारी प्रदान कर सकें। कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने नए

कानूनों और उनके प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में पत्रकारों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय की गहनता को समझने का प्रयास किया। इस पहल से पत्रकारों को अपने कार्य में अधिक दक्षता और सटीकता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला के अंत में मिडिया से कहा नवीनतम कानूनों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

इस्पात संयंत्र ने एनएमडीसी स्टील प्लांट को आपूर्ति की लाइम

■ **आपूर्ति के लिए संयंत्र निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आरएमपी-3 बिरादरी को किया प्रेरित।**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र ने सेल में पहली बार किसी अन्य स्टील प्लांट को लाइम का विक्रय किया है। 8 जुलाई 24 को जगदलपुर में एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट के लिए 20000 टन लाइम की पहली खेप को कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं पीके सरकार की उपस्थिति में डोलो कैल्सीनेशन प्लांट (एलडीसीपी) के रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 (आरएमपी-3) से रवाना किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी आरएमपी-2 व 3 आरके मुखर्जी,

महाप्रबंधक कॉन्ट्रैक्ट सेल-वर्क्स आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक रॉ-मटेरियल विभाग रंजन भारती, महाप्रबंधक मार्केटिंग श्री जगन्नाथ, महाप्रबंधक सीएंडआईटी ए सचदेव, महाप्रबंधक सीएंड आईटी जेपीएस चौहान तथा महाप्रबंधक मैकेनिकल मेंटेनेंस-आरएमपी 3 सुशांत पाल उपस्थित थे। बीएसपी के मॉडेक्स कार्यक्रम के तहत जून 2018 में स्थापित रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 एक नई और आधुनिक इकाई है। एनएमडीसी स्टील प्लांट को आपूर्ति की जा रही लाइम की पहली खेप को हरी झंडी दिखाते हुए, कार्यपालक निदेशक अंजनी ने आरएमपी-3 टीम और सहयोगी विभागों को बधाई दी। एनएमडीसी स्टील प्लांट को लाइम आपूर्ति के लिए इस्पात संयंत्र निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आरएमपी-3 बिरादरी को प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी श्री दासगुप्ता के मार्गदर्शन में एनएमडीसी के प्लांट को लाइम आपूर्ति करने की पहल से न केवल आरएमपी-3 में संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा, बल्कि इससे संयंत्र को लाभ भी प्राप्त होगा। लाइम के अत्यधिक हाइड्रोस्कोपिक होने के कारण एनएमडीसी प्लांट को आपूर्ति किए गए लाइम की उचित पैकेजिंग का विशेष ध्यान रखा गया। आरएमपी-3 का प्रमुख कार्य फ्लक्स का कैल्सीनेशन करना है, जिसे इस्पात शुद्धिकरण प्रक्रिया में उपयोग हेतु बीएसपी की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में आपूर्ति की जाती है। इस्पात निर्माण में दैनिक मांग को पूरा करने के लिए उचित फ्लक्स जैसे लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट की उपलब्धता आवश्यक है। आरएमपी-3 में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली लाइम का उत्पादन करता है। बीएसपी द्वारा आपूर्ति की गई लाइम, एनएमडीसी स्टील प्लांट में उच्च उत्पादन के लिए स्टील निर्माण प्रक्रिया के स्टेबलाइजेशन में सहयोग करेगा। पांच वर्टीकल पीएफआर-टाइप गैस-फायर्ड किल्नस और अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3, लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट के उत्पादन का सबसे उपयुक्त व किफायती विकल्प बन गया है। इन कारणों से उचित दर पर एनएमडीसी प्लांट को लाइम आपूर्ति किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आरएमपी-3 ने लाइम की गुणवत्ता में सुधार के लिए आईएसपी प्लांट को तकनीकी सहायता भी प्रदान की है। श्री मुखर्जी ने संयंत्र के निदेशक प्रभारी, कार्यपालक निदेशक वर्क्स और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन को उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आरएमपी-3 की संकल्पित टीम अपना सर्वश्रेष्ठ देने प्रतिबद्ध है।

ओवरलोडिंग से मिलेगी राहत, दो भागों में बांटा फीडर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए नित नये कार्य किए जा रहे हैं। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ते हुए लगभग 29 लाख 54 हजार रुपए की लागत से जवाहर नगर जोन के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. कर्मचारी नगर सबस्टेशन से निकलने वाली लगभग 15 किलोमीटर दूरी के एसटीएफफीडर को दो भागों में बांटकर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर को चार्ज किया गया है, जिससे पूर्व से स्थापित फीडर पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। उक्त नये 11 के.व्ही फीडर को मुख्य अभियंता एम.जामुलकर द्वारा चार्ज किया गया। श्री

जामुलकर ने बताया कि 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) कर्मचारी नगर से बघेरा जोन एवं बघेरा वितरण केंद्र के लिए निकलने वाले 11 के.व्ही एसटीएफ फीडर पर लोड बहुत अधिक हो रहा था जिसे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए दो लगभग 8-8 किलोमीटर 11 के.व्ही. लाइन के साथ विभाजित कर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर चार्ज किया गया, जिससे शहर में विद्युत व्यवधान एवं लोड को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त फीडर के चार्ज होने से बघेरा वितरण केंद्र के कोटनी बस्ती के साथ पंप के पूरे वितरण ट्रांसफार्मर अलग हो जाएंगे। जिससे बीड़ी कालोनी, बजरंग चौक, मुर्राभाटा, सुंदरनगर, दमादपारा, उरला, हाउसिंग बोर्ड, एसटीएफ कॉलोनी बघेरा एवं आसपास के क्षेत्र को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी। उक्त फीडर के चार्ज होने से बघेरा जोन एवं बघेरा वितरण से 1850 उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

सीएम साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान- का किया शुभारंभ

- प्रदेशव्यापी अभियान के तहत 33 जिलों में होगा 4 करोड़ वृक्षों का रोपण
- एक पेड़ मां के नाम लगाने मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से किया आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के अटल नगर स्थित जैव विविधता पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्ण विधि विधान से पूजन कर पीपल के पौधे का रोपण कर महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री द्वारा अभियान का बैनर जारी किया गया। इस अभियान के तहत वन विभाग द्वारा प्रदेशभर में 4 करोड़ वृक्ष लगाये जाएंगे। इसी के अंतर्गत में आज प्रदेश के 33 जिलों में कुल 4 लाख पेड़ लगाए गए। आज महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के मौके पर जैव विविधता पार्क में मुख्यमंत्री श्री साय के साथ सभी कैबिनेट मंत्रीगणों, स्कूली बच्चों, सीआरपीएफ के जवानों, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 20 हजार पेड़ लगाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ओपन जिप्सी में वृक्षारोपण क्षेत्र का भ्रमण कर अभियान में हिस्सा ले रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक इंद्र कुमार साहू एवं श्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे। सभी ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के 140 करोड़ लोगों से आह्वान किया है कि सभी अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएं। उनके आह्वान पर यह एक आंदोलन बन गया है, हम लोग छत्तीसगढ़ में भी इसको अभियान के रूप में ले रहे हैं और अकेले वन विभाग का 4 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 33 जिलों में वन विभाग द्वारा 6 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। बहुत सी प्रजातियों के पेड़ लगाएं जा रहे हैं। पीपल का पेड़ जो 24 घंटा ऑक्सीजन देता है, नीम का पेड़, हर्रा बहेड़ा आंवला जैसे गुणकारी पौधे लगाए जा रहे हैं हर किसी को पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है आप सब लोग देख रहे हैं कि पेड़ कम होने से गर्मी के दिनों में गर्मी बहुत बढ़ रही है इस साल तो रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पूरे देश में पड़ी है।

महतारी वंदन योजना की बहनों से भी करेंगे पेड़ लगाने की अपील

मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना की बहनों को राशि वितरण के लिए अगस्त माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वे माता-बहनों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील करेंगे। यदि 70 लाख महिलाएं पेड़ लगाएंगी तो लक्ष्य आसानी से पूरा होगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक वृक्ष अपने मां के सम्मान में लगाकर उसकी देखभाल करें।

न्यूज गैलरी

अब मितानिनों को होगा ऑनलाइन प्रोत्साहन राशि का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 जुलाई को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि दिए जाने की व्यवस्था का शुभारंभ करने के साथ ही सीधे उनके बैंक खातों में प्रोत्साहन राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तर से मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का भुगतान पारदर्शी प्रशासन की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का यह कार्यक्रम 12 जुलाई पूर्वान्ह 11 बजे से रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव तथा विजय शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरू खुशवंत साहेब और इंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

उद्योग मंत्री देवांगन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमिनार में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमीनार शुक्रवार 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल सयाजी रायपुर में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होगें। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी अहम साबित होगा। कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर के रूप में उद्योग विभाग का यह आयोजन प्रदेश के छोटे-बड़े कंपनियों के लिए निवेश प्राप्त करने का यह प्रयास स्थानीय व्यवसायियों के लिए उनके उद्योग को बढ़ाने में निवेश प्राप्त करने का सबसे बेहतर माध्यम बनेगा। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा सेमीनार में उपस्थित होने वाले उद्यमी नए निवेशकों से निवेश प्राप्त करने के लिए आईपीओ से जुड़ सकेंगे। इस सेमीनार में निवेश के इच्छुक उद्योग और कंपनियों को उनके एनएसई रजिस्ट्रेशन, हैंड हैंडलिंग, तकनीकी गाईड करना, उनका डॉक्यूमेंटेशन तैयार करने संबंधी सारी प्रक्रिया की बेसिक जानकारी दी जाएगी।

नए शिक्षा सत्र से कृषि विश्वविद्यालय में लागू होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

- विश्वविद्यालय की विद्या परिषद ने किया अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जुलाई-अगस्त से प्रारंभ नये शैक्षणिक सत्र में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न प्रावधानों को लागू किया जाएगा। इन प्रावधानों के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में चार वर्ष की पढ़ाई पूर्ण न कर पाने वाले विद्यार्थियों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। अब सैद्धान्तिक पढ़ाई की बजाय प्रायोगिक पढ़ाई पर अधिक ध्यान दिया जाएगा और इसे रोजगारमूलक बनाया जाएगा। विद्यार्थी ऑनलाईन प्लेटफॉम के माध्यम से भी पढ़ाई कर सकेंगे। पढ़ाई की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए नियमित अध्यापकों के अलावा विजिटिंग प्रोफेसर, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस तथा एडजंट फैकल्टी की नियुक्ति भी की जाएगी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित विद्या परिषद की बैठक में इस आशय के निर्णय लिये गये।

गौरतलब है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की विद्या परिषद की बैठक 09 जुलाई 2024 को आयोजित की गई, जिसमें स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इसी शैक्षणिक सत्र (2024-25) से लागू किये जाने के प्रस्ताव को पारित किया गया। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम जिसमें बी.एस.सी. (आनर्स) कृषि, बी.टेक. कृषि अभियांत्रिकी एवं बी.टेक. खाद्य प्रौद्योगिकी में इसे लागू किया जावेगा। इस नीति के लागू होने के उपरान्त स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में यदि पाठ्यक्रम स्तर की पढ़ाई छोड़ना चाहे तो उन्हें इसकी अनुमति होगी और इसके साथ उन्हें 10 सप्ताह का इंटर्नशिप कोर्स करने के साथ प्रथम वर्ष के उपरान्त प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किया जायेगा। यदि वह द्वितीय वर्ष के बाद पाठ्यक्रम की पढ़ाई से बाहर होता है तो इसी अवधि की इंटर्नशिप करने पर डिप्लोमा प्रदान किया जायेगा।

ऐसे विद्यार्थी सर्टिफिकेट/डिप्लोमा प्राप्त कर स्व-रोजगार या रोजगार कर सकते हैं। अगर उन्हें स्व-रोजगार या रोजगार में कुछ दिन कार्य करने के उपरान्त असंतुष्टि मिलती है और वह आगे की पढ़ाई जारी करना चाहते हैं तो वे पुनः अपने स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं, परन्तु यह अवधि उनके प्रवेश लेने के एवं स्नातक उपाधि पूर्ण करने के सात वर्ष से अधिक नहीं होगी।

पर्चा लीक के बीच प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर सीएस ने किया अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस बीच छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज इसको लेकर कलेक्टरों को निर्देश दिया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर राज्य के सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक ली।

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों में भर्ती परीक्षाओं सहित अन्य रोजगार परीक्षाओं में सुचिता और सुरक्षा को लेकर भारत सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी जिलो के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर सर्तकता एवं संवेदनशीलता से कार्य करें।

इस संबंध में मुख्य सचिव ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सतर्कता बरती जाए। इसी तरह से भारत सरकार द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने डायरिया नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाली नीट-पीजी, यूजीसी-नेट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रत्येक जिले में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है जिले के अंदर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए बनाये जाने वाले परीक्षा केन्द्रों पर अत्यंत सुरक्षा और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जाए। इसी तरह से स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत ऐसे संवेदनशील क्षेत्र जहां पिछले वर्षों में डायरिया के प्रकरण हुए है वहां अत्यंत सतर्कता बरती जाए।

एसएसपी संतोष सिंह ने किया टिकारापार थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे को लाइन अटैच

- आदेश जारी, मनोज साहू को बनाया प्रभारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के टिकरापारा थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे को स्स्क संतोष सिंह ने लाइन अटैच कर दिया गया है। मनोज साहू को टिकरापारा थाने का नया टीआई बनाया गया है। निरीक्षक दुर्गेश रावटे के खिलाफकई शिकायतें मिली थी। जिसके के बाद कार्रवाई की गई है।

दरअसल, 8 जून को अंतरराज्यीय बस स्टैंड में टिकरापारा थाने के चार कॉन्स्टेबल ने एक सिख युवक की पगड़ी गिराकर उसका बाल खींचकर मारपीट की थी। इस मामले में बदसलूकी को देखकर सिख समाज ने इसकी निंदा करते करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और गृह मंत्री से शिकायत की थी। इस मामले में 4 आरक्षकों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं, गुरुवार की शाम स्स्क ने आदेश जारी कर टीआई दुर्गेश रावटे को लाइन अटैच कर दिया है।

बीते दिनों टीआई रावटे को कॉप ऑफद मंथ सम्मान मिला

ऑफ द मंथ के पुरूस्कार से सम्मानित किया था और कुछ दिनों बाद गुरुवार को उन्हें लाइन हाजिर करने का आदेश जारी कर दिया जो की समझ से परे है। वहीं निरीक्षक मनोज साहू को टिकरापारा थाने का नया टीआई नियुक्त करते हुए इलाके में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत देते हुए नियुक्त किया गया है।

महाराष्ट्र मंडल में 27 से संस्थागत कैरम स्पर्धा

- क्रीडा समिति की त्रैमासिक कार्ययोजना की गई फाइनल
- बहु प्रतीक्षित नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता होगी 4 अगस्त को

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में नगर स्तरीय संस्थागत कैरम स्पर्धा 27 और 28 जुलाई को आयोजित की गई है। मंडल की उपाध्यक्ष और क्रीडा समिति की समन्वयक गीता दलाल ने इस आशय की जानकारी दी। महाराष्ट्र मंडल कार्यालय में बुधवार, दोपहर को हुई बैठक में क्रीड़ा समिति की त्रैमासिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई और इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गीता के अनुसार इससे पहले जुलाई के तीसरे व श्रावण मास के पहले सप्ताह में महिलाओं के बीच मंगला गौरी स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महाराष्ट्र मंडल के अलावा रायपुर शहर में भी पहली बार होगा। महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष के मुताबिक रायपुर शहर में पहली बार 27 और 28 जुलाई को संस्थागत स्पर्धा में कई ऐसी

संस्थाओं के छिपे हुए खिलाड़ियों से परिचय होगा, जिन्हें अब तक अपना हुनर दिखाने का अवसर नहीं मिला। खेल समिति की समन्वयक ने बताया की 4 अगस्त को नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष भी महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित इस स्पर्धा में शहर की कई जानी- मानी टीमों ने भाग लिया था और विजेता- उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सोने के सिक्के बतौर इनाम दिए गए थे। गीता दलाल के अनुसार अगस्त के तीसरे सप्ताह में शैक्षणिक संस्थाओं और डांस एकेडमी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच बैटल स्पोर्ट्स डांस कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के वायरल वीडियो से भाजपा का रोजगार विरोधी उजागर : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के वायरल वीडियो पर तंज कसते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नौकरी दे नहीं सकते तो वादा क्यों करते हो? वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मिलने आए युवाओं से कहा कि सरकारी नौकरी नहीं है जबकि प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में पद रिक्त है। भाजपा सरकार को प्रदेश के सरकारी विभागों में रिक्त पदों की संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए ताकि युवाओं के बीच सच्चाई सामने आए और जल्द भर्ती की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का वादा किया था। अब भाजपा की सरकार युवाओं के वादों को पूरा करने में असमर्थ नजर आ रही है भाजपा सरकार के नियत में खोट है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई यह है सरकारी पद तो रिक्त हैं, लेकिन यह सरकार नौकरी देने के लायक नहीं है। एक बार फिर युवाओं के साथ धोखा भाजपा कर रही है। भाजपा पहले भी दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा कर देश भर के युवाओं से धोखा कर चुकी है। अब प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद अनियमित कर्मचारियों की छटनी की जारी है। एकलव्य आवासीय विद्यालय में सेवारत 630 से अधिक शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। क्रेडा विभाग में भी 750 से अधिक बस्तर के युवाओं को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। शिक्षक भर्ती में बेड और बीएड वालों के बीच विवाद को खत्म कर ने न्यायालय में मजबूती से पक्ष नहीं रखा गया जिसके चलते 4000 से अधिक बीएड धारी चयनित शिक्षक भी नौकरी से बाहर हैं। यह सरकार ना तो रोजगार दे पा रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आईएएस अधिकारी बनें बदलाव ...
अपनी आंखों के सामने बदलाव होते देखेंगे तो उन्हें संतुष्टि महसूस होगी।
उन्होंने कार्मिक राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, और सचिव (गृह और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) ए.के. भल्ला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कहा, अब यह आप की पसंद है कि आप सेवा वितरण में स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनना चाहते हैं या सुपरफास्ट हाईवे।
नए भारत में सक्रियता की मांग
पीएम मोदी ने कहा कि नया भारत सुस्त रवैये से संतुष्ट नहीं है और सक्रियता की मांग करता है और अधिकारियों को चाहिए कि वे सभी नागरिकों को सर्वोत्तम संभव सुशासन, विनिर्माण की गुणवत्ता और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करें। मोदी ने कहा कि उनके लिए राष्ट्र प्रथम केवल एक नारा नहीं बल्कि उनके जीवन का उद्देश्य है और उन्होंने अधिकारियों से इस यात्रा में उनके साथ चलने का आह्वान किया।

मोदी को मणिपुर जाकर करनी ..
काटने पर मजबूर हैं। सांसद गांधी ने कहा प्रधानमंत्री को मणिपुर खुद आकर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन मणिपुर में शांति की ज़रूरत को संसद में पूरी शक्ति के साथ उठाकर, सरकार पर इस त्रासदी को खत्म करने का दबाव बनाएंगे।

छत्तीसगढ़ को आगे ...
सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। माओवाद पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रदेश में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय वित्त आयोग से राज्य को अधिक वित्तीय सहायता प्राप्त हो तो निश्चित ही लोकहित कार्यों को बड़े पैमाने पर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि, विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ तैयार करने के लिए हम काम कर रहे हैं। देश तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और इसके लिए छत्तीसगढ़ भी पूरी मेहनत से काम कर रहा है। हमारी अपेक्षा है केंद्रीय वित्त आयोग छत्तीसगढ़ के हमारे विजन को बढ़ने में अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करें।

वित्त आयोग के अध्यक्ष ...
पहुंचकर मुझे बहुत अच्छा लगा और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई।

नया रायपुर की खूबसूरती ...
आयोग अध्यक्ष से यह कहा सीएम साय ने : राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां कठिन हैं। इससे फंड का अतिरिक्त भार आता है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना से चल रहे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं डेवलप करने के कार्यों के लिए वित्त आयोग की सहायता जरूरी है। अगर केंद्रीय वित्त आयोग से राज्य को अधिक वित्तीय मदद मिलेगी तो लोकहित के कार्यों को बड़े पैमाने पर बढ़ा सकते हैं। हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, इसलिए चाहते हैं कि हमारे विजन के छत्तीसगढ़ के लिए ज्यादा आर्थिक सहायता दी जाए।

नीट-यूजी: अभी और ...
यहां पर नहीं हैं। फिर सीजेआई ने कहा कि ठीक है अब मामले की सुनवाई गुरुवार (18 जुलाई) को होगी। साथ ही कोर्ट ने केंद्र और एनटीए के हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले लिया. सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं को जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।
इससे पहले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल किया. एनटीए ने हलफनामे में बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पेपर बनाने को लेकर कड़ी सुरक्षा प्रक्रिया का पालन किया जाता है। कई विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में पेपर बनाए जाते हैं। उन्हें सीलबंद लिफाफे में रखा जाता है। सीसीटीवी की निगरानी में प्रिंटिंग कराई जाती है. कड़ी सुरक्षा और जीपीएस ट्रैकर तथा डिजिटल लॉक के साथ पेपर को परीक्षा केंद्रों में भेजा जाता है।
लीक मामले में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी
दूसरी ओर, सीबीआई ने पेपर लीक मामले में मंगलवार को पटना से एक अभ्यर्थी समेत 2 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया. इस गिरफ्तारी के साथ ही जांच एजेंसी की ओर से अब तक मामले में 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं. एक अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार है जब एजेंसी ने पेपर लीक से जुड़ी कथित अनियमितताओं के सिलसिले में किसी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने नालंदा के रहने वाले नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया के रहने वाले अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया है।
जांच एजेंसी की ओर से जानकारी दी गई कि सीबीआई ने पेपर लीक मामले में बिहार से अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि महाराष्ट्र के लातूर और गुजरात के गोधरा में कथित हेराफेरी के सिलसिले में एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया. जबकि देहरादून में साजिश के सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।स्कूल के प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य तथा उन 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है,

फिर से परीक्षा का आदेश...
पता लगाना चाहता है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने केंद्र और परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से कड़े शब्दों में कहा, 'हमें नकारना की मुद्रा में नहीं रहना चाहिए। इससे समस्या और बढ़ जाएगी।'
मामले में अब तक 6 एफआईआर दर्ज सीबीआई पहले ही झारखंड के हजारीबाग जिले में स्थित ओएसिस जिन्होंने छात्रों को कथित तौर पर सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था।

कार्यालय नगर पंचायत देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
क्रमांक /108/न.पं./लो.नि.वि./2024 देवकर दिनांक 10/07/2024
-:: निविदा निरस्तीकरण सूचना ::-
कार्यालय नगर पंचायत देवकर, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा दिनांक 03/07/2024 को निविदा क्रमांक 290 मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
दिनांक :- 10/07/2024
सूचना पावे ।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत देवकर
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
Bhilai Steel Plant
Bhilai Dist. Durg, Chhattisgarh, India, 490001
EXTENSION OF DATE
Ref. Advt. No. BSP-04/24-25, Dt. 25/05/2024
NIT No: - NIT no-CCNW/PR-1130023555/EP-2024300007
Name of the Work: TENDER/AUCTION OF SHOPS/ PLOTS IN BSP TOWNSHIP FOR ALLOTMENT ON LICENSE BASIS.
Bid Document Download Start date & time : 22.05.2024, 16:00:00
Bid Document Download End date & time : 20.07.2024, 11:00:00
Bid submission Closing Date & Time : 20.07.2024, 13:00:00
Bids Opening Date & Time : 22.07.2024, after 11:00:00
All other things in the Notice Inviting Tender remain the same. Tender Documents can be downloaded through SAIL Website www.sailtenders.co.in and Bidder can also contact Tender Opening Cell Department, Ground Floor, Ispat Bhawan, Bhilai Steel Plant, Bhilai between 3:00 PM to 5:00 PM (Except Sunday & Holiday) for soft copy of Tender Documents. GM I/c (Contract Cell- Non Works)
Advt. No. BSP-04(Extn.-2)/24-25, Dt. 11/07/2024
Registered Office: Ispat Bhawan, Lodi Road, New Delhi 110 003
Corporate Identity Number: L27109DL1973GO1006454, Website: www.sail.co.in
There's a little bit of SAIL in everybody's life

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	155672 प्रथम आमंत्रण 03.07.2024	जिला रायपुर के मठपुरैना रावतपुरा फेस-1 चतुर्दिक मार्ग लंबाई 8.59 कि.मी. का डामरीकरण कार्य।	276.18
2	155674 प्रथम आमंत्रण 03.07.2024	जिला रायपुर के बजाज कालोनी, एन.एम.डी.सी. कालोनी, (राजेन्द्र नगर) प्रियदर्शनी नगर, वल्लभ नगर चतुर्दिक मार्ग लंबाई 9.66 कि.मी. का डामरीकरण निर्माण कार्य। संभाग क्र.-1 रायपुर।	273.51
3	155690 प्रथम आमंत्रण मी. 03.07.2024	बोधापारा बोडतरा मार्ग (एम.डी.आर. 43) लंबाई 13.80 कि. का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य।	2228.32
4	155705 प्रथम आमंत्रण 04.07.2024	जिला कबीरधाम के चिल्फी रेंगाखार साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग क्र. 59 कुल लंबाई 56.00 कि.मी. के कि.मी. 1 से 28/8 = 27.80 कि.मी. में नवीनीकरण एवं उन्नयन का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	948.03
5	155720 प्रथम आमंत्रण 04.07.2024	जिला धमतरी के भखारा-रायपुर मेन रोड से भेण्डसर तक मार्ग लंबाई 1.65 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। धमतरी संभाग धमतरी।	229.39
6	155724 द्वितीय आमंत्रण 04.07.2024	नाबार्ड योजनांतर्गत् लैंगा सैला सेमरा जिल्दा मार्ग पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य लंबाई 14.30 कि.मी. का कार्य।	1899.31
7	155723 प्रथम आमंत्रण 05.07.2024	जिला धमतरी के सिवनीकला से रावनगुडा मार्ग लंबाई 1.95 कि.मी. का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित । धमतरी संभाग धमतरी।	250.80
8	155777 प्रथम आमंत्रण 05.07.2024	जिला कबीरधाम के ग्राम बारदी से भेलवाभांवर मार्ग लंबाई 1.30 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण का कार्य।	261.21
9	155780 प्रथम आमंत्रण 05.07.2024	जिला रायपुर के कटोरातालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर चतुर्दिक मार्ग लंबाई 7.65 कि.मी. का डामरीकरण निर्माण कार्य।	243.74
10	155781 प्रथम आमंत्रण 05.07.2024	जिला कबीरधाम के ठाकुरदेव चौक (एन.एच. 12 ए) से जुनवानी मार्ग होते हुए नवनिर्मित हाईटेक बस स्टैण्ड से ठाठापुर मार्ग जुनवानी जंक्शन तक मार्ग चौडीकरण एवं उन्नयन लंबाई 4.20 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	898.09

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 06 दिनांक 22.07.2024, सं.क. 01 से सं.क्र. 03 दिनांक 24.07.2024, सं.क्र. 09 से सं. क्र. 10 दिनांक 30.07.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 26.07.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।
जी-242501010/6
मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

■ न्यूज गैलरी

गुरूकुल के विद्यार्थियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सॉफ्ट बाल प्रतियोगिता छत्तीसगढ शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कराई गई। इस प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 14 विद्यार्थियों ने विजयी होकर स्वर्णिम इतिहास रचा। जिसमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल की छात्र सुन्नम चरण तथा छात्रा सविता मोडियम कक्षा 9वीं ने विजयी होकर शाला परिवार को गौरवान्वित किए। उक्त विजयी छात्र व छात्रा को माननीय जिलाधीष, कबीरधाम के कर कमलों द्वारा मेडल व नगद 21000/- रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस महती उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाला के प्रभारी प्राचार्य ने कहा हमारे शाला में प्रतिभाषाली छात्र-छात्राओं को तलाष कर तराषने का क्रीड़ाध्यापकों के द्वारा अनवरत भागीरथ प्रयास किया जाता है, यह उसी का प्रतिफ्ल है। इस शानदार उपल्ब्धि पर संस्था के अध्यक्ष व समस्त पदाधिकारियों ने विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाइयाँ व शुभकॉमनाएँ दी।

15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा, अल्पसंख्यकों की बैठक आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार 12 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में अल्पसंख्यक आयोग की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अल्पसंख्यकों के समाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रधानमंत्री का नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उक्त बैठक में संबंधित अधिकारीयों को उपस्थित होने निर्देशित किये हैं।

जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन परिवहन के निर्देशानुसार शुक्रवार 12 जुलाई (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट के दिशा-सभाकक्ष में जिलाधीश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें समिति के सदस्यों को आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा की जीत पर आभार जताने पहुँचे सांसद ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद मतदाताओं का सम्मान करने आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे सांसद संतोष पांडे ने जीत के लिए मतदाताओं काआभार जताया । भाजपा द्वारा विधानसभावार कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के सम्मान का कार्यक्रम राममंदिर परिसर मे आयोजित हूआ । कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद पांडे ने कहा कि आज जो भी वे कार्यकर्ताओं के दम पर है । खैरागढ़ से भी लोकसभा चुनाव मे बड़ी जीत मिली उसका कारण केवल कार्यकर्ताओं की मेहनत है । विधानसभा और लोकसभा के बाद अब निकाय और पंचायत चुनाव की बारी है । ताकि अधिक से अधिक सीटे जीतकर केन्द्र सरकार की अंत्योदय योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा सके । जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार बेहतर कार्य कर रही है राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र मे सांसद पांडे ने भी बड़े कार्य किए संसद मे भी वे सक्रिय है । जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सांसद संतोष पांडे के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है जो कांग्रेस के शीर्ष को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से जो परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है उसका श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को जाता है । कांग्रेस प्रत्याशी के घमंड को चकनाचुर करने मे कार्यकर्ताओ का अहम योगदान बताया । जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि सब कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से ही लोकसभा चुनाव मे खैरागढ़ से भाजपा को बड़ी जीत मिली ।

उल्टी दस्त से अब तक 5 बैगाओं की मौत

■ जिला प्रशासन पहुंचा सोनवाही, अस्थायी चिकित्सा कैंप लगाया

कवर्धा/नवप्रदेश। सोनवाही के ग्रामीणों की माने तो उनके क्षेत्र में डॉक्टर नहीं आते जिसके चलते उन्हें समय पर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता । वही कुछ ग्रामीणों का कहना है की इस घटना की जानकारी डिप्टी सीएम को दी गई जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम उनके ग्राम पहुंची ।

गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को उल्टी-दस्त से दो ग्रामीणों की आकस्मिक मौत का वास्तविक कारणों का पता लगाने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं स्वास्थ्य, पीएचई, बोडला अनुविभागीय अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से गांव का अवलोकन किया और प्रभावित परिवारों से मिले। कलेक्टर ने गांव के सभी पारा-मुहल्ले में पहुंचकर ग्रामीणों से स्वास्थ्यगत आवश्यक चर्चा की। कलेक्टर ने ग्रामीणों द्वारा पेयजल के लिए उपयोग में लाए जा रहे कुंआ का भी अवलोकन किया। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गांव के सभी कुओं का क्लोरिनेशन कराने और ग्राम के सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ग्राम झलमला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होने वंनाचल क्षेत्र में डायरिया, उल्टी-दस्त, जलजनित बीमारी, मलेरिया के बचाव के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दिनों में जंगली जहरिले मशरूम के सेवन ना करने के लिए भी लोगों में जागरूक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने मौसमी बीमारी एवं उल्टी-दस्त के प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम सोनवाही में बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य शिविर एवं अस्पताल का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान यहां बताया गया कि स्वास्थ्य परीक्षण में 8 ग्रामीणों में मलेरिया पाजेटिव पाई गई है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गांव और आसपास के अन्य ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। ग्राम सोनवाही में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं घर-घर सर्वे करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तर की टीम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झलमला और चिल्फी की टीम गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम 10 जुलाई की रात को ही ग्राम सोनवाही में पहुंच कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

मृतक परिवार से मिले कलेक्टर

कलेक्टर श्री महोबे ने बोडला अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त एवं सीएचएचओ ने पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने 10 जुलाई को हुई दो ग्रामीण सोनसिंह पिता ईतवारी उम्र 45 वर्ष, और फूलबाई पति मंगल सिंह मृतक परिवारों से भी मिले। चर्चा के दौरान कलेक्टर को ग्रामीण संजय ने बताया कि 10 जुलाई को अचानक रात को सोनसिंह अपने खेत से लौटे। उसके बाद उन्होने तबियत खराब होने की बात अपने घर वालों को बताया। उन्हे उल्टी हुई और तीन से चार घंटे बाद उसकी आकास्मिक मौत हो गई। इसी प्रकार महिला फूल बाई की भी उल्टी और तबियत खराब से मृतक होना बताया गया है। इन दोनों का घर अलग-अलग मुहल्ले में है।

सीएमएचओ डॉ राज ने बताया कि फुलबाई के घर के दो और सदस्यों की तबियत खराब है, जिन्हे झलमला में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर ने दोनां का स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचकर अवलोकन भी किया। डॉ राज ने बताया कि जांच एवं पुछताछ के प्रथम दृष्टयता में जंगली मशरूम एवं अन्य कोई विषाक्त भोजन सेवन की जानकारी मिल रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्डम रिपोर्ट मे ही सामने आएगी। उन्होने बतया कि गांव में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए जैनरिक दवाइयों को वितरण किया जा रहा है। पीएचई कार्यपालन अभियंता श्री जीपी गौड ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर गांव के 12 कुओं को क्लोरिनेशन एवं जल परीक्षण के लिए सैम्पल लिए जा रहे है।

स्वास्थ्य परीक्षण में मलेरिया के पाजेटिव मरीज मिले

कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम सोनवाही में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए ग्राम संचालित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान बोडला बीएमओ डॉ विवेक चन्द्रवंशी ने बताया कि जांच में 8 ग्रामीणों में मलेरिया पॉजेटिव पाई गई है। सभी को दवाईयां दी गई है। कलेक्टर ने सोनवाही सहित आसपास के गांवों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए है।

सट्टा पट्टी के साथ दो गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के बरेठपारा वार्ड मे सटटा पटटी लिखते दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । थाना पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा बरेठपारा खैरागढ़ मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा पट्टी लिखकर सटटा खिलाए जाने की सूचना पर सांई फर्नीचर के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही आरोपी नितिन कुमार रजक पिता बिहारी 38 साल बरेठपारा को सट्टा पट्टी लिखते हुए एवं खाईवाल आशीष मेश्राम पिता गिरवाल 36 सालचीचा थाना गातापार को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी से 3000 रू नगदी , मोबाईल के वाट्सअप मैसेज का स्क्रीनशॉट ,18 पेज सट्टा पट्टी , 01 नग मोबाईल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 6,7 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

भू -दान की जमीन को शून्य घोषित करने की मांग सीएम से

■ जनदर्शन में सीएम को सौपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले की राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम अंजोरा के ग्रामीणों ने भू - दान की गई जमीन को शून्य घोषित करने की मांग करते हुए अंजोरा के जनपद सदस्य तुलदास साहू एवं ग्रामीणों ने गुरुवार को रायपुर सिविल लाइन पहुंचकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा राजनांदगांव कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में गांव के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर पत्र अंजोरा की भू - दान की गई जमीन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले से सांसद संतोष पांडे से भी शिकायत की गई थी। श्री पांडे ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था।

सांसद के द्वारा वर्ष 2022 में

निर्देश देने के दो साल बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने इस संम्बंध में महामहिम राज्यपाल के साथ उपमुख्यमंत्री द्वय के साथ राजस्व मंत्री से भी शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

विस्तृत जानकारी के अनुसार शासन द्वारा 572/3 रकबा 12.26 एकड़ भूमि को वर्ष 1969-70 मे नरेन्द्र बड़गूजी उर्फ कटार निवासी पचरी पारा दुर्ग को सरकारी पट्टेदार के रूप में दिया गया था। यह कि उक्त भूमि वर्ष 1979-80 मे राजस्व रिकार्ड मे पट्टेदार का नाम भूमिस्वामी दर्ज है।

जिस संबंध में ग्राम वासियो द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच करने का प्रयास किया कि उक्त भूमि भूमिस्वामी किस वर्ष व किन आधार पर तथा किस प्रक्रिया के तहत हुआ या प्रक्रिया के पालन में चुक के संबंध में जानने का प्रयास किया गया जिस पर पाया गया कि वर्ष 1963 से 1970 की नांमांतरण पंजी मे सरकारी पट्टेदार व्यक्ति द्वारा 1966-70 का लगान पटाने की अनुमति बावत् आवेदन 27 फरवरी 1970 को तहसीलदार के नाम से दिया गया जो कि संलग्न है। कि प्रमाणित प्रतिलिपि चाहा लेकिन तहसीलदार न्यायालय द्वारा अनुलब्धता की बात कहते हुये टाल दिया। जिस विषय मे माननीय कलेक्टर को ग्राम वासियो द्वारा आवेदन दिया गया जिस पर अभी तक कोई ठोस एवं न्यायोचित कार्यवाही नही किया गया। वर्तमान में उक्त भूमि अंजारा नेहरू नगर बाई बास रोड निर्माण होने से दो भाग में विभाजित हो गया है। नेहरु के पूर्व दिशा की ओर जो भुदान की जमीन के साथ शासकीय भूमि है उक्त खसरे की जमीन को मिलाई निवासी ओमप्रकाश सिंघानिया पिता द्वारकाजी सिंघानिया द्वारा खतरा नंबर 372/6 समतलीकरण कर बाउंडीवाल किया गया है सांथ सांथ शासकीय भूमि रकबा लगभग 1.5 एकड़ भूमि को कब्जा किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव को वर्ष 2022 में ग्राम वासियो एवं क्षेत्रीय 7.नप्रतिनिधियो द्वारा संयुक्त आवेदन दिया गया था।

शिक्षक संवर्ग की आवश्यक बैठक कल

खैरागढ़/नवप्रदेश। नवगठित जिला खैरागढ़ के समस्त शिक्षक (एल बी) संवर्ग, ई सवर्ग , सहायक शिक्षक, शिक्षक , व्याख्याताओ की आवश्यक बैठक 13 जुलाई को बख्शी स्कूल के ली छात्रावास मे दोपहर 2 बजे आयोजित की गई है । बैठक मे शिक्षको से सम्बधित विभिन्न 17 बिदुओ पर चर्चा कर संघ को पुनर्गठित करते हुए ब्लाक , जिला पदाधिकारियों के मनोनयन, शिक्षक संघ की नियमावली, उदेश्य, सदस्यता, सत्र 24-25 शैक्षिक गुणवत्ता एवं कैलेंडर पर चर्चा, प्रतिभा शाली नवाचार गतिविधियों मे सलग्न शिक्षक, रा%यपाल, राष्ट्रपति मुख्य मंत्री अलंकृत के सम्बध मे चर्चा, शिक्षको की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर, ब्लाक , जिला स्तर पर परामर्श दात्री समिति का गठन , प्रत्येक तीन माह मे विकास खंड एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा

एसपी ने नए कानूनों की विशेषता के बारे में बताई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में गुरुवार 11 जुलाई को संयुक्त जिला एवं कार्यालय कलेक्टरेट के पुलिस सभाकक्ष में देश में विगत 1 जुलाई से लागू हुए 3 नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के संबंध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जानकारी दी गई और अधिक से अधिक जन जागरूकता लाने एवं न्यूज़ के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों तक नवीन क़ानून की जानकारी साझा करने को कहा। एसपी रामकृष्ण साहू ने नवीन क़ानून की जानकारी देते हुये बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए नवाचारों और सुधारों की जानकारी दी, जिससे न्याय की प्रक्रिया और भी प्रभावी और समयबद्ध हो सके। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। एसपी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता कानून का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाना है।

इसके तहत न्यायालयों के कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं।

वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम पर खानापूर्ति

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के बैहाटोला में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। बैहाटोला हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित किए गए कार्यक्रम में अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के पहुँचने के पहले ही पौधारोपण कर दिया और निकल गए । इसके चलते कार्यक्रम में पहुँचे क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य और जिलाभाजपाध्यक्ष घम्मन साहू बिफर गए । बैहाटोला मे वनविभाग ने गूरूवार 11 बजे वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया था । कार्यक्रम मे विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, विप्लव साहू , सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह सहित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को अतिथि बनाया गया था । लेंकिन कार्यक्रम के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई । कार्यक्रम को लेकर अव्यवस्था का आलम ऐसा रहा कि स्कूल परिसर के गैलरी मे ही दो चार कुर्सिया रख दी गई । कोई पंडाल और विधिवत कार्यक्रम का आयोजन नही हूआ । इधर जिला पंचायत सदस्य घम्मन साहू के पहुँचने के पहले ही कार्यक्रम स्थल से कलेक्टर, एसपी और डीएफओ पौधारोपण कर निकल गए । मौके पर पहुँचे साहू ने पौधारोपण किया और कार्यक्रम की खानापूर्ति पर नाराजगी जताते उल्टे पांव लौट गए । इस दौरान जनप्रतिनिधियों के नाम पर होने वाले पौधारोपण को भी अधिकारियों ने ही कर दिया ।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// फार्म अ //
सार्वजनिक सूचना
(नियम 6 (2) देखिये)
क्रमांक / 148/ अ.कले. / रीडर / 2024
बलौदाबाजार, दिनांक 8.07.2024

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदका विरेन्द्र कुमार भारती (वर) पिता श्री अश्वनी भारती निवासी ग्राम जरौद तहसील सुहेला थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) एवं आवेदिका अकांक्षा (वधु) पिता श्री अनिल कुमार निवासी ग्राम बसहा पोस्ट बेलतरा थाना सीपत तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः प्रस्तावित विवाह के विरूध्द आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 08 अगस्त 2024 पमय 11.00 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 08 जुलाई 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
बलौदाबाजार-भाटापारा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone05@gmail.com
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी.-72, (1) श्रीमती सरला थारवानी पति श्री अशोक थारवानी (2) श्रीमती शशि थारवानी पति श्री प्रकाश थारवानी (3) शंकर लाल थारवानी पिता स्व. श्री लक्ष्मीचंद थारवानी के नाम पर इस कार्यालय का आदेश क्रमांक 6120 दिनांक 15.09.2022 द्वारा नामांतरित है। नामांतरितगम द्वारा उक्त दुकान को क्रेता श्री राबिन गुरूबक्षानी पिता श्री राकेश गुरूबक्षानी, निवासी म.नं. 1917 करिश्मा अपार्टमेंट के पीछे आदर्श नगर रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 15.11.2022 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री राबिन गुरूबक्षानी पिता श्री राजेश गुरूबक्षानी द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 03, रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./ ई. पंजी./20240708220 00006 /अ 20(1), वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया [illegible] अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आजदिनांक 3/7/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 03.07.2024
पेशी दिनांक 23.07.2024

सील
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र.ई. पंजी. / 202407082200050
अ-6/ वर्ष 2023-24

आवेदकगण कृष्ण कुमार देवांगच्या [illegible] स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 01/07/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एक सातांक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 1/7/2024
पेशी दिनांक 23/7/2024

सील
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी ग्राम पंचायत अधिनियम एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0.), रायपुर

कमांक 620/का.से/अविअ/2024 — रायपुर दिनांक 05/07/2024

छत्तीसगढ पंचायत (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते) नियम, 1999 के नियम-15 के तहत अवैध कालोनी की भूमि का प्रबंध लेने के संबंध में

// आम सूचना//

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प0ह0नं0 119/82 तहसील व जिला रायपुर में मेसर्स संजय बाजपेयी बिल्डर्स प्रा0लि0 डायरेक्टर डां. सरिता बाजपेयी एवं अन्य कृष्णा काम्पलेक्स तृतीय तल कचहरी चौक रायपुर द्वारा कपट पूर्ण तरीके से शासकीय भूमि को शामिल करते हुए नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय शारदा चौक रायपुर से जारी विकास अनुज्ञा स्वीकृत कराकर भूखण्डों का विकय किये जाने का तथ्य शासन के संज्ञान में आने के पश्चात संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छ0ग0 रायपुर द्वारा परीक्षण / विवेचना के आधार पर संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय छ0ग0 नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 एवं छ0ग0 भूमि विकास नियम 1984 के नियम 25 के तहत प्रतिसंहृत (Revoke) किया गया हैं। जारी विकास अनुज्ञा जिसे प्रतिसंहत किया गया है उसका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र	विकास अनुज्ञा क्र. एवं दिनांक	भूमि खसरा क्रमांक	रकबा	प्रतिसंहृत किये जाने का पृष्ठांकन क्रमांक एवं दिनांक
1	36550/ एल.-01/ 2012/2019 दिनांक 11.09.2019	ग्राम सेजबहार प0ह0नं0 119/82 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर- 273/1, 273/6, 275/2, 275/3, 276/1, 278/1, 276/2, 278/2, 277/1, 277/2, 277/3, 277/4, 277/5, 280, 281/3, 281/4, 282, 283, 284/1, 284/2, 285/1, 285/2, 285/3, 286/1, 285/4, 285/5285/6 286/2, 285/7, 285/8, 285/9, 286/3, 287/1, 287/5, 288/2, 289/1 कुल रकबा 16.419 हे.	16.419 हे.	संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, छ0ग0 इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के पत्र कमांक 68/ टी.सी-1682 (!!!) / नग्रानि/2023 दिनांक 06.10.2023

आवास एवं पर्यावरण विभाग छ0ग0 शासन के पत्र कमांक एफ3-7/2013/32 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04.10.2023 के अनुसार मंत्री परिषद दिनांक 26.09.2023 में लिये गये निर्णय के परिपालन में न्यू स्वागत विहार कालोनी को अनाधिकृत मानते हुये छ0ग0 ग्राम पंचायत (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते) नियम, 1999 के नियम-15 के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र स्थित भूमि पर कालोनी के प्रबंधन का अधिकार अनुविभागीय अधिकारी (रा0) एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा ग्रहण करने का प्रस्ताव हैं।

उक्त कालोनी की भूमि में हित रखने वाले व्यक्ति आम सूचना जारी दिनांक से दिनांक 08.08.2024 तक दावा/आपत्ति निर्धारित प्रारूप में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रायपुर कार्यालय रायपुर में कार्यालयीन दिवस / समय में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा दिनांक 06.08. 2024 से 08.08.2024 तक निर्धारित प्रारूप में सामुदायिक भवन, देवपुरी गुरुद्वारे के पास में दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें कि 'सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कालोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन उसके द्वारा अधिकार क्यों न ले लिया जाएं ?' प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा / आपत्ति प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रायपुर एवं जिला कार्यालय रायपुर के बेवसाइट Raipur.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं ।

आम सूचना आज दिनांक /07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया।

सक्षम प्राधिकारी पंचा. राज. अधि.
एवं अनुविभागीय अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

जी- 242501023/2

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार
ग्राम सुरूजपुरा प.ह.नं. 02/
ब-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद सिंह पिता जयराम सिंह जाति गोंड निवासी सुरूजपुरा पुलिस थाना साजा उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने आवेदन अपनी मां श्रीमती कदम ठाकुर पति जयराम के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने/जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया। [illegible] तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2023-24 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/05/2024 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2024 को जारी किया गया।

सील
कार्यपालन दण्डाधिकारी
देवरबीजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र.12916 दिनांक 09.07.2024
वार्ड का नाम- 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/ भूमि RPR561E0136A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PHERUMAL पिता/पति --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. VIJAY KUMAR CHHETIJA 2. SUJATA DEVI पिता/पति LATE FERUMAL CHHETIJA ने [illegible] नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। [illegible] सूचना जारी करें।

श्री विमल शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र.12914 दिनांक 09.07.2024
वार्ड का नाम- 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/ भूमि RPR561E00136 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PHERUMAL पिता/पति JIYAMAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती TULSI DAS CHHETIJA पिता/पति LATE FERUMAL CHHETIJA ने [illegible] नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। [illegible] सूचना जारी करें।

श्री विमल शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर
मैनुअल निविदा सूचना

दूरभाष नम्बर-07782-222865 — ई-मेल आई डी-eeresjagdalpur@gmail.com
क्रमांक/1561, 1563/व.ले.लि./ग्रायांसेवा / 2024-25 — जगदलपुर, दिनांक 10/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा दौर
2	विकास खण्ड तोकापाल, दरभा, के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत रू. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य	40.00 (प्रत्येक हेतु)	23.07.2024	द्वितीय बार
3	जनपद पंचायत, तोकापाल, बास्तानार एवं दरभा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यो में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य	40.00 (प्रत्येक हेतु)	23.07.2024	द्वितीय बार

उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in से भी दिनांक 18.07.2024. के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है ।

(ओ.पी. कृषान)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

जी-242501008/1

न्यूज गैलरी

ग्राम दलदली में किया गया पौधरोपण

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश में चलाए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ प्रांगण में सरपंच प्रदीप कुंजम के नेतृत्व में प्रबंध समिति के सदस्यों, पालकों एवं छात्र- छात्राओं द्वारा पपीता, अमरूद , आम , केला ,काली हल्दी पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक राजकुमार शील ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम से रोपेंगे तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधों की देखभाल सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगे . परिणामतः पौधरोपण अभियान की सफलता अधिकाधिक होगी। पौधरोपण अंतर्गत हम फल प्रजातियों का चयन करते हैं तो इससे दोहरा लाभ होगा हरियाली , पर्यावरण संतुलन ,जैव विविधता , मृदा नमी का संरक्षण के साथ फल उत्पादन होगा। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक सूर्यनारायण राव,मोतीराम गोटा , सुखवती बाई , रामीन बाई के साथ पालकगण उपस्थित थे।

उमरगांव में मनाई गई जुड़वास

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में आषाढ़ पक्ष में माता पहुंचानी (जुडवास) का पारंपरिक त्यौहार मनाया गया इसमें शीतला माता पुजारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली मांगी। देवी देवता भी सम्मिलित हुए। ग्राम देव समिति का सहयोग रहा। ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश उत्सव मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। भामाशाह शिक्षण समिति सरस्वती शिशु मंदिर बेलर गांव में शासन के निर्देशन अनुसार प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती और भारत माता की चित्र छाया पर पुष्पहार व दीप जलाकर बच्चों ने दीप जलाकर, पूजा अर्चना की। अरुण एवं उदय कक्षा के बच्चों का तिलक लगाकर एवं काफी पेन देकर स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथि हरिराम साहू अध्यक्ष भामाशाह शिक्षण समिति बेलरगाँव ,अध्यक्षता अशोक कुमार पटेल प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बेलरगाँव, विशेष अतिथि नारद साहू सहसचिव भामाशाह शिक्षण समिति बेलरगांव,अशकरण पटेल, गेदलाल साहू,गणेश राम साहू, उर्वशी साहू, पालक जितेंद्र कुमार,प्रमेश कुमार,टीकेशवर नाग,एवं आचार्य नोमलाल देवागन आचार्य रमेश यादव, मनोज कुमार गंजीर, भुषण पटेल, उपेंद्र साहू, हीरा लाल नेताम, शंकर दास मनिकपुरी, दीदी शिखा यादव पलक्कड़ उपस्थित थे

पार्वती की पढ़ाई क़े लिए प्रशासन करेगा सहयोग

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार क़े ग्राम धाराशिव निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग पार्वती ध्रुव को स्मार्ट केन डिवाइस समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया। उन्होंने पार्वती का पृथक राशन कार्ड नही होने पर खाद्य अधिकारी को तलब कर तत्काल नया राशन कार्ड बनवाकर दिया। अलग राशन कार्ड बन जाने से अब पार्वती को ज्यादा खाद्यान्न मिल सकेगा। स्मार्ट केन डिवाइस सेंसरयुक्त स्टिक है जो सामने कोई बड़ी वस्तु आने पर कंपन व आवाज देता है जिससे हाथ में लेकर चलने वाला व्यक्ति सचेत हो जाता है। इस स्टिक से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को चलने-फिरने में काफी सहूलियत होती है। कलेक्टर ने दिव्यांग पार्वती से पढ़ाई क़े बारे में पूछताछ की। पार्वती ने बताया कि वह 28 वर्ष की है लेकिन स्कूल नहीं गई है। पढ़ना लिखना नहीं आता। इस पर कलेक्टर ने कहा कि दृष्टिबाधितों की पढ़ाई ब्रेल लिपि क़े माध्यम से हो सकती है।

खाद दुकानों में गड़बड़ी 3 दुकानों को नोटिस, कृषि विभाग का लगातार निरीक्षण जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पायी जाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षकों के द्वारा बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषकों को केवल गुणवत्तायुक्त बीजों का ही विक्रय किया जाएं। साथ ही कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये है कि कृषकों को नकली एवं कालातीत दवाईयों को किसी भी परिस्थिति में विक्रय न किया जावें। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरको का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। पीओएस मशीन से विक्रय पश्चात ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कम्पनी को प्राप्त होता है इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पीओएस के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए।

जिले के विभिन्न विकासखंडो में नियुक्त उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय क्रेन्द्रो की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पीओएस में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनों स्कंध में भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड-कसडोल के निरीक्षक, श्री धनेश्वर साय द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल, संदीप कृषि सेवा केन्द्र बया, श्री शिवम बीज भण्डार बया, भरत कृषि केन्द्र, उमा कृषि केन्द्र, अग्रवाल कृषि केन्द्र, गिधौरी, हनुमान कृषि केन्द्र कटगी का निरीक्षण किया गया। जिसमें हनुमान कृषि केन्द्र कटगी तथा भरत कृषि केन्द्र गिधौरी के द्वारा स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के निरीक्षक, सचिन कुमार वर्मा द्वारा टी.एस. कृषि सेवा केन्द्र कोदवा, मेसर्स हीरालाल राजकुमार सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केन्द्र सण्डी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड-सिमगा के निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ओम कृषि केन्द्र सुहेला, देवा कृषि केन्द्र सुहेला का निरीक्षण किया गया तथा ओम कृषि सेवा केन्द्र सुहेला को स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रदर्शित न करने तथा बिल बुक एवं स्टॉक रजिस्टर का उचित संधारण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील किया गया है कि उर्वरक विक्रय केन्द्रों से पीओएस के माध्यम से ही उर्वरकों का क्रय करें तथा क्रय किये गये सभी आदान सामग्रियों जैसे कि उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

गरियाबंद में आजीविका ऋण मेला आयोजित

■ **मेले में 3 करोड़ 44 लाख रुपए से अधिक की ऋण वितरित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के अधिक से अधिक लोगों को व्यवसाय एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आज अग्रणी बैंक के तत्वाधान में गरियाबंद के जनपद पंचायत सामुदायिक भवन में आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया। ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी भी दी गई। ऋण मेला में 3 करोड़ 44 लाख 70 हजार रूपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई। मेला के माध्यम से 85 हितग्राही लाभान्वित किये गये।

आजीविका मेला में कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने मेले में शामिल हितग्राहियों को ऋण चेक का वितरण किया। साथ ही दो हितग्राहियों नारायण एवं टोमेश्वर साहू को शासन के सहयोग से ऋण स्वीकृत कर ट्रैक्टर प्रदान किया गया। एक किसान अभिषेक चतुर्वेदी को कार लोन स्वीकृत कर कार की चाबी प्रदान की गई। मेले में विभिन्न स्वसहायता समूहों को भी बैंक ऋण प्रदान कर आजीविका संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य शासन के मंशा अनुसार अधिक से अधिक लोगों को आजीविका गतिविधियों में संलग्न करने के उद्देश्य से ऋण मेला का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से स्व सहायता समूह एवं आमजनों को शासकीय सहायता प्रदान कर सशक्त एवं आर्थिक दृष्टि से विकसित किया जाना है। उन्होंने हितग्राहियों को शासन की सुविधा का लाभ उठाने एवं ऋण योजनाओं का सदुपयोग करते हुए अपनी आजीविका विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जनपद सीईओ गरियाबंद अहमद जाफरी, लीड बैंक मैनेजर मो. मोफीज, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र दीनबंधु ध्रुव, सीईओ अंत्यावसायी सुश्री रश्मी गुप्ता सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे।

लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि आजीविका मेला में एनआरएलएम अंतर्गत 38 प्रकरणों में 1 करोड़ 71 लाख रूपये ऋण स्वीकृत की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 3 प्रकरण में 15 लाख रूपये, मुद्रा योजना के 7 प्रकरण में 25 लाख 40 हजार रूपये, एमएसएमई के 1 प्रकरण में 45 लाख रूपये, 31 लोगों के लिए 69 लाख 47 हजार रूपये की केसीसी, शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत 2 प्रकरणों में 3 लाख रूपये, ट्रैक्टर लोन अंतर्गत 3 किसानों को 15 लाख 85 हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया।

ऑनलाइन फ्राड का आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। यूनाइटेड स्टेट्स डॉलर देने के नाम पर पीड़ित से 12,34,500 रुपए ऑनलाइन प्राप्त करने के बाद भी उसको संबंधित डॉलर नहीं देकर उसके साथ ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को शहर पुलिस ने बिलासपुर से पकड़ने में सफलता प्राप्त कर उसके कब्जे से 50 हजार रुपए नकद जब्त किया है। शहर पुलिस ने फिलहाल 420 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश जारी है। उक्त प्रकरण का खुलासा शहर थाना भाटापारा में एएसपी हेम सागर सिदार ने,एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर,शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी की उपस्थिति में पत्रकारों के समक्ष किया।श्री सिदार ने बताया कि पीड़ित चेतन सिंह पटेल जो नवी मुंबई में एसिड इंड्रस्ट्रीज में कार्य करता है ने अपने घर तेन्दुकोना महासमुन्द थाना में सायबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से अपने साथ ठगी होने की रिपोर्ट किया जहाँ से नए कानून का पालन करते हुए जीरो मे 420 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज़ किया गया चूंकि पीड़ित द्वारा भाटापारा सिटी के आई डी एफ सी फर्स्ट बैंक से ट्रांसक्शन किया था इसलिए सिटी पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया, भाटापारा सिटी पुलिस ने तत्काल ऑनलाइन जीरो मे प्राप्त करके पुलिस अधीक्षक विजय अग़्वाल से विधिवत अनुमति लेकर नंबरी अपराध क़ायम किया.

नए कानून पर पत्रकारों के लिए एक दिनी कार्यशाला

■ **पुलिस कार्यालय में आयोजित**

भाटापारा/नवप्रदेश। तीन नए अपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय पर पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार द्वारा नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए, नये कानून के तहत किए जाने वाले कार्य एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक उपस्थित पत्रकारों को बताया गया। नए कानून में भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता किया गया है, जिसमें विशेषता दंड से ज्यादा न्याय पर आ गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून में बहुत सारी और चीजे आ रही है। नए कानून के संबंध में पत्रकारों को नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और सजा से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि दिनांक 01जुलाई से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है, पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, इसमें प्रमुख रूप से मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी पत्रकारों को इस दिशा में सहयोग करने की अपील की।

किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

नगरी में 18404 फलदार पौधों का होगा रोपण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम दलदली में कृषि वानिकी योजना का शुभारंभ जिलाधीश नम्रता गांधी ने किया। इस योजना के तहत कृषक भूमि पर ग्राफ्टेड आंवला पौधे का रोपण किया गया। जिसमें डीएफओ कृष्णा जाधव के साथ प्रशानिक अमला और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गुरुवार को प्राथमिक वनोपज समिति नगरी के अंतर्गत आने वाले फड़ दलदली में ग्राफ्टेड आंवला पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्टर नम्रता गांधी के साथ प्रशानिक अधिकारियों ने आंवला का रोपण किया। गौरतलब है कि लघु वनोपज संग्राहकों की आय बढ़ाने की दिशा में वनमंडलाधिकारी कृष्णा जाधव के निर्देश पर धमतरी डिविजन प्रयासरत है। इस योजना में इच्छुक कृषकों को ग्राफ्टेड आंवला, बेर, जामुन, इमली के पेड़ दिए जा रहे है, जिसे रोपण करके संग्राहक अतिरिक्त लाभ कर सकेगा।

उपप्रबंध संचालक एफ आर कोसरिया ने बताया कि धमतरी डिविजन में ग्यारह हजार ग्राफ्टेड आंवला, सात हजार बेर, तीन सौ चौरालीस जामुन और साठ नग इमली पौधे का रोपण किया जाना है जिसका शुभारंभ ग्राम दलदली से किया गया है। आंवला और बेर पेड़ कृषकों की पहली प्राथमिकता है, यह वृक्ष चार से पांच साल में फल देना शुरू कर देगा, बेर पेड़ में किसान लाख लगाकर भी अपने आमदनी में वृद्धि कर सकता है। चुकीं प्राथमिक वनोपज समितियों द्वारा स्व सहायता समूहों के माध्यम से वनोपज का संग्रहण किया जाता है, इसलिए कृषक ग्राम के ही स्व सहायता समूहों को वनोपज विक्रय कर आमदनी प्राप्त कर सकते है। नगरी समिति में 974 वृक्ष का रोपण किया जाना है और पूरे डिवीजन में कुल 18404 वृक्ष का रोपण किया जायेगा।

कार्यक्रम अवसर पर सरपंच प्रदीप कुंजाम, जनपद सदस्य रेणुका ध्रुव, ग्राम पटेल नरेश कोर्राम ग्रामीण राम कुमार, हीरामन, तुकेश्वरी, घुरंतीन, जीवन लाल सहित वन विभाग अधिकारी, कर्मचारी, प्रबंधक, वनधन मित्र उपस्थित थे।

नए कानूनों की मीडियाकर्मियों को दी जानकारी मीडिया से की सहयोग की अपील

गरियाबंद/नवप्रदेश। देश में विगत 1 जुलाई से लागू हुए 3 नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के संबंध में जन जागरूकता लाने के लिए जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई।

राज्य शासन के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर ने नए कानूनों में किए गए मुख्य परिवर्तन एवं विशेषताओं के बारे में मीडियाकर्मियों को प्रारंभिक जानकारी देते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से इन तीन नये कानूनों के बारे में आम लोगों को जानकारी उपलब्ध हो। मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आम जनता को इन कानूनों के बारे में सही जानकारी और समझ प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कानूनों की जानकारी के अभाव में नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पूरा ज्ञान नहीं हो पाता, जिससे कई बार समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मीडिया जन जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से सही और सटीक जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सकती है, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार होगा और समाज में शांति और सुरक्षा बढ़ेगी। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क हेमनाथ सिदार, सहायक सूचना अधिकारी बी.के. रात्रे मौजूद रहे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय के सहायक लोक अभियोजन अधिकारी रामगोपाल दुबे एवं प्रदीप बेलोधिया ने विभिन्न धाराओं के तहत नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए शामिल किए गए धाराओं, न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का समावेश, अपराधों एवं दंडों का पुनरपरिभाषित, समय और शीघ्र न्याय के लिए जोड़े गए धाराओं, आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन, पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता, आईपीसी और बीएनएस की सामान्यतः प्रयुक्त धाराओं तथा मोबाइल ऐप एनसीआरबी आपराधिक कानूनों का संकलन के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला रायपुर (छ.ग.)
Email Id- excise.acraipur@rediffmail.com

// द्वितीय निविदा सूचना //

रायपुर जिले के 13 देशी मदिरा दुकान, 14 कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं 39 विदेशी मदिरा दुकान व 12 प्री.वि.म.दुकान, सहित कुल 78 मदिरा दुकानों में लगे सी. सी.टी.व्ही. कैमरा, एन.व्ही.आर. एवं उससे सम्बद्धित समस्त उपकरणों की अनुरक्षण के लिए निर्धारित प्रारूप में मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्तों एवं जिले में संचालित मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत कार्यालयीन समय में निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से एक दिवस पूर्व तक कार्यालय महाप्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. रायपुर (छ. ग.) से 1000/- रू. आवेदन शुल्क जमा किया जाकर प्राप्त किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.07.2024 को 2.00 बजे मध्यान्ह तक नियत है एवं उसी दिन शाम 4.00 बजे गठित समिति के समक्ष तकनीकी निविदा एवं शर्तों के अधीन उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय निविदा को खोली जावेगी।

निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में कार्यालय उपायुक्त आबकारी सह महाप्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. रायपुर कलेक्टोरेट के कक्ष क्र. 22 से प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
रायपुर (छ.ग.)

जी- 242500981/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 21/न.पा.नि./जोन क्रमांक-06/2024-25 रायपुर, दिनांक 10/07/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन 'डी' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/ एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 24/07/2024 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 31/07/2024 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्याल में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 01.08.2024 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत वार्ड क्र. 59, 60 एवं 61 के विभिन्न शौचालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य।	प्रथम	संधारण मद	4.00	4000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	1 माह
2.	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत वार्ड क्र. 58, 62, 63 एवं 65 के विभिन्न शौचालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य।	प्रथम	संधारण मद	4.00	4000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	1 माह
3.	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वाल पेंटिंग/बैनर पोस्टर प्रिंटिंग कार्य।	प्रथम	संधारण मद	4.00	4000.00	750.00	ITEM RATE NON SOR	1 माह

-: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी की शर्तें :-

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए।) मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें । (3) फर्म/एजेंसी के नाम के वैद्य पंजीयन की प्रति (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तें :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/ फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

दुर्ग, दिनांक 02.07.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 22.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
17/155756	उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत (एस.एच. एवं एम.डी.आर.) के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.वी.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	100.00
18/155757	उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण पहुंच मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	99.98
19/155758	उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग एवं मुख्य जिला मार्ग में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	100.44
20/155760	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत 06 नग विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू एम एम एवं बी टी. पेंच रिपेयर कार्य	99.93
21/155761	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत 09 नग विभिन्न मार्गों में डब्ल्यूएम एम एवं बी टी. पेंच रिपेयर कार्य	99.46
22/155763	साजा उपसंभाग के अंतर्गत 12 नग विभिन्न मार्गो में डब्ल्यूएम एम एवं दी टी. पेंच रिपेयर कार्य	99.97
23/155764	साजा उपसंभाग के अंतर्गत 08 नग विभिन्न गागों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी टी. पेंच रिपेयर कार्य	99.98
24/155765	उपसंभाग क्र. 01 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	100.00
25/155766	उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यूएम एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	100.00
26/155767	उपसंभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत उपखण्ड बेलगांव, ढारा, बोरतलाब, एवं चिचोला विभिन्न मागों में डब्ल्यू.एम एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ।	102.38
27/155768	जिला राजनांदगांव के पारीखुर्द में आगनबाडी से (भुखन साहु के घर से) श्मशान घाट पहुंच मार्ग ल. 0.825 कि.मी. का निर्माण कार्य ।	78.06
28/155769	ग्राम कुसमी वि.ख. बेरला जिला बेमेतरा में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कमल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित	126.04
29/155770	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शायकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही में 05 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य	87.68

टीप
1. एन.आई.टी. क्र. 17,18 एवं 19 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है. एन.आई.टी. क्र. 20,21,22,23 एवं 28 लोक निर्माण विभाग, बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 24,25,26, एवं 27 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है. एन.आई.टी. क्र. 29 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग

जी-242500983/4

न्यूज गैलरी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में आज रोपे जाएंगे पौधे

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 12 जुलाई को विभाग द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत जिले के समस्त 2503 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 5-5 फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। विभाग द्वारा 15 हजार से अधिक पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान का आयोजन भी कराया जाएगा, जिसमें विभाग द्वारा ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं में जल संचयन हेतु जनजागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा तथा जल संरक्षण के सम्बन्ध में शपथ भी दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 8 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना अंतर्गत मातृत्व लाभ सप्ताह का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में महतारी वंदन सम्मलेन का भी आयोजन कराया जाएगा, जिसमें योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को योजना से प्राप्त राशि को अपने तथा अपने बच्चों के पोषण में खर्च करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

विस सत्र के दौरान अधिकारी कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंध

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री तोपनो के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे। अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने मोबाईल नंबर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

सक्ती/नवप्रदेश। भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम, भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो, जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है को यह पुरस्कार (एक पदक, प्रमाण-पत्र या प्रशस्ति-पत्र) प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश के लिए परीक्षा 14 जुलाई को

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई 2024 को बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबा.नं.77468-59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक रा.गां.शिक्षा मिशन भुवेनश्वर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

सूरजगढ़ पुल के लिए पथकर निर्धारित, तय शुल्क ही दें

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला रायगढ़ अंतर्गत सूरजगढ़ नदीगांव मार्ग के कि.मी.1/2 महानदी पुल पर पथकर वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर ही टेक्स जमा कर भुगतान की रसीद प्राप्त करें। पथकर वसूली का दर स्थल पर बोर्ड में भी चस्पा किया गया है। लोक निर्माण विभाग (भ/स)उप संभाग रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी एम.एस. नायक ने बताया कि वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों से दूरभाष पर शिकायत मिल रही थी कि अनुबंधक द्वारा पथकर वसूली की दर से अधिक राशि की मांग की जा रही है। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए 24 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए अनुबंधक मां शारदा क्रसर उद्योग माईंस (प्रो. विमला सिंह ठाकुर)नर्मदा नगर बिलासपुर को अनुबंधित किया गया है। टेक्स वसूली के लिए शासन ने दर निर्धारित किया गया है। निर्धारित दर पर टेक्स जमा करें।

जैविक कृषि को बढ़ावा देने सुझाव

रायगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार बिहान योजना के तहत किसानों को हित में बीजोपचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। जिससे किसानों के कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही आर्थिक विकास हो सके। जिले के जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत 20 कृषि मित्र द्वारा ग्रामीणों को उन्नत कृषि के उपाय अपनाने एवं उपचारित बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बिहान अंतर्गत सामुदायिक आधारित संवहनी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसान के घर में बीज उपचार किया जा रहा है। ताकि किसानों को उपचारित बीज के माध्यम से बेहतर फसल के साथ लाभ मिल सके।

उप स्वास्थ्य केंद्र मिला बंद, बीएमओ व आरएचओ निलंबित

- दुर्गम रास्तों पर पहाड़कोरजा और खुझी बाइक से पहुंचे कलेक्टर
- औचक निरीक्षण कर देखा दूरस्थ गांवों मुरदाडांड, पेंडरखी, बकोई में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी का हाल, नियमित उपस्थिति और शिक्षण कार्य पर की शिक्षकों की सराहना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर बुधवार को औचक निरीक्षण पर निकले। कलेक्टर ने इस दौरान उदयपुर के सुदूर गांव पेंडरखी, पहाड़कोरजा, झिंगाझरिया, बकोई, मुंदराडांड और खुझी पहुंचकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान, एपीओ शिक्षा विभाग रविशंकर पांडेय सहित खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाने कलेक्टर श्री भोसकर स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं। ग्राम पेंडरखी में शाला निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परिसर में स्वच्छता और अच्छे शिक्षण कार्य, मध्यान्ह भोजन की अच्छी गुणवत्ता को देखते हुए सराहना की और इसी तरह व्यवस्था बनाए रखे प्रेरित किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने कलेक्टर ने स्वयं जमीन पर बैठकर भोजन भी किया।

इसके बाद दुर्गम रास्तों पर स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर कलेक्टर पेंडरखी से पहाड़ कोरजा पहुंचे। यहां प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर उन्होंने एकल शिक्षकीय होने की जानकारी संज्ञान में आने पर एक अतिरिक्त शिक्षक शाला में भेजने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने पहाड़कोरजा गांव में आंगनबाड़ी में आवश्यक मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री भोसकर ने अपने निरीक्षण के दौरान झिंगाझरिया, बकोई और मुंदराडांड जैसे जिले की सीमा पर स्थित गांवों में प्राथमिक शालाओं और आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया। दूरस्थ गांव होने के बावजूद शालाओं में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति के साथ पढ़ाई देख कलेक्टर ने शिक्षकों को निष्ठा और मेहनत की सराहना की। पहाड़कोरजा की तरह ग्राम खुझी में भी कलेक्टर मोटरसाइकिल पर पहुंचे। यहां भी औचक निरीक्षण के बावजूद निर्बाध शिक्षण कार्य को देखते हुए कलेक्टर ने संतोष जाहिर किया। पहाड़कोरजा, मुंदराडांड और खुझी में एकल शिक्षकीय स्कूल की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने डीईओ को एक-एक शिक्षक तीनों स्कूलों में देने के निर्देश दिए। संकुल में शिक्षण कार्य, मध्यान्ह भोजन की अच्छी व्यवस्था और स्कूल परिसरों में सफाई के मद्देनजर कलेक्टर ने सीएसी सुनील कुमार यादव को आगामी 15 अगस्त में पुरस्कृत किए जाने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र पेंडरखी के बंद मिलने पर बेहद नाराजगी जताई गई। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर बीएमओ और आरएचओ को निलंबित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने मौके पर मौजूद सीएमएचओ को निर्देशित किया।

महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। बीते 08 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास रहने वाले प्रेम कुमार राठिया (28 साल) द्वारा उसके साथ रिलेशनशीप में रह रही महिला केवरा सारथी ऊर्फ संध्या (उम्र 40 वर्ष) की आकस्मिक मौत के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया । प्रेम राठिया ने बताया कि केवरा बाई का पति छोड़ देने से करीब 5 साल से दोनों पति-पत्नी की तरह रहते हैं । 7 जुलाई के शाम दोनों घर में खाना पीना किये और सो गये, सुबह केवरा बाई नहीं उठी। प्रेम राठिया ने केवरा बाई कि मौत शराब पीने से होना बताया। थाना चक्रधरनगर में आकस्मिक मौत की सूचना दर्ज पर मर्ग कायम कर मृतिका नव विवाहित होने से चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मर्ग जांच, पंचनामा कार्यवाही कर गवाहों के कथन लिये गए तथा पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया । पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर, पेट में अंदरूनी चोट आने से अत्यधिक खून निकलना और मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया । तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रथम संदेही प्रेम कुमार राठिया को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने बताया कि 7 जुलाई के शाम दोनों पति-पत्नी खाना पीना साथ में किये रात्रि करीब 11ः00 बजे केवरा सारथी उर्फ संध्या काफी दिन से मायके नहीं गई हूं कहकर रात में ही उसके मायके ग्राम केनसरा, पुसौर जाने की जिद कर रही थी जिसे दूसरे दिन चले जाना कह कर बोला । इसी बात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ और गुस्से में प्रेम राठिया ने केवरा बाई को हाथ मुक्का लात से सिर व पेट में मारकर चोट पहुंचाना बताया।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल

सूरजपुर/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण लक्ष्मी राजवाड़े भारतीय जनता पार्टी द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे, साथ ही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने की है ढ्ढ इस बैठक में आगामी नगरी निकाय चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। आज के इस कार्यक्रम में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, इस पार्टी में एक छोटे से कार्यकर्ता से लेकर बड़े पधाधिकारी तक सब एक साथ मिलकर जनहित में कार्य करते हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को विधानसभा एवं लोकसभा में भाजपा को विजयी बनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश को अगले 5 वर्षों में संवारने का सभी ने मिलकर संकल्प लिया। इस बैठक में माननीय केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, सहयोगी कैबिनेट मंत्री, पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, नेतागण उपस्थित रहे।

12 सौ वर्गमीटर से छोटी भूमि का बिना ले-आउट पास कराए विभाजन होगा अवैध

रायगढ़/नवप्रदेश। 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का अब बिना ले आउट पास कराए छोटे भूखंडों में विभाजन अवैध होगा। राज्य शासन की ओर से संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी एसडीएम को पत्र जारी कर उक्त दिशा-निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से कृषि भूमि का और गैर कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन तथा पुनः निर्धारण प्रकरणों के संबंध में जारी निर्देश में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2012 की धारा 172 में हुए संशोधनों के अनुक्रम में कृषि भूमि के डायवर्सन एवं पुनर्निधारण के प्रकरणों के निराकरण किए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, कतिपय नगरीय निकायों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रायः यह देखा जा रहा है कि ऐसे भूमि स्वामी जो 1200 वर्गमीटर से कम रकबा धारित करते है, उनके द्वारा राजस्व विभाग से भू-व्यपवर्तन कराया जाकर अपनी स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा है, जो कि सुनियोजित नगरीय विकास में एक बहुत बड़ी बाधा है। अतः ऐसी स्थिति के निराकरण हेतु भू-व्यपवर्तन के ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदित भूमि का कुल रकबा 1200 वर्गमीटर से कम है पर छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अनुसार विकास की परिभाषा में कृषि को भूखण्ड किया जाना शामिल है।

साइबर सुबह के बैनर तले गांव-गांव जनचौपाल

साइबर अपराधों में कमी लाने जागरूकता अभियान

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा साइबर अपराधों में कमी लाने पिछली क्राईम मीटिंग में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों को प्रत्येक बुधवार अनिवार्य रूप से सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर हर सुबह साइबर फ्रॉड की जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित करने साइबर सुबह के नाम पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन सुबह साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित किया जा रहा है। वहीं आज 10 जुलाई, बुधवार को जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें राजपत्रित अधिकारीगण भी थाना प्रभारियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। जागरूकता कार्यक्रमों में साइबर ठगी से बचने आमजन को मोबाइल व इंटरनेट का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने बताया जा रहा है। वर्तमान में हो रहे ट्रेडिंग फ्रॉड, प्रोफाइल हैकिंग और फेक कॉल से ठगी की जानकारी देकर उन्हें अंजान व्यक्ति द्वारा जोड़े गये व्हाट्सएप, टेलीग्राम ग्रुप से रिमूव्ह होना बताया गया । साइबर फ्राड से बचने बैंक संबंधी डिटेल किसी व्यक्ति के साथ सांझा न करने के बताया गया और अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने कहा गया तथा उन्हें साइबर फ्रॉड पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर फ्रॉड WhatsApp helpline 9479281934 की जानकारी दी गई। थाना पुसौर के ग्राम औरदा में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम तथा थाना कोतरारोड़ के ग्राम कृष्णापुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीएसपी अखिलेश कौशिक शामिल हुये । इसी प्रकार अन्य थाना क्षेत्र में थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर एवं महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई।

होटल, ढाबा, लॉज, धर्मशाला संचालकों की बैठक

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज सुबह पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा शहर के होटल, धर्मशाला, लाज, ढाबा संचालकों के साथ बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश पुलिस नियमित रूप से संदिग्धों की जांच और कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से होटल, ढाबा, लाज, धर्मशाला व सराय जांच की जांच और प्रतिष्ठानों का सहयोग आपेक्षित है । इसी परिप्रेक्ष्य में एडिशनल एसपी ने शहर की सुरक्षा को लेकर संचालकों को निर्देशित किये कि वे उनके संस्थान के सभी कर्मचारियों का सत्यापन करावें। होटल, सराय, धर्मशाला में बिना आईडी कमरे उपलब्ध ना कराया जावें। ठहरने वालों के नाम, मोबाइल नंबर और आईडी की छायाप्रति रिकार्ड में रखें कस्टमर के मोबाइल नंबर पर कॉल कर वेरीफाई कर लें। अनैतिक क्रियाकलाप के लिए होटल, सराय, धर्मशाला में कमरे उपलब्ध ना कराया जाए, बिना अनुमति देर रात तक पार्टी या अन्य कार्यक्रम संचालित ना हो। पूरा प्रतिष्ठान बाहरी सड़क तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी हो तथा डीवीआर सुरक्षित रखें। होटल, ढाबा, लॉज में कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधियां हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित किया जावे।

राम लला दर्शन, 103 दर्शनार्थी रवाना

रायगढ़/नवप्रदेश। रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से रवाना होने वाले दूसरे जत्था 10 जुलाई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। इस बार जिले से 100 दर्शनार्थी और 3 सहयोगियों सहित कुल 103 लोगों का दल अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा। 103 लोगों में से 76 यात्री ग्रामीण क्षेत्रों से है वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 2 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जायेंगे। वहीं 1 चिकित्सीय स्टाफ भी साथ रहेगा। दर्शन के पश्चात 13 जुलाई को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा। खरसिया निवासी लक्ष्मी यादव एवं उनके पति केशव यादव आज रामलला दर्शन के लिए रायगढ़ से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि हम कभी सोचे नहीं थे कि श्री रामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। जब से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तब से मन में रह-रहकर एक ही बात का ख्याल आता था कि हमें भी प्रभु श्री राम का बुलावा आता और हम भी पति-पत्नी उनके दर्शन कर लेते। आज वह बुलावा आ गया है और हम दर्शन के लिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बहुत आभार है। इसी तरह पुरानी बस्ती खरसिया के चित्रभान सिंह राठौर भी श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य का पल है कि मैं प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहा हूं। कोकड़ीतराई किरोड़ीमल की ननकीदाई ने कहा कि प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु सपना तो देखे थे लेकिन कभी पूरा होगा यह नहीं सोचा था। आज शासन की श्री रामलला दर्शन योजना से हमारा यह सपना पूरा होने जा रहा है। श्री हेमलाल विश्वकर्मा अपनी माता आसमती विश्वकर्मा को प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे आज श्रवण कुमार जैसा महसूस हो रहा है कि मैं अपने मां को श्री रामलला दर्शन के लिए लेकर जा रहा हूं।

प्रशासनिक कलेक्टर ने नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली के लक्ष्य पर चर्चा करते हुए योजनाओं की प्रगति जानी

स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक रखी थी। जिसमें जिले के नगर पालिका परिषद सूरजपुर सहित अन्य सभी नगर पंचायत के सीएमओ, अभियंता और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली, नगरों की स्वच्छता, आवारा पशुओं का नियंत्रण आदि विषयों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नगरीय निकाय के लिए राजस्व वसूली प्राथमिकता वाला कार्य है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय निकाय द्वारा लिया जाने वाला संपत्ति व समेकित कर, जल कर, दुकानों का किराया तथा यूजर चार्ज इत्यादि सभी की वसूली नियमित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने समस्या आने पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। सड़कों पर आवारा या घुमन्तु पशुओं का प्रबंधन एवं उनसे होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के लिए सभी उपाय करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने बरसात के समय नगरीय क्षेत्रों में कई जगह हो रहे जल भराव एवं गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते

हुए जल्द से जल्द सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिसमें उन्होने सभी नालियों के सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कमर्शियल क्षेत्रों सहित उन सभी क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा फैलाने की शिकायत आ रही है वहां तत्काल जुर्माना लगाने तथा अन्य उचित कार्यवाही करने कहा। बरसात के दिनों में जिले के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिल सके, इसके लिए उन्होंने जल क्लोरीनीकरण व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में गंदा पानी पीने से डायरिया की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से पानी के सैंपल की जांच कराएं एवं आवश्यकतानुसार सही तरीके से वाटर ट्रीटमेंट हो रहा है या नहीं इसका नियमित निरीक्षण करें। इसके अलावा कलेक्टर ने कहा कि कई स्थानों पर देखा जा रहा है कि दुकानों के बाहर लोग सड़कों तक अपना सामान फैला देते हैं, जिससे न केवल पार्किंग की समस्या होती है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। उन्होंने मार्गो में बाधा पहुंचाने वाले ऐसे सभी लोगों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वाले लोगों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा। निकाय के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने निकाय में कार्यरत सभी स्वच्छाग्रहियों का शतप्रतिशत ई-श्रम पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने विश्वकर्मा बाजार बनाकर जिले के दर्जी, नाई, मोची एवं धोबी जैसे व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एक जगह सुनिश्चत कर उन्हें सशक्त करने के कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पौधारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्षों का रोपण एवं ऐसे सभी क्षेत्रों में पौधारोपण करने का निर्देश दिया जहां अच्छी देखभाल कर इस अभियान को सफल बनाया जा सके। इसके अलावा बैठक में श्रम स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारीवंदन योजना, उज्ज्वला योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर श्री व्यास द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उज्ज्वला योजना शतप्रतिशत रूप में लागू करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चूल्हे या लकड़ी जलाकर खाना बनाने से होने वाले नुकसान के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए।

■ न्यूज़ गैलरी

मोहर्रम पर निकाला जाएगा आकर्षक ताजिया



राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुस्लिम तेली समाज द्वारा करबला के शहीदों की याद में मोहर्रम के अवसर पर आकर्षक ताजिया निकाला जाएगा। मुस्लिम तेली समाज के शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी ने बताया कि मुस्लिम तेली समाज की बैठक में समिति का गठन किया गया। मोहर्रम को लेकर विचार-विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। ताजिया को सजाया एवं सवारा जा रहा है। मुस्लिम तेली समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। मोहर्रम बुधवार 17 जुलाई को , दोपहर 3 बजे ताजिया ठेठवार पारा (तेलीपारा) से गौशाला पारा से मानव मंदिर, सिनेमा लाईन, भारत माता चौक, गंज लाईन स्थित मामा-भांजा मजार के पास पुनः वापस भारत माता चौक होते हुए सदर बाजार, बसंतपुर थाना, दुर्गा चौक होते हुए दिग्विजय कॉलेज के पास स्थित सैय्यद बाबा अटल शाह मजार में अंतिम कार्यक्रम होगा। इस बार रात को जुलूस नहीं निकाली जाती थी। उसे निकाली जाएगी। दिग्विजय कॉलेज मैदान में मशहूर हैदरी अखाड़ा, नागपुर के न्यू मयकश मटका पार्टी के हाजी खलील ताजी भाई अपनी प्रस्तुति देंगे। मुस्लिम तेली समाज शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी, हाजी इल्युद्दीन गोरी, हाजी दुु झाड़ेदिया, हाजी गानी झाड़ेदिया, हाजी नजीरूद्दीन चौहान, हाजी ईशाक भाटी, हाजी लुकमान भिनसरा, आदिल झाड़ेदिया ने अधिक से अधिक संख्या में दिग्विजय कॉलेज मैदान में करबला वालों की याद में निकाली जाने वाली मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

6 महीने से फरार आरोपी पकड़ा गया

■ 38 गौवंश को कत्लखाना ले जाते पकड़ाया था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 38 गौवंश को ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरकर नागपुर ले जाते 24 दिसंबर को पुलिस ने पकड़ा था। परंतु आरोपी फरार हो जाने में कामयाब हो गया था।

मुखबीर की सूचना पर बुधवार 10 जुलाई 24 को आरोपी शशीकांत साहू पिता रामकृष्ण साहू (37)साकिन 93/47 बाढ़ गंगा इंदौर जिला इंदौर (म0प्र0) को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी घटना के बाद से लगातार 6 माह से फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने पुलिस टीम का गठन किया गया था।

थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली राजनांदगांव से टीम गठित कर फरार आरोपी का लगातार पता तलाश की जा रही थी।

गौरतलब है कि घटना 24 दिसंबर 2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सोमनी से एक लाल रंग की टाटा कंपनी की ट्रक मे मवेशी को ठूस ठूसकर भरकर नागपुर महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे की सूचना पर भाजपा कार्यालय के पास मेन रोड राजनांदगांव पर नाकाबंदी किया, टाटा आइसर वाहन क्रमांक सी0जी0 04 एन एस 4056 के चालक पुलिस को दूर से देखकर वाहन को खड़ा कर भाग गया। ट्रक में लगे तालपत्री को हटाकर देखने पर 38 नग गाय, बछड़ा, बछिया को ठूंस ठूंसकर क्रूरतापूर्वक बिना हवा पानी चारा के ट्रक में भरा जाना पाया गया। ट्रक चालक के विरूद्ध अ प0 क0 934/23 धारा 4, 6, 10 छ0ग0 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओ के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

कामयी से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, प्र0आर0 शंभूनाथ द्विवेदी, संदीप चौहान आरक्षक रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

स्वयंसेवकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य पर मार्गदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे कार्यक्रम बदलाव संग युवा जिसमें कबीर स्वयंसेवकों का लगातार क्षमतावर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से जिला पंचायत भवन के सभागार कक्ष में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में मैं हूं न कार्यक्रम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक मानसिक स्वास्थ्य सुश्री दानिश खातून हुसैन ने कबीर स्वयंसेवकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि किस प्रकार से दोस्त, बच्चा, युवा या बड़े जो दुख और परेशानी में होते हैं, उनकी मदद की जा सके।

जिला समन्वयक दीपक बागरी ने कहा की 'मैं हूं न' थीम के तहत, स्वयंसेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

कबीर स्वयंसेवी जिले में पांच कार्यक्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं, जिनमें से एक मानसिक स्वास्थ्य है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मन मित्र के रूप में स्वयंसेवकों को तैयार करना था।

ग्राम विकास में सरपंच-सचिव की अहम भूमिकाः कलेक्टर

■ कलेक्टर ने सरपंच-सचिव व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम गुरु घासीदास शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल में सरपंच एवं सचिवों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरपंच व सचिव को ग्राम विकास में अहम भूमिका बताते हुए विकास के दोनों मजबूत पहियों को संतुलन बनाकर गति देने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि अधोसंरचना निर्माण के साथ ही साथ स्थायी परिसम्पत्ति के निर्माण को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक डबरी निर्माण, खेल मैदान तथा सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण कराएं। उन्होंने महिला समूहों को जागरूक और सक्रिय कर आजीविका मूलक कार्य शुरू करने कहा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बल्दाकछार और औरई ग्राम में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को पीएम आवास सहित सभी योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने छत ढलाई के लिए पर्याप्त मात्रा में सेंटरिंग प्लेट की उपलब्धता के लिए पंचायतों को खरीदी करने एवं किराये पर हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतो में शांति और भाईचारे के साथ विकास कार्यों को गति देना है। किसी प्रकार की अवैधानिक कृत्य या रणनीति के सम्बन्ध में जानकारी मिलने पर तत्काल उच्च अधिकारी को या जिला कंट्रोल रूम नंबर 9479190629 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।सरपंच सचिव विवाद या अन्य अवैधानिक गतिविधियों पर नजर रखें। पंचायत को विवाद मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का पूरा प्रयास करें। इसके लिए जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा।

नपं कसडोल में कन्या कॉलेज के सामने निर्माणाधीन गार्डन के कार्य बंद होने पर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही करने तथा शेष कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश सीएमओ को दिए। मिनीमाता स्कूल के पास जलभराव की समस्या निराकरण के लिए परिषद में प्रस्ताव रखने तथा बलार रोड व सिरपुर रोड में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए परिषद में दोबारा प्रस्ताव रखने कहा। समस्या में कटौती लो वोल्टेज के समाधान के लिए बिलाईगढ़ में निर्माणाधीन 132 के वी के सब-स्टेशन को पूरा कराने के निर्देश दिए।

10 दिनों से निगम की सफाई व्यवस्था ठप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम की लचर व्यवस्था को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि, 10 दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। इस स्थिति के लिए महापौर और एमआईसी भी जिम्मेदार है। 30 जून को सफाई ठेका खत्म होने के चलते 300 सफाई मजदूरों को काम से हटा दिया गया है। शहर में गंदगी बढ़ती जा रही है जिससे नागरिक परेशान हो रहे हैं।

मोनू बहादुर ने कहा कि, इन सारी अव्यवस्थाओं से बचा जा सकता था। ऐसा तब नहीं होता जब महापौर परिषद समय पर फैसला लेती, समय पर उनकी बैठक होती।

एमआईसी को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए थी। इस महत्वपूर्ण काम में लेटलतीफी की गई। उस पर महापौर के निज सचिव ने एमआईसी के संकल्प पत्र से छेड़छाड़ की ये और भी संगीन है। इस मामले की शीघ्र जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब यह विषय सिर्फ सफाई मजदूरों के रोजगार का ही नहीं बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था का भी है। निगम प्रशासन इसमें उचित निर्णय लेते हुए आगे बढ़े और जल्द से जल्द इसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करें।

10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

भटगांव/नवप्रदेश। मंगलवार 9 जुलाई को मय शासकीय वाहन में हमराह प्र.आर. 89 आर. 254,255, म.आर.256 के साथ अवैध शराब रेड कार्यवाही पर रवाना हुआ था। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर बस स्टैण्ड भटगांव के पास मिला की ग्राम जमगहन आनंद पारा का सुदामा प्रसाद टण्डन अपने घर के बाहर परछी में अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के मौका स्थल पर पहुंचकर आरोपी सुदामा प्रसाद टण्डन के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर आरोपी सुदामा प्रसाद टण्डन के कब्जे 01. एक सफेद मजबूत पन्नी के अंदर भरा 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब भरी कीमती 1000/रूपये को सीलबंद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से आरोपी को दिनांक 9 जुलाई के 20.45 बजे विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दिया गया।

शिक्षक पात्रता परीक्षा पुनः कराएगी साय सरकार

धमतरी/नवप्रदेश। बीते दिनों शिक्षक पात्रता परीक्षा के परिक्षार्थी ने धमतरी विधायक ओंकार साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा में हुई गड़बड़ी के बारे में अवगत कराया था।

इस पर धमतरी विधायक ओंकार साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा में हुई गड़बड़ी निंदा की थी। पूर्व सीएम और धमतरी विधायक ओंकार साहू के विरोध के बाद साय सरकार ने छत्तीसगढ़ पात्रता परीक्षा पुनः कराने का निर्णय लिया है। छात्रों ने दोनों नेताओं को बताया था कि छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 जिला धमतरी के परीक्षा केंद्र क्रमांक 1520 महर्षि वेदव्यास कॉलेज भखारा में कंडक्ट कराया जा रहा था। जिसमें परीक्षा 2 बजे से 4.45 के बीच होना था जिसमें छात्रों को 2.30 बजे प्रश्न पेपर व ह्ल्क शीट 1ः30 घंटे विलम्ब से दिया गया। परीक्षार्थियों द्वारा अतिरिक्त समय की मांगा की गई। जितना समय परीक्षा में विलंब हुआ उसके क्षतिपूर्ति के लिए परन्तु केंद्र अध्यक्ष द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया था और छात्रों से ह्ल्कशीट वापस ले लिया गया था। भाजपा सरकार में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

धमतरी विधायक ओंकार साहू ने छात्रों के भविष्य की चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देंगे। धमतरी विधायक साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दबाव में सरकार छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने के लिए मजबूर हो गई है।

■ पूर्व सीएम बघेल और धमतरी विधायक साहू के दबाव में आकर निर्णय

इस तरह धमतरी विधायक ओंकार साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों से छात्रों को न्याय मिल पाया।

मामले पर समस्त शिक्षक पात्रता परीक्षा के भविष्य को सादर सूचनार्थ महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाखरा जिला धमतरी में 23 जून 2024 को द्वितीय पाली में उपस्थित 288 परीक्षार्थियों को दिनांक 20जुलाई को दोपहर 2 बजे से 4ः45 तक छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित होंगी।

पीएम आवास के लिए भटक रही 75 साल की वृद्धा

धमतरी/नवप्रदेश। गोकुलपुर वार्ड की 75 वर्षीया वृद्ध महिला श्रीमती जानकीबाई तिवारी पीएम आवास के लिए लगातार नगर निगम के चक्कर काट रही है। कलेक्टर जनदर्शन में भी जा जाकर वह थक चुकी है पर सुनने वाला कोई नहीं है।

विगत वर्ष बारिश में मकान ढह जाने के बाद से उसने सामुदायिक भवन में डेरा डाल रखा है। वह भारी मुसीबत का सामना करते हुए जीवन यापन कर रही है।

महिला बहुत गरीब परिवार की है और इसके आगे पीछे कोई सहयोग करने वाला नहीं है। जिसके कारण वह स्वयं मकान निर्माण करने में असमर्थ है।

नगर निगम एवं अधिकारियों के भरोसे मकान बनने की आस में वह रोज नगर निगम और कलेक्टर का चक्कर काट रही है पर मिला कुछ नहीं। वृद्ध महिला आठ जुलाई को कलेक्टर जन दर्शन में जाकर पुनः आवेदन देकर मांग की कि बरसात में ठहरने की व्यवस्था करें या पीएम आवास बना कर दें। लेकिन वहां भी महिला को केवल आश्वासन ही मिला है।

आदर्श शासकीय कन्या आश्रम सिहावा में रोंपे पौधे

नगरी/नवप्रदेश। आदर्श शासकीय कन्या आश्रम सिहावा में वृक्षारोपण नदी किनारे किया गया जिसमें जहां हरियाली वहां खुशियाली का संदेश दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,पूर्व विधायक पिकी शिवराज शाह, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र ,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता,मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा,सर्व वर्ग हितेय सगठन प्रभारी गोपी कश्यप ,पूर्व मोहन पुजारी,गोलू आदि उपस्थित थे।

नरेंद्र रोहरा पीजी कॉलेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा ने धमतरी जिला के शासकीय महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष का मनोनयन कर सूची जारी कर दी है।जिसमें नगर निगम के नेताप्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा को बीसीएस शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी का अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य महाविद्यालय में शासकीय नारायण राव मेघा वाले कन्या महाविद्यालय में दमयंती साहू, शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में हेमंत माला, शासकीय महाविद्यालय कंडेल में रामाधार साहू, सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी में अजय नाहटा,शासकीय कॉलेज मगरलोड में नरेश अग्रवाल, शासकीय पीजी कॉलेज कुरुद में भोजराज चंद्राकर, सिलौटी कॉलेज में भीम साहू और शासकीय महाविद्यालय भखारा में हरख जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया है।

किसानों को नहीं मिली चना फसल की क्षतिपूर्ति : चोवा साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। पूर्व मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले की स. लोहारा तहसील अंतर्गत वर्ष 2024-25 में बेमौसम बारिस एवं ओलावृष्टि से अपने खून पसीने से सींची गई रबी/चना की नगदी फसल गंवा चुके हजारों प्रभावित किसान अब भी चना फसल क्षतिपूर्ति राशि की बाट जोह रहे है। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा राशि आबंटित नहीं किए जाने के कारण प्रभावित किसानों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

डिवाइडर पर बड़े पेड़ों का रोपण

क्या है डिवाइडर में वृक्षारोपण का नियम

एनएचएआई और यातायात के अनुसार डिवाइडर पर कनेर का पौधा लगाया जाता है जिसकी अधिकतम ऊंचाई 3 फीट होती है इससे ऊंचा होने पर कटाई की जाती है, पौधे लगाने का उद्देश्य सामने से आ रही गाड़ी की लाइट डायरेक्ट गाड़ी चलाने वाली की आंखों में ना पड़े लेकिन राजनांदगांव निगम द्वारा 20 से 30 प्रकार के पौधे लगाए गए डिवाइडर पर। सुरक्षा के अभाव के कारण पौधे की ऊंचाई 8 से 10 फीट ऊंची हो गई है। कनेर के स्थान पर आंकड़े का पौधा और जंगली पौधा उग आए है। जो अब डिवाइडर को फोड़ रहा है।

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव नगर निगम हर वर्ष लाखों करोड़ों रुपए शहर सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च करती है। शहर को सुंदर बनाने का अमली जामा पहनाना शहर वासियों के लिए जान जोखिम में डालने के बराबर है।

रिसर्च में हुई है पुष्टि

यह मेडिकल रिसर्च में भी पुष्ट हुआ है। कोशिश करनी चाहिए कि ऐसे पौधे रिहायशी क्षेत्र में ना लगाएं। डॉ. निरंजन परिहार, क्रिन, अस्थमा रोग विशेषज्ञ

हादसे होते होते बचा

डिवाइडर में लगे पौधों की कटाई ना होने के कारण वे इतने घने हो गए है कि गाय डिवाइडर पर चढ़ जाती है और अचानक नीचे कूदती है जिससे पिछले 5 दिनों में 3 बड़ी घटनाएं होते होते बची है।

नगर निगम द्वारा सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया गया है जिसमें पौधा रोपण करना होता है लेकिन निगम के अधिकारियों ने जानकारी के अभाव के कारण डिवाइडर पर ऐसे पौधे लगा दिए जो पेड़ का रूप ले लिए है। इसके कारण अब डिवाइडर टूटने लगे हैं। इससे सड़क की खूबसूरती के साथ ही पैसे की भी बर्बादी हो रही है।

कुछ पौधों से होता है अस्थमाः निगम द्वारा कुछ ऐसे पौधे लगा दिए गए जिससे अस्थमा होता है। जल्द यदि ऐसे पौधों को नहीं हटाया गया तो शहर में अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ जायेगी।

रायपुर के लोगों ने काटा छातिम का पौधाः खबर के अनुसार राजधानी के चौक-चौराहों, डिवाइडर और उद्यानों में लगे छातिम के पेड़ अस्थमा, सर्दी-खांसी के कारण बन रहे हैं।

इससे आसपास के क्षेत्रों के रहवासी स्वयं के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित होने लगे हैं। टाटीबंध, हीरापुर आदि सोसाइटियों के निवासी इन पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।

हादसे के लिए जवाबदार कौन

इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है लेकिन सवाल ये है कि दुर्घटना का जवाबदार कौन होगा।

किसको फायदा : बिना समझ के बड़े पेड़ों को रोपण डिवाइडर पर करना समझ से परे हैं। आमतौर पर छोटे फूलदार पौधों का ही रोपण किया जाता है। बड़े पेड़ों के कारण डिवाइडर टूट रहे है। बड़े पेड़ों की डालें बिजली पोल पर गिरती है। बिजली के तारों को नुकसान पहुंचते है।

पहल | स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के तहत लोगों को बता रहा जल का महत्व

जल संरक्षण के प्रति किया जा रहा जागरूक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जल संरक्षण के लिए हाथ मिलाएं थीम जल जीवन मिशन के हितग्राहियों को प्रशिक्षित कर जल संरक्षण के महत्व के बारे में टीम द्वारा समझाया जा रहा है। जिसमें जल की बर्बादी कम कैसे करें।

कुशल उपयोग को बढ़ावा देना, जल- बचत पहलों का समर्थन करना शामिल है। ईई मनोज ठाकुर ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन और जल की कमी की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

जल संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्य करना चाहिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोऑर्डिनेटर राजकुमार कोसले ने बताया ग्राम केशला (कौवाडीह) में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अपने घरों के टॉयलेट में लीक की जांच करना अपने टॉयलेट टैंक में फूड कलरिंग की कुछ बूंदें डालें। अगर, बिना फ्लश किए, रंग बाउल में दिखने लगे, तो आपके टॉयलेट में रिसाव है, जिससे एक दिन में कई गैलन पानी बर्बाद हो सकता है।

हर बूंद का महत्व समझें उक्त कार्यक्रम में गांव के सरपंच कमलेश्वर बघेल एवं पंच, हेल्प एंड हेल्प समिति से सौरभ सिंह, युवराज तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोऑर्डिनेटर राजकुमार कोसले, मनोज कुमार राठौर, उत्कर्ष कावले जी उपस्थित रहे।

ई रिक्शा की बढ़ती संख्या से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था होने लगी ठप्प

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने की सबसे बड़ी वजह अधिक संख्या में दौड़ रहे आटो और ई-रिक्शे बन गए है। चालक कहीं भी आटो खड़े कर सवारी बैठाते- उतारते हैं, जिससे हर जगह जाम लग रहा है। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने आटो रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए उनका वेरिफिकेशन करने, आटो स्टैंड बनाने, 10 वर्ष से अधिक पुराने आटो को परमिट जारी न करने, शहर से हटाने के अलावा कई प्लान बनाए, लेकिन सारे प्लान धरे के धरे रह गए। आटो यूनियन इन प्लान का विरोध करता रहा, जिससे लागू नहीं हो सके।

खादी ग्रामोद्योग ने दर्ज की 1.55 लाख करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

नई दिल्ली। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 15.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 1.55 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की है। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में 10.17 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सरकार की ओर से जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की ब्रिकी पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1,55,673.12 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि 2013-14 में 31,154.2 करोड़ रुपये थी।

कुमार ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री में 400 प्रतिशत, उत्पादन में 314.79 प्रतिशत, नए रोजगार सृजन में 80.96 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। केवीआईसी का यह योगदान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 एक विकसित भारत बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से खादी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे लोगों का खादी के उत्पादों पर विश्वास बढ़ा है। आज के समय में खादी भारतीय युवाओं के बीच एक नई स्टेटस सिंबल के रूप में उभरा है। खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की मांग बाजार में बढ़ रही है, जिसका असर हमारे प्रदर्शन पर भी दिख रहा है।आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्राम उद्योग के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से स्वदेशी उत्पादों पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। पिछले 10 वर्षों में खादी कपड़े के उत्पादन में अप्रत्याशित 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े का उत्पादन 811.08 करोड़ रुपये था, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 3,206 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में खादी कपड़े का उत्पादन 2,915 करोड़ रुपये पर था। खादी कपड़े की मांग में भी इस दौरान उछाल देखने को मिला है।

वित्त वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े की बिक्री 1,081.04 करोड़ रुपये पर थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई है। इस दौरान बिक्री में 500 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

वित्त वर्ष 2022-23 में 5,942 करोड़ रुपये के खादी कपड़े की बिक्री हुई थी। केवीआईसी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

पशुपालकों की डिमांड से बिनौला खल्ली उछली

जयपुर। इस बार मक्का खल महंगी होने से बिनौला खल की डिमांड अधिक निकल रही है। वर्तमान में जयपुर मंडी में बिनौला खल के भाव 3500 से 3900 रुपए प्रति क्विंटल बोले जा रहे हैं। इसमें एक सप्ताह के दौरान करीब 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई है। दूसरी ओर मक्का खल एक्स अलवर के भाव 100 रुपए नीचे आकर 4000 रुपए प्रति क्विंटल में व्यापार हो रहा है।

दो-तीन साल पहले मक्का खल की कीमतें बिनौला खल के मुकाबले नीचे रहती थीं, तो मक्का खल की डिमांड अधिक बनी रहती थी। मगर इस बार ऐसा नहीं है। बिनौला खल के मुकाबले मक्का खल के भाव ज्यादा चल रहे हैं। जयपुर स्थित प्रमुख फर्म सत्य ट्रेडिंग कंपनी के दिनेश वैद ने बताया कि पशु पालकों की मांग निकलने से बिनौला खल में तेजी का रुख देखा जा रहा है। इसी प्रकार लाल तिल पपड़ी के भाव भी 150 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए हैं। जयपुर मंडी में तिल पपड़ी 3350 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत बोली जा रही थी। दूसरी ओर तिल डली 5000 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर बनी हुई है। इस बीच सरसों सीड में गिरावट के चलते सरसों खल के भाव लगातार नीचे आ रहे हैं। बुधवार को सरसों खल प्लांट 2750 रुपए प्रति क्विंटल बेची गई। जयपुर मंडी सरसों मिल डिलीवरी 42 प्रतिशत तेल कंडीशन बुधवार को 50 रुपए और नीचे आकर 6000 रुपए प्रति क्विंटल रह गई है। इस बीच मक्का खल का प्रचलन राजस्थान में पिछले पांच-सात सालों से ज्यादा बढ़ गया है। गुजरात में मक्का खल का प्रचलन ज्यादा हुआ करता था। जानकारों का कहना है कि मक्का खल के उपयोग से दुधारू पशुओं को अधिक पौष्टिकता मिलती है और वे दूध ज्यादा देने लगते हैं। इसलिए भी मक्का खल विशेषकर पशु पालकों और डेयरी वालों में लोकप्रिय हुई है।

अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध: गोपाल विट्ठल

नई दिल्ली। आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है । ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं। इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, हम आपके लिए और भी फायदे लेकर आए हैं।

अब आपके वाई-फाई प्लान में ही टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। एयरटेल वाई-फाई के साथ आपको 22 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म और 350 से ज्यादा टीवी चैनल मिलेंगे।

शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला, ऑटो आईटी और पीएसयू शेयरों में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार की गुरुवार को शुरुआत तेजी के साथ हुई। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। सुबह 9:21 पर सेंसेक्स 134 अंक यानि 0.17 प्रतिशत बढ़कर 80,058 और निफ्टी 38 अंक यानि 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,361 पर था। एनएसई पर 1608 शेयर हरे निशान में और 434 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं।

अदाणी समूह को राहत, गुजरात सरकार को अभी नहीं लौटानी पड़ेगी 108 हेक्टेयर जमीन

नई दिल्ली। अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड को आवंटित 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने को कहा गया था। जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने ये फैसला सुनाया। गुजरात सरकार द्वारा करीब 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने के खिलाफ अदाणी पोर्ट्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। यह जमीन कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास स्थित है। मामला 2005 का है, जब अदाणी पोर्ट्स को 108 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी। 2010 में जब अदाणी पोर्ट्स ने जमीन पर बाड़ लगाना शुरू किया, तो वहां के नवीनल गांव के लोगों ने हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर दी और अदाणी पोर्ट्स को 231 हेक्टेयर चारागाह भूमि के आवंटन को चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि गांव में चारागाह भूमि की कमी है और इस आवंटन से उनके पास केवल 45 एकड़ भूमि ही बचेगी। 2014 में, राज्य सरकार द्वारा यह कहने के बाद कि चारागाह के लिए 387 हेक्टेयर सरकारी भूमि देने का आदेश दिया गया है, कोर्ट ने मामले का निपटारा कर दिया। फिर 2015 में, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दायर की और कोर्ट से कहा कि ग्राम पंचायत को आवंटित करने के लिए केवल 17 हेक्टेयर भूमि ही उपलब्ध थी। इसने प्रस्ताव दिया कि वह शेष भूमि यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर आवंटित कर सकती है। ग्रामीणों ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मवेशियों के चरने के लिए यह बहुत दूर है। इस साल अप्रैल में, कोर्ट ने एक वरिष्ठ राजस्व अधिकारी से समाधान निकालने को कहा। अधिकारी ने जवाब दिया कि राज्य सरकार ने 2005 में अदाणी पोर्ट्स को आवंटित की गई लगभग 108 हेक्टेयर भूमि अब वापस लेने का फैसला किया है।

ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स लगाने से खपत में आई कमी!

नई दिल्ली। ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स लगाने से बच्चों में चीनी की रोजाना खपत में करीब 5 ग्राम और वयस्कों में 11 ग्राम की कमी आई है।अध्ययन के अनुसार, 50 से ज्यादा देशों ने सॉफ्ट ड्रिंक (शीतल पेय पदार्थों) पर चीनी टैक्स लागू किया है ताकि निर्माताओं को अपने प्रोडक्ट्स को दोबारा तैयार करने के लिए प्रेरित किया जा सके। ब्रिटेन में चीनी पर टैक्स का ऐलान मार्च 2016 में किया गया था और अप्रैल 2018 में लागू हुआ था।

कैम्ब्रिज, बाथ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने यूके नेशनल डाइट एंड न्यूट्रिशन सर्वे से 7 हजार 999 वयस्कों और 7 हजार 656 बच्चों के 11 वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया।जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ में ऑनलाइन प्रकाशित रिजल्ट के अनुसार, ब्रिटेन में चीनी टैक्स लागू होने के एक साल बाद बच्चों ने भोजन और पेय से मिलने वाली चीनी की मात्रा में प्रतिदिन लगभग 5 ग्राम (10 प्रतिशत) की कमी कर दी। वहीं वयस्कों ने रोजाना करीब 11 ग्राम (20 प्रतिशत) की कमी कर दी। इस कुल मात्रा का आधे से ज्यादा हिस्सा अकेले शीतल पेय पदार्थों से आता है, जो बच्चों में करीब 3 ग्राम रोजाना और वयस्कों में लगभग 5 ग्राम प्रतिदिन है। वहीं बच्चों और वयस्कों में प्रोटीन का सेवन स्थिर रहा। शोधकर्ताओं ने बताया कि बच्चों में रोजाना 4.8 ग्राम चीनी की कमी लगभग 2,000 किलोकैलोरी के प्रतिदिन सेवन में से करीब 19.2 किलो कैलोरी के बराबर है, जो ऊर्जा सेवन में लगभग एक प्रतिशत की कमी के बराबर है।इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि चीनी-मीठे पेय पदार्थों के सेवन से विशेष रूप से बच्चों में वजन बढ़ने, टाइप 2 डायबिटीज, कोरोनरी हार्ट डिजीज और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

खेल, मनोरंजन

इंग्लैंड दूसरी बार यूरो कप के फाइनल में

दिल्ली। इंग्लैंड 2020 में अपनी मेजबानी में हुए यूरो कप के फाइनल में भी पहुंचा था। इंग्लैंड ने जर्मनी के डॉर्टमुंड के स्टेडियम में यूरो कप के खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराया और लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा।

वहीं, इंग्लैंड पहली बार देश के बाहर हुए किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले 1966 में इंग्लैंड में ही हुए वर्ल्ड कप और 2020 में इंग्लैंड में ही खेले गए यूरो कप के फाइनल में पहुंचा था। इंग्लैंड रविवार को फाइनल में स्पेन के साथ भिड़ेगा। इंग्लैंड के पास 58 साल बाद किसी बड़े टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। इससे पहले इंग्लैंड ने 1966 में वर्ल्ड कप जीता था। हालांकि, 2020 में यूरो कप के फाइनल में पहुंचा, पर वह खिताब से वंचित रहा।

मैच समाप्त होने से पहले दोनों टीमें 1-1 गोल कर बराबरी पर थीं, ऐसा लग रहा था कि मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से होगा। पर इंग्लैंड के ओली वॉटकिंस ने मैच में जोड़े गए अतिरिक्त मिनट में गोल कर इंग्लैंड को 2-1 से आगे कर फाइनल में पहुंचा दिया।हाफ टाइम तक दोनों टीमों की ओर से 1-1 गोल किए गए। मैच के 10वें मिनट में ही नीदरलैंड के जेवी सिमंस ने इंग्लिश बॉक्स के बाहर से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा कर डच टीम को 1-0 से आगे कर दिया।नीदरलैंड टीम और उसके फैंस की यह खुशी ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही और 8 मिनट बाद ही यानी 18वें मिनट में हैरी केन ने गोल कर इंग्लैंड टीम और फैंस के गम को खुशी में तब्दील कर दिया। इस गोल के बाद इंग्लैंड की टीम में अलग एनर्जी का संचार हो गया और हाफ टाइम का खेल समाप्त होने तक उन्होंने गोल करने के कई मौके बनाए। मैच के 25वें मिनट तक इंग्लैंड टीम ने चार मौके बनाए और 65.8 प्रतिशत तक बॉल अपने पास रखी। वहीं 38वें मिनट में फिर से गोल करने के करीब पहुंच गए। इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी फिल फोडेन ने बाईं से एक तेज शॉट लगाया, पर नीदरलैंड के गोलकीपर ने गोल रोकने के साथ ही इंग्लैंड को बढ़त लेने से भी रोक दिया।दूसरे हाफ की शुरुआत में दोनों टीमों की ओर से बदलाव किए गए। नीदरलैंड ने डोनियल मालेन को बाहर कर दिया और उनकी जगह वॉथ वेघोर्स्ट को शामिल किया, जबकि इंग्लैंड की ओर से ल्यूक शॉ ने कीरन ट्रिपियर की जगह ली। दूसरे हाफ के खत्म होने से 20 मिनट पहले इंग्लैंड ने पहले हाफ के स्टार हैरी केन और फिल फोडेन को बाहर बुला लिया और उनकी जगह ओली वॉटकिंस और कोल पामर ने लिया। इंग्लैंड का यह फैसला सही साबित हुआ, जब मैच में जोड़े गए समय में ओली वॉटकिंस ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया।

मिर्जापुर 3 की सलोनी भाभी का रोल निभाने वाली नेहा को मिला नेशनल क्रश का टैग

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मिर्जापुर सीजन 3 रिलीज हो चुका है, जिसे फैन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है. कई लोगों को जहां मिर्जापुर 3 काफी पसंद आई है तो वहीं कई लोगों को इसकी कहानी दिलचस्प नहीं लगी. हालांकि इन सबके बीच जो किरदार चर्चा का विषय बना हुआ है, वो है दद्दा त्यागी की बहू सलोनी त्यागी. यह एक्ट्रेस मिर्जापुर सीजन 2 में दद्दा के बड़े बेटे भरत त्यागी की पत्नी बनीं, अब सीजन 3 में वो अपनी भूमिका को प्रमुखता से निभा रही हैं. इतना ही नहीं उन्होंने अपने किरदार को इतनी अच्छी तरह से निभाया है कि अब वो भारत की नई क्रश बन गई हैं. आइए एक्ट्रेस के बारे में विस्तार से जानते हैं.

मिर्जापुर सीजन 3 में सलोनी त्यागी के किरदार में नजर आ रही एक्ट्रेस का असली नाम नेहा सरगम है और वो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहती हैं. नेहा मूल रूप से बिहार के पटना की रहने वाली हैं. पटना में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह अपनी मां और छोटी बहन के साथ मुंबई चली गईं. वह हमेशा से एक सिंगर बनने की ख्वाहिश रखती थीं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की.नेहा ने इंडियन आइडल में भाग लिया और सीजन 4 में जगह बनाई, लेकिन दुर्भाग्य से प्रतियोगिता के दौरान गले में संक्रमण के कारण उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया. नेहा साल 2012 में टीवी शो रामायणः सबके जीवन का आधार में नजर आईं, जिसमें उन्होंने सीता की भूमिका निभाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नील भट्ट और नेहा तीन साल से रिलेशनशिप में थे और शादी करने की भी प्लानिंग कर रहे थे. हालांकि, आपसी मतभेदों के कारण दोनों को ब्रेकअप हो गया और दोनों के रास्ते हमेशा के लिए अलग हो गए।

भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलंपिक में लिया था हिस्सा

नई दिल्ली। भारत ने पहली बार ओलंपिक में वर्ष 1900 में हिस्सा लिया था जहां नॉर्मन प्रिचर्ड ने 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है और भारतीय एथलीट इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में अच्छी सफलता हासिल की थी और देश को उम्मीद है कि एक बार फिर भारतीय खिलाड़ी तिरंगे की शान बढ़ाएंगे। भारत ने पहली बार ओलंपिक में वर्ष 1900 में हिस्सा लिया था जहां नॉर्मन प्रिचर्ड ने 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे। भारत का पदक के मामले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो 2020 में रहा जहां टीम ने एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे। भारत 26वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेगा। हालांकि, उसने 20 बार भारतीय झंडे तले इन खेलों में हिस्सा लिया है। इस बार भारत के 111 एथलीट पदक के लिए जोर लगाने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक में कुल 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और पिछली बार की तुलना में इस संख्या में गिरावट आई है। अपने पहले पांच ओलंपिक में भारत ब्रिटिश राज के अंतर्गत खेला था। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होना है।

ओलंपिक इतिहास की बात करें, तो भारत के नाम अब तक कुल 35 पदक हैं। इनमें 10 स्वर्ण, नौ रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। सबसे ज्यादा आठ स्वर्ण पदक भारत की हॉकी टीम ने जीते हैं। देश के नाम व्यक्तिगत स्पर्धा में दो गोल्ड हैं, जो अभिनव बिंद्रा ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक के दौरान निशानेबाजी और टोक्यो 2020 में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में जीता है।

कोच फुल्टन ने दिया गुरुमंत्र बोले- अपने खेल पर फोकस करें

नई दिल्ली। भारत में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे फुल्टन को ओलंपिक की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला लेकिन उन्हें कोई मलाल नहीं है। वह पिछले साल अप्रैल में भारतीय टीम से जुड़े थे। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब 20 दिन का समय शेष है। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। मुकाबले से पहले टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों को गुरूमंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक का दबाव लिए बगैर फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच पर फोकस रखें। फुल्टन ने कहा, ÷मैं जानता हूं कि टोक्यो ओलंपिक के कांस्य के बाद अपेक्षायें बढी है लेकिन हकीकत यह है कि टीम ने अच्छी प्रगति की है। लंदन ओलंपिक (2012) में 12वें, रियो (2016) में आठवें स्थान से तोक्यो (2020) में तीसरे स्थान पर रहने तक टीम काफी आगे बढ़ गई है। मेरा मंत्र स्पष्ट है कि खेल पर फोकस करें, ओलंपिक पर नहीं। यह हॉकी का ही मैच है और नियम भी बदले नहीं हैं।भारत में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे फुल्टन को ओलंपिक की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला लेकिन उन्हें कोई मलाल नहीं है। वह पिछले साल अप्रैल में भारतीय टीम से जुड़े थे।उन्होंने कहा, आम तौर पर एक ओलंपिक से दूसरे ओलंपिक तक का समय मिलता है लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। हमने मेरे आने के तीन महीने के भीतर एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया।

आलिया भट्ट ने शुरू की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी अपकमिंग फिल्म अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी हैं. एक्ट्रेस की यह फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के अंतर्गत बन रही है. आलिया भट्ट की सेट पर जाते समय की एक तस्वीर सामने आई है. इसमें आलिया कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं. बताया जा रहा है कि यह एक्ट्रेस के फिल्म के लुक की तस्वीर नहीं है. क्योंकि तस्वीर उस समय की है जब एक्ट्रेस सेट पर पहुंच रही थीं. इस बात की जानकारी प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने भी दी है. सेट से कोई तस्वीर लीक न हो इसके लिए मेकर्स ने भारी तैयारी कर रखी है.अल्फा फिल्म बॉलीवुड में एक खास स्थान हासिल करने जा रही है. बता दें कि यह पहली फीमेल लीड वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म साबित होगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की इस मूवी में सुपर-एजेंट के रोल में नजर आने वाली हैं. उन्होंने इसके लिए शूटिंग शुरू कर दी है. वायरल तस्वीर में आप आलिया भट्ट को नीले और सफेद रंग की ड्रेस में देख सकते हैं. सुरक्षा कारणों के चलते एक्ट्रेस की यह तस्वीर दूर से ली गई है. बता दें कि अल्फा नाम की इस चर्चित अपकमिंग फिल्म का डायरेक्शन भोपाल गैस त्रासदी की घटनाओं से संबंधित सीरीज द रेलवे मेन बनाने वाले शिव रवैल कर रहे हैं.बता दें कि यशराज फिल्म्स के मालिकाना हक वाले वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म में वॉर 2 भी शामिल है. इससे पहले आई फिल्म वॉर ब्लॉकबस्टर रही थी।

न्यूज गैलरी

जागेश्वर प्रसाद की पुस्तिका छत्तीसगढ़ की विभूति का विमोचन 14 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रमुख नेता एवं रचनाधर्मी जागेश्वर प्रसाद की 79 वें जन्मदिन पर उनकी लिखी पुस्तिका छत्तीसगढ़ की विभूति का विमोचन केबिनेट राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आनंद समाज वाचनालय कंकाली पारा रायपुर में 14 जुलाई को सुबह 11 बजे करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं इंटेक के छग के अध्यक्ष अरविंद मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इतिहासकार डॉ. केके अग्रवाल होंगे। राज्य आंदोलनकारी केके चंद्राकर कार्यक्रम में विशेष अतिथि होंगे।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना के पास सरेआम शराब पीते आरोपी पुणेन्द्र साहहू 36 वर्ष व कुलदीप पैकरा 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पंडरी पुलिस ने आरोपी पसनजीत परमानी 23 वर्ष व योगेन्द्र साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी पंचराम साहू 20 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी ओम साहू 30 वर्ष व आकाश कुमार साहहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी टिकेन्द्र धीवर 23 वर्ष, जुम्मन साहहू 22 वर्ष व राहुल सिन्हा 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आारोपी ओपी निषाद 23 वर्ष व कुमार साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांजा के साथ दो लोग पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने कौशल्या माता विहार के पास अवैध गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कौशल्या विहार सेक्टर 5 कमल विहार के पास आरोपी अशोक नाहक 55 वर्ष निवासी उड़िसा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक थैले में 8 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है।

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गुढियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने खालबाड़ा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी शेखर गोश्वामी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है।

एसईसीएल कर्मी की सड़क हादसे में मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में दीपका हाउस के सामने हुई सड़क दुर्घटना में एसईसीएल कर्मी की मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रगति नगर कॉलोनी निवासी एसईसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। दीपका विस्तार परियोजना पदस्थ ड्रिल ऑपरेटर अनिल मिश्रा दीपका हाउस के सामने अष्टभुजी मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गए।

7 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग पुलिस ने जुआ खेलते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 59670 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम हरदीडीह एनीकेट के पास जुआ खेलते आरोपी दीपक चंद्राकर सहित अन्य 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

बलौदाबाजार हिंसा

पुलिस ने भेजा नोटिस, तो डीजीपी से मिले विधायक अब पहुंचे हाईकोर्ट

पुलिस की पूछताछ से कतरा रहे हैं विधायक देवेंद्र यादव

रायपुर/ नवप्रदेश। बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को बुलाया था। लेकिन अब उन्होंने हाईकोर्ट का रुख इख़्तियार कर लिया है और पूछताछ के विरुद्ध हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की है। छत्तीसगढ़ में 10 जून को हुई बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को बुलाया था।

माना जा रहा था कि, वे आज बलौदाबाजार जाएंगे। लेकिन अब देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट का रुख इख़्तियार कर लिया है। जहां उन्होंने पूछताछ के विरुद्ध हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की है। जिसको लेकर पुलिस ने चाक-चौबंध इंतजाम किये थे। विधायक के पहुंचने से के दौरान समर्थकों के द्वारा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति ना बने इसके लिए सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के आसपास बैरिकेडिंग लगाई गई थी। पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित 50 से भी अधिक जवानों की ड्यूटी सिटी कोतवाली थाने में लगाई गई है।

अब तक इस मामले में 156 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।

पुलिस ने भेजा था नोटिस

सोमवार को पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को नोटिस जारी किया है। जिसमें उन्हें 9 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। 10 जून को विधायक देवेंद्र यादव हिंसा समाज के प्रदर्शन में कुछ देर के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने बलौदाबाजार में हुई हिंसक झड़प और आगजनी मामले में हाल ही में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे को गिरफ्तार किया है।

देवेंद्र बोले- नोटिस में नहीं है कारण

हाईकोर्ट में दायर याचिका को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि, नोटिस में मुझे बुलाए जाने के कारण का उल्लेख नहीं है। वहां लोगों को धमकाकर हमारा नाम लेने कहा जा रहा है। सभी विषयों की जानकारी याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट को दी है। आगे उच्च न्यायालय का जो निर्देश होगा हम उसका पालन करेंगे।

टिकट उसे मिलेगा जिसने पिछले चुनावों में मेहनत की : साय

प्रदेश में मिल सकता है 500 रुपए में सिलेंडर
निकाय चुनाव में गेमचेंजर होगा सरकार का दांव

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को रायपुर में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक थी। मंच से सीएम साय ने जल्द से जल्द निकाय चुनाव में पार्टी के लिए गेमचेंजर साबित होने वाली योजनाओं को लागू करने का संकेत दिया है।

मुख्यमंत्री ने अपने 22 मिनट 47 सेकेंड के भाषण में दो बड़ी योजनाओं का जिक्र किया जो आगे आने वाले दिनों में शुरू होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा- हम भूमिहीन लोगों को 10 हजार रुपए सालाना देने का काम करने जा रहे हैं। इसके लिए हमने बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

आने वाले समय में गैस का सिलेंडर 500 रुपए में देने का वादा भी पूरा करेंगे। सीएम साय ने यह बात तब कही जब वे नगर निगम चुनावों के लिए कमर कसने की अपील कार्यकर्ताओं से कर रहे थे। माना जा रहा है कि जल्द ही इसके लिए कागजी कार्रवाई शुरू की जाएगी ताकि लोगों को इसका बड़ा फायदा मिल सके और दिसंबर में होने वाले निकाय चुनाव में इस योजना से पार्टी को फायदा मिल सके।

जमीनी कार्यकर्ताओं को पार्षद-मेयर का टिकट

चुनाव में जिन कार्यकर्ताओं का परफॉर्मेंस बेहतर था, जो बूथ, मंडल जिताने में कामयाब रहे, वार्ड में जिनकी पकड़ अच्छी है, उन्हें पार्षद और महापौर का टिकट पार्टी आम कार्यकर्ताओं को देगी।

निकाय चुनाव से पहले इन वादों पर होगा काम

हम भूमिहीन लोगों को 10 हजार रुपए सालाना देने का काम। बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान और आने वाले समय में गैस का सिलेंडर 500 रुपए में देने का वादा पूरा करने का संकेत दिए हैं।

प्रभारी मंत्रियों को दी गई है ये जिम्मेदारी

काबिल कार्यकर्ताओं को टिकट देने के लिए नाम भी लिए जाएंगे। उनकी जमीनी पकड़ और जातिगत फैक्टर्स को भांपने का काम शुरू होगा। निकाय चुनाव को ध्यान में रखकर प्रभारी मंत्रियों को टास्क दिया गया है। जिला, बूथ, मंडल स्तर पर अब बैठकें शुरू होंगी। प्रभारी मंत्री जिलों में जाएंगे और स्थानीय मुद्दे क्या हैं, कैसे वहां बीजेपी के लिए माहौल बनायें।

यह है नगरीय निकायों की स्थिति

- छत्तीसगढ़ में 184 नगरीय निकाय हैं।
- इनमें से 169 में ही चुनाव होंगे।
- बाकी 15 निकायों का कार्यकाल 2025 में पूरा होगा।
- इस बार प्रत्यक्ष रूप से मेयर का चुनाव हो सकता है।
- नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कर चुके हैं हिंट

नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्ल्यू ने आबकारी अधिकारियों से की पूछताछ

जल्द होगी और गिरफ्तारी, प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का टेंडर भी हो सकता है निरस्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यूने कार्रवाई तेज कर दी है। आबकारी विभाग के अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर जिले के आबकारी अधिकारी और सहायक अधिकारियों से अलग-अलग जिलों में शराब ट्रांसपोर्टिंग और कलेक्शन को लेकर पूछताछ की गई। 9 जुलाई को डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाले प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया था। जिसके बाद टीम उससे लगातार पूछताछ कर रही है। इसका टेंडर भी जल्द निरस्त हो सकता है।

जल्द ही कुछ अधिकारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर सकती है। ईओडब्ल्यू की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि शराब घोटाले में आबकारी विभाग के जिलों में ड्यूटी कर रहे अधिकारियों भी महत्वपूर्ण भूमिक रही है। श्वष्ठ की इन्वेस्टिगेशन में कई अधिकारियों का नाम भी आया था। लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। अब ईओडब्ल्यू की टीम उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ करने की तैयारी में है।

दोहरे हत्याकांड से शहर में फैली सनसनी

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के व्यस्त क्षेत्र अनुपमा चौक के समीप रहने वाले गुप्ता परिवार के दो सदस्य मां गायत्री गुप्ता 50 वर्ष और उसके बड़े बेटे निलेश 32 वर्ष की गुरुवार तड़के अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। परिवार का तीसरा सदस्य नितेश गुप्ता 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिसे मेडिकल कालेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार परिवार में तीन ही सदस्य थे। मां गायत्री अपने दो बेटों के साथ रहती थी। गायत्री विधवा थी और दोनों बेटे अविवाहित थे। घटना का कारण पता नहीं चला है। गुप्ता परिवार की धरमपुरा मार्ग में घर पर ही किराना की दुकान है। घटना गुरुवार तड़के की बताई गई है। बुधवार रात को तीनों मां बेटा पनारा पारा में एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में गए थे और आधी रात को घर लौटे थे।

फैक्ट्रियों का गंदा पानी जल स्रोतों को कर रहा प्रदूषित

बेरला/ नवप्रदेश। बेरला विकासखण्ड एवं भिम्भौरी तहसील इलाके के ग्राम बोरसी क्षेत्र में स्थापित फैक्ट्रियों के निकासी नालियों में लालयुक्त गन्दा पानी दिखाई पड़ रहा है। जहां स्थानीय लोगों का मानना है कि गाँव में लगातार कुछ फैक्ट्रियों का दूषित पानी बिना फिल्टर बहा दिया जा रहा है, जो किसानों के खेतों में या फिर गाँव के नाले से होकर अन्य जलस्त्रोतों में मिल रहा है। लिहाजा बोरसी में अब फैक्ट्रियों की वजह से जल स्रोत दूषित होने लगा है। ऐसे में भविष्य को लेकर ग्रामीणों में भय का वातावरण बनते जा रहा है। गौरतलब हो कि बेरला रायपुर मुख्य मार्ग से मुरमुन्दा मार्ग पर स्थित बोरसी गाँव क्षेत्र का बहुचर्चित गाँव है जहां स्थापित बारूद फैक्ट्री में विगत कुछ माह पूर्व विस्फोटक तत्वों के ब्लास्टिंग की खबर काफी सुर्खियों में रही है। वहीं इसी गांव में बारूद के अलावा आयरन मेटल व अन्य धातुओं के भी प्लान्ट व कारखाने स्थापित हैं। जहाँ रोजाना बड़ी मात्रा में औद्योगिक कार्य होने से बड़ी मात्रा में कम्पनी का गन्दा पानी निकलता है। इन्हीं के बीच फैक्ट्री के निकासी पानी में इन दिनों खतरनाक केमिकल्स व अन्य नुकसानदायक मिनरल्स के साथ नालियों में पानी बह रहा है। बता दें कि शासन-प्रशासन द्वारा फैक्ट्री खुलने के प्रति विभिन्न स्तरों पर कम्पनी की कार्यशैली को लेकर मानक मापदण्डों के आधार के परिपालन पर ही अनुमति व अन्य सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

कांग्रेस दफ्तर में पीसीसी चीफ के सामने भिड़े सीनियर, केबिन के लिए खींचतान

पूर्व मंत्री बोले- नेता प्रतिपक्ष के लिए अलग कमरा हो

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी की रायपुर में दो दिनों तक मैराथन बैठक हुई। दूसरे दिन की बैठक के दौरान राजीव भवन में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के कमरे को लेकर सीनियर नेताओं के बीच तीखी बहस हो गई। बात इतनी बढ़ी कि खुद नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले में हस्तक्षेप कर बात को खत्म किया। दरअसल, 9 और 10 जुलाई को कांग्रेस में दो दिनों तक लगातार मंथन चला। जिसमें नगरीय निकाय चुनाव, उपचुनाव और संगठन की सक्रियता को लेकर चर्चाएं हुई हैं।

पूर्व मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को राजीव भवन में एक रूम दिए जाने की बात रखी। पूर्व मंत्री का तर्क था कि नेता प्रतिपक्ष अगर समय-समय पर यहां आकर बैठ सकें। समन्वय से काम हो पाए। इससे कार्यकर्ताओं को सहूलियत होगी। इस प्रस्ताव पर सरकार में बड़े पद पर रहे एक सीनियर नेता ने अपनी असहमति देते हुए कहा कि, कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष को कमरा देने की परंपरा नहीं रही है। इस पर उस समय के नेता प्रतिपक्ष ने भी इसी बीच याद दिलाया गया कि पुराने भवन और राजीव भवन में भी पहले कमरा था, लेकिन बाद में इसे किसी और को दे दिया गया।

बैज से महंत ने कहा- हमें जरुरी मुद्दों में बातें करनी है

सीनियर नेताओं की इस खींचतान में पार्टी अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, सभी मिलकर फैसला कर लें, जो सभी को मंजूर होगा वो कर लिया जाएगा। खुद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हस्तक्षेप कर कहा कि, हमें अन्य मुद्दों पर बात करनी चाहिए।

बहस के वक्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, डॉ. शिव डहरिया, ताम्रध्वज साहू, जयसिंह अग्रवाल, उमेश पटेल, रूद्र गुरू, राजेन्द्र तिवारी, सांसद ज्योत्सना महंत समेत सभी सीनियर लीडर्स मौजूद रहे।

यूथ कांग्रेस ने लगाया आरोप, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर फर्जी FIR कर रही पुलिस

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने प्रदेश भर में NSUI और युवा कांग्रेस के नेताओं पर रही रही FIR को झूठा बताते हुए सरकार पर निर्दोषों पर कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने आरोप लगाया है कि हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस टारगेट कर रही है। बिगड़ती कानून व्यवस्था यूथ कांग्रेस और NSUI के कार्यकर्ताओं पर फर्जी F.I.R को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। युवा कांग्रेसी बोले जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन जबरन हमारे लोगों पर झूठे FIR दर्ज कर रही है। बलौदा बाजार हिंसा में सरकार फैलियर साबित हुई है, सरकार वहां कन्ट्रोल नहीं कर पाई। लेकिन उल्टा हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर 307 जैसी गंभीर धाराओं पर मामला दर्ज कर रही है। सूरजपुर में प्रदर्शन करने पर हमारे कार्यकर्ता को एसडीएम पीट रहा है। कल रायपुर की घटना ही देख लीजिए हमारे कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया। लगातार अलग-अलग ऐसी घटनाएं हो रही है और यह अब बर्दाश्त के बाहर है। आज प्रदेश भर में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम हमने कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा है जब तक पुलिस नहीं रुकेगी तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा। सभी जिलों में प्रदर्शन छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने आज सभी जिलों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एवं युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर फर्जी एफआईआर करवाने के विरोध जल्द ही बड़े प्रदर्शन की भी तैयारी है।

अब प्रदेश के हर घरों में लगेगा स्मार्ट मीटर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को अब प्रीपेड मोबाइल, डीजीएच और ब्रॉडबैंड की तरह अपने बिजली मीटर को भी पहले रिचार्ज कराना होगा। इसके बाद उन्हें बिजली की आपूर्ति की जायेगी. इन दिनों रायपुर समेत प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। प्रदेश भर में 54 लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं, जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे, जो मोबाइल सिम की तरह काम करेंगे। ग्राहकों को तय पैकेज के आधार पर मीटर को रिचार्ज कराना होगा। ग्राहक जितना रिचार्ज कराएंगे उतनी ही बिजली खर्च कर सकेंगे। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि मीटर लगने से पूरा सिस्टम ऑटोमैटिक हो जाएगा। रिचार्ज खत्म होने पर बिजली की आपूर्ति बंद हो जाती है, ठीक वैसे ही जैसे मोबाइल फोन का रिचार्ज खत्म होने पर कॉलिंग, इंटरनेट और एसएमएस बंद हो जाता है। हालाँकि, यदि रिचार्ज रात में समाप्त हो जाता है, तो बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। लेकिन, उसे अगली सुबह ही स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराना होगा। सीएसपीडीसीएल अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल शहर की विभिन्न कॉलोनियों के हर घर में ट्रायल के तौर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिन्हें कुछ दिनों बाद रिचार्ज कराना होगा। बकाया बिजली बिल भुगतान की समस्या से निजात पाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। रिचार्ज पर खर्च किए गए बजट की जानकारी ग्राहकों को हर हफ्ते एसएमएस के जरिए भेजी जाएगी। वहीं, जब रिचार्ज खत्म होने वाला होगा तो इसका अलर्ट हफ्ते में तीन बार दिया जाएगा। ग्राहकों को अब सालाना सिक्योरिटी डिपॉजिट से भी छूट मिलेगी।

पुराणी बस्ती में 2 गुटों में जमकर मारपीट, चाकू भी चले, 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में बुधवार की रात चाकूबाजी हुई है। मारपीट और हमले में दोनों पक्षों के 3 से 4 युवक घायल हुए हैं। कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के संजय नगर के मदनी चौक का है।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया कि, आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। पहले से युवकों का पुराना विवाद था। इस मामले में एक आरोपी के पास से चाकू बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ आम्र्स एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। बाकी 4 आरोपियों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है।

नशे के कारोबार की लड़ाई

जानकारी के मुताबिक, यह पूरा विवाद नशे के कारोबार को लेकर है। दोनों गुटों के लोग नशे के कारोबार से जुड़े हुए है। अवैध तरीके से क्षेत्र में कारोबार करते हैं।

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखवार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021